Adda247

# THE HINDU REVIEW

## सितम्बर 2022



# Contents

The Most Important Current Affairs September 2022 .......... 3
Banking and Financial Current Affairs .......... 12
Economy Current Affairs .......... 13
Business Current Affairs .......... 14
International Current Affairs .......... 15
National Current Affairs .......... 17
States Current Affairs .......... 19
Schemes/Committees .......... 21
Agreement/Memorandum of Understanding (MoU) .......... 22
Appointments/Resignations (National & International) .......... 23
Ranks and Reports .......... 26
Sports Current Affairs .......... 27
Summits And Conferences .......... 30
Awards & Recognition .......... 31
Important Days .......... 32
Defence Current Affairs .......... 35
Science and Technology .......... 36
Books & Authors .......... 37
Miscellaneous Current Affairs .......... 37
Obituaries .......... 39
Static Takeaways .......... 40
मौद्रिक नीति के संक्षिप्त रूप: .......... 44
भारत में राज्यवार महत्वपूर्ण वन्यजीव अभयारण्यों की सूची .......... 46

# The Most Important Current Affairs September 2022

## 52वें दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित होंगी आशा पारेख

दिग्गज अभिनेत्री आशा पारेख को साल 2022 में दादा साहब फाल्के अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अभिनेत्री की जन्मदिन से कुछ दिन पहले इस बात का घोषणा किया है। अपने समय में फिल्मी पर्दे पर राज करने वाली आशा पारेख सबसे अधिक भुगतान पाने वाली अभिनेत्री थीं। बता दें कि 1992 में, उन्हें सिनेमा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।

**आशा पारेख के बारे में**

- बता दें कि आशा पारेख का जन्म 02 अक्टूबर 1942 को गुजरात के एक मध्यम वर्गीय परिवार में हुआ था। आशा पारेख ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर फिल्म 'आसमान' से साल 1952 से की थी। बतौर एक्ट्रेस आशा पारेख की पहली फिल्म थी 'दिल देके देखो', जो बेहद सफल हुई थी।
- लगभग 80 फिल्मों में बतौर एक्ट्रेस काम कर चुकीं आशा पारेख की सभी फिल्में बेहद पसंद की गई। जिनमें 'जब प्यार किसी से होता है', 'घराना', 'भरोसा', 'मेरे सनम', 'तीसरी मंजिल', 'दो बदन', 'उपकार', 'शिकार', 'साजन', 'आन मिलो सजना' प्रमुख है।
- टेलीविजन धारावाहिकों का निर्देशन और निर्माण करने के लिए उन्होंने साल 1995 में अभिनय से रिटायरमेंट ले लिया। पारेख को 2002 में फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट अवाॅर्ड मिला। उन्हें फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (FICCI) से लिविंग लीजेंड अवाॅर्ड भी मिल चुका है।

**दादा साहब फाल्के पुरस्कार के बारे में:**

दादा साहब फाल्के पुरस्कार भारतीय सिनेमा का सर्वोच्च सम्मान है। यह पुरस्कार साल 1969 में स्थापित किया गया था। यह पुरस्कार भारतीय सिनेमा में एक कलाकार के लिए सर्वोच्च सम्मान है। पिछले प्राप्तकर्ताओं में राज कपूर, यश चोपड़ा, लता मंगेशकर, मृणाल सेन, अमिताभ बच्चन और विनोद खन्ना शामिल हैं। देविका रानी पहली विजेता थीं जबकि अभिनेता रजनीकांत 2021 में प्रतिष्ठित सम्मान के सबसे हालिया विजेता हैं।

## रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान देश के अगले CDS नियुक्त

केंद्र सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान (सेवानिवृत्त) को अगले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) के रूप में नियुक्त किया है। लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान सैन्य मामलों के विभाग के सचिव के रूप में भी कार्य करेंगे। पिछले साल हेलिकॉप्टर हादसे में जनरल बिपिन रावत के निधन के बाद से ही यह पोस्ट खाली पड़ी थी। जिसके बाद अब करीब 10 महीने बाद सरकार ने अगले सीडीएस की नियुक्ती की है। बिपिन रावत देश के पहले सीडीएस भी थे।

रक्षा मंत्रालय की तरफ से बुधवार को जारी आदेश में कहा गया है कि भारत सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान (सेवानिवृत्त) को अगले चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) के रूप में नियुक्त किया। वे भारत सरकार में सैन्य मामलों के विभाग के सचिव के रूप में भी कार्य करेंगे।

**हेलिकॉप्टर हादसा कब हुआ था?**

गौरतलब है कि बीते वर्ष 8 दिसंबर को सीडीएस बिपिन रावत, उनकी पत्नी मधुलिका रावत और 12 अन्य सेना के जवान सुलूर एयरबेस से वेलिंगटन एयरबेस के लिए हेलिकॉप्टर में सवार हुए थे। हेलिकॉप्टर के अपने गंतव्य तक पहुंचने के कुछ मिनट पहले सुलूर एयरबेस कंट्रोल रूम का हेलिकॉप्टर से संपर्क टूट गया था और विमान हादसे का शिकार हो गया था। जनरल बिपिन रावत के निधन के बाद से यह पद खाली था।

**लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान के बारे में**

- अनिल चौहान का 18 मई 1961 को जन्म हुआ था। अनिल चौहान का सेना में लगभग 40 वर्षों से ज्यादा का करियर रहा है। लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान कई कमांड की बागडोर हाथ में रख चुके हैं। जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर में आतंकवाद विरोधी अभियानों में उनका व्यापक अनुभव है।
- लेफ्टिनेंट जनरल चौहान 1981 से 2021 तक सेना में महत्वपूर्ण पदों पर रहे। वे 40 साल की शानदार सेवा के बाद सेना की पूर्वी कमान के प्रमुख (जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ) के पद से 31 मई 2021 को सेवानिवृत हुए थे।
- लेफ्टिनेंट जनरल चौहान के पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ रहने के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्र में उग्रवाद में बड़ी कमी आई थी। पूर्वी कमान ने उनके नेतृत्व में भारत-चीन सीमा पर राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने में अपना साहस दिखाया।
- लेफ्टिनेंट जनरल चौहान मूल रूप से उत्तराखंड के रहने वाले हैं। इन्हें साल 1981 में सेना की 11 गोरखा राइफल्स में कमीशन दिया गया था। मेजर जनरल के रैंक में चौधरी ने उत्तरी कमान में महत्वपूर्ण बारामुला सेक्टर में एक इन्फेंट्री डिवीजन की कमान संभाली थी।
- पूर्वी कमान की जिम्मेदारी संभालने से पहले लेफ्टिनेंट जनरल चौहान नई दिल्ली में सैन्य अभियान के महानिदेशक (डीजीएमओ) के तौर पर नियुक्त रहे।
- बतौर डीजीएमओ उन्होंने 'ऑपरेशन सनराइज' में मुख्य रणनीतिकार की भूमिका निभाई थी। इस ऑपरेशन में भारतीय सेना ने म्यांमार की फौज के साथ मिलकर सीमाओं के पास उग्रवादियों के खिलाफ उक्त ऑपरेशन चलाया था।
- सेना के टॉप कमांडरों में शुमार लेफ्टिनेंट जनरल चौहान पाकिस्तान के खिलाफ बालाकोट में अंजाम दी गई सर्जिकल स्ट्राइक की योजना से भी जुड़े थे।

**लेफ्टिनेंट जनरल चौहान: पुरस्कार**

लेफ्टिनेंट जनरल चौहान को उत्तम युद्ध सेवा मेडल, परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल, सेना मेडल, विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया जा चुका है।

## वरिष्ठ अधिवक्ता आर वेंकटरमणी बने भारत के नए अटॉर्नी जनरल

वरिष्ठ अधिवक्ता आर वेंकटरमणि को तीन साल की अवधि के लिए भारत के नए अटॉर्नी जनरल के रूप में नियुक्त किया गया। मौजूदा अटॉर्नी जनरल का कार्यकाल जल्द खत्म हो रहा है। मुकुल रोहतगी ने भी हाल ही में यह पद लेने का सरकार का प्रस्ताव ठुकरा दिया था। इसके बाद अब इस पद पर आर वेंकटरमणि को नियुक्त किया गया है।

वेणुगोपाल का कार्यकाल 30 सितंबर को समाप्त हो रहा है। उन्होंने पांच साल तक केंद्र के शीर्ष कानून अधिकारी के रूप में कार्य किया। इस साल जून के अंत में, एजी वेणुगोपाल का कार्यकाल तीन महीने के लिए बढ़ा दिया गया था। यह एक्सटेंशन 30 सितंबर को समाप्त होने वाला है। बता दें कि वरिष्ठ अधिवक्ता मकुल रोहतगी ने अटॉर्नी जनरल के रूप में लौटने के सरकार के प्रस्ताव को ठुकरा दिया था। रोहतगी ने जून 2017 में अटॉर्नी जनरल के रूप में पद छोड़ दिया था।

**क्या होता है अटॉर्नी जनरल का पद?**

अटॉर्नी जनरल केंद्र सरकार के लिए देश के सबसे शीर्ष कानून अधिकारी और मुख्य कानूनी सलाहकार होता है जो सुप्रीम कोर्ट में महत्वपूर्ण मामलों में केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व करता है। अटॉर्नी जनरल सरकार का प्रथम विधि अधिकारी होता है।

## ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स 2022: भारत 40वें स्थान पर

ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स 2022 में भारत 40वें स्थान पर पहुंच गया है। यह साल 2015 में 81वें स्थान पर था। इंडेक्स से पता चलता है कि स्टार्टअप के लिए बेहतर माहौल तैयार करने और नवाचार को बढ़ावा देने में भारत लगातार सुधार कर रहा है। इससे पहले विश्व बौद्धिक संपदा संगठन की पिछली रिपोर्ट में वैश्विक नवाचार सूचकांक (जीआईआई) में भारत ने दो पायदान की छलांग लगाई थी। साल 2021 में भारत 46वें स्थान पर था।

संगठन के मुताबिक, भारत की रैंकिंग 2015 के बाद से ही तेज रफ्तार से बढ़ रही है। साल 2015 में जहां भारत का जीआईआई 81 था, वहीं 2022 में यह 40वें पायदान पर पहुंच गया है। यह सुधार स्टार्टअप के लिए अनुकूल माहौल बनाने सरकारी व निजी संगठनों की ओर से शोध पर जोर दिए जाने से आया है। इसका मूल उद्देश्य नए विचारों और तकनीकों को सामाजिक व आर्थिक चुनौतियों एवं बदलावों में शामिल करना है।

**ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स 2022: शीर्ष 10 सबसे नवीन अर्थव्यवस्थाओं की सूची**

| Ranking | Country |
|---|---|
| 1 | स्विट्ज़रलैंड |
| 2 | संयुक्त राज्य अमेरिका |
| 3 | स्वीडन |
| 4 | यूनाइटेड किंगडम |
| 5 | नीदरलैंड |
| 6 | कोरिया गणराज्य |
| 7 | सिंगापुर |
| 8 | जर्मनी |
| 9 | फिनलैंड |
| 10 | डेनमार्क |

## RBI मौद्रिक नीति: RBI ने रेपो दर 50 बीपीएस बढ़ाकर 5.9% की

भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने रेपो रेट 50 बेसिस पॉइंट बढ़ाया। जिसके बाद यह तीन साल के उच्च स्तर 5.9 प्रतिशत पर पहुंच गया है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने 30 सितंबर 2022 को घोषणा की कि केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति समिति (MPC) ने रेपो रेट को 50 आधार अंक (bps) बढ़ाकर तीन साल के उच्च स्तर 5.9 प्रतिशत कर दिया है। गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि यह बदलाव तुरंत प्रभाव से लागू होंगे।

**मुख्य बिंदु**

- आरबीआई द्वारा इस साल ब्याज दरों में की गई यह चौथी वृद्धि है। इससे पहले अगस्त 2022 में रेपो रेट में 50 आधार अंकों की बढ़ोतरी की गई थी और ब्याज दरों को 4.90 फीसदी से बढ़ाकर 5.40 फीसदी कर दिया गया था। मई 2022 से अब तक रेपो रेट में 1.90 फीसदी की बढ़ोतरी की जा चुकी है।
- RBI गवर्नर ने कहा कि मुद्रास्फीति 7 प्रतिशत के आसपास है और वर्ष की दूसरी छमाही में इसके 6 प्रतिशत के आसपास रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, "मुद्रास्फीति दर 6.7 फीसदी रहने का अनुमान है।
- शक्तिकांत दास ने कहा कि पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पादन में सालाना आधार पर 13.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।



**रेपो रेट क्या होता है?**

यहां चर्चा कर दें कि रेपो दर का सीधा संबंध बैंक से लिए जाने वाले लोन से है। रेपो रेट वह दर होती है जिस पर आरबीआई (RBI) बैंकों को कर्ज देने का काम करता है।

**लोगों पर असर**

रेपो रेट में बढ़ोतरी का असर लोगों पर पड़ेगा और कर्ज महंगा हो जाएगा। ऐसा इसलिए क्योंकि बैंकों की बोरोइंग कॉस्ट बढ़ेगा। इसके बाद बैंक अपने ग्राहकों पर इसका बोझ डालने का काम करेंगे। होम लोन पर इसका असर तो पड़ेगा ही, साथ ही ऑटो लोन और अन्य लोन भी महंगे हो जाएंगे।

## कुमार सानू, शैलेंद्र सिंह और आनंद-मिलिंद मिला लता मंगेशकर सम्मान

पार्श्व गायक कुमार सानू, शैलेंद्र सिंह और संगीतकार आनंद-मिलिंद को राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान से नवाजा गया है। मध्यप्रदेश सरकार की तरफ से स्वर कोकिला लता मंगेशकर की जयंती पर इंदौर में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें यह सम्मान दिया गया। प्रदेश सरकार ने कोरोना काल के कारण तीन साल के अंतराल में यह कार्यक्रम आयोजित किया।

राज्य की संस्कृति मंत्री उषा ठाकुर ने शैलेंद्र सिंह को साल 2019, आनंद-मिलिंद को साल 2020 और कुमार सानू को साल 2021 के लिए राष्ट्रीय लता मंगेशकर सम्मान प्रदान किया। साल 1984 में मध्यप्रदेश सरकार की तरफ से संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्टता, दीर्घ साधना एवं श्रेष्ठ उपलब्धि को सम्मानित करने के उद्देश्य से इसकी शुरुआत की गई थी। यह समारोह एक वार्षिक कार्यक्रम है जो 'भारत की स्वर कोकिला' लता मंगेशकर के सम्मान में आयोजित किया जाता है।

## गणित में निर्णायक पुरस्कार 2023 डेनियल स्पीलमैन को प्रदान किया गया

"ऑस्कर ऑफ़ साइंस " कहे जाने वाले ब्रेकथ्रू पुरस्कारों के 2023 के विजेताओं की घोषणा सितंबर 2022 में की गई।

विजेताओं में डेनियल स्पीलमैन ( गणित ), चार्ल्स बेनेट , गाइल्स ब्रासर्ड , डेविड डिक्शन और पीटर शोर ( मौलिक भौतिकी ) और क्लिफोर्ड ब्रैंगविन और एंथोनी हाइमन ( जीवन विज्ञान ) के नाम शामिल हैं । डेनियल स्पीलमैन को सैद्धांतिक कंप्यूटर विज्ञान और गणित में कई खोजों के लिए गणित में 2023 ब्रेकथ्रू पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

**सभी 2023 पुरस्कार विजेताओं के लिए पूर्ण उद्धरण नीचे देखे जा सकते हैं:**

**जीवन विज्ञान में 2023 निर्णायक पुरस्कार**

- **क्लिफोर्ड पी. ब्रैंगविन**, प्रिंसटन यूनिवर्सिटी, हॉवर्ड ह्यूजेस मेडिकल इंस्टीट्यूट और समुद्री जैविक प्रयोगशाला
- **एंथोनी ए. हाइमन**, मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट ऑफ मॉलिक्यूलर सेल बायोलॉजी एंड जेनेटिक्स
  (प्रोटीन और आरएनए के झिल्ली रहित तरल बूंदों में चरण पृथक्करण द्वारा मध्यस्थता वाले सेलुलर संगठन के एक मौलिक तंत्र की खोज के लिए।)
- **डेमिस हसबिस**, दीपमाइंड
- **जॉन जम्पर**, डीपमाइंड
  (एक गहरी सीखने वाली एआई विधि विकसित करने के लिए जो उनके अमीनो एसिड अनुक्रम से प्रोटीन की त्रि-आयामी संरचना की तेजी से और सटीक भविष्यवाणी करती है।)
- **इमैनुएल मिग्नॉट**, स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन
- **मसाशी यानागिसावा**, त्सुकुबा विश्वविद्यालय
  (यह पता लगाने के लिए कि नार्कोलेप्सी मस्तिष्क की कोशिकाओं की एक छोटी आबादी के नुकसान के कारण होती है जो नींद को बढ़ावा देने वाले पदार्थ बनाती है, जिससे नींद संबंधी विकारों के लिए नए उपचारों के विकास का मार्ग प्रशस्त होता है।)

**मौलिक भौतिकी में 2023 निर्णायक पुरस्कार:**

- **चार्ल्स एच. बेनेट**, आईबीएम थॉमस जे. वाटसन रिसर्च सेंटर
- **गाइल्स ब्रासर्ड**, यूनिवर्सिटी डे मॉन्ट्रियल
- **डेविड ड्यूश**, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी
- **पीटर डब्ल्यू शोर**, एमआईटी
  (क्वांटम सूचना के क्षेत्र में आधारभूत कार्य के लिए।)

**2023 गणित में निर्णायक पुरस्कार**

- **डैनियल ए स्पीलमैन**, येल विश्वविद्यालय
  (स्पेक्ट्रल ग्राफ सिद्धांत, कैडिसन-सिंगर समस्या, संख्यात्मक रैखिक बीजगणित, अनुकूलन और कोडिंग सिद्धांत सहित सैद्धांतिक कंप्यूटर विज्ञान और गणित में सफलता योगदान के लिए।)

**2023 भौतिकी पुरस्कार में नए क्षितिज**

- **डेविड सीमन्स-डफिन**, कैलटेक
  (तरल-वाष्प महत्वपूर्ण बिंदु और सुपरफ्लुइड चरण संक्रमण का वर्णन करने वाले लोगों सहित, अनुरूप क्षेत्र सिद्धांतों का अध्ययन करने के लिए विश्लेषणात्मक और संख्यात्मक तकनीकों के विकास के लिए।)
- **अन्ना ग्रासेलिनो**, फर्मिलाबा
  (त्वरक भौतिकी से लेकर क्वांटम उपकरणों तक के अनुप्रयोगों के साथ, नाइओबियम सुपरकंडक्टिंग रेडियो-फ्रीक्वेंसी गुहाओं में प्रमुख प्रदर्शन संवर्द्धन की खोज के लिए।)
- **हेंस बर्नियन**, शिकागो विश्वविद्यालय
- **मैनुअल एंड्रेस**, Caltech
- **एडम एम. कॉफमैन**, जिला, राष्ट्रीय मानक और प्रौद्योगिकी संस्थान और कोलोराडो विश्वविद्यालय
- **कांग-कुएन नी**, हार्वर्ड विश्वविद्यालय
- **हेंस पिचलर**, इंसब्रुक विश्वविद्यालय और ऑस्ट्रियन एकेडमी ऑफ साइंसेज
- **जेफ थॉम्पसन**, प्रिंसटन विश्वविद्यालय
  (क्वांटम सूचना विज्ञान, मेट्रोलॉजी और आणविक भौतिकी में अनुप्रयोगों के लिए व्यक्तिगत परमाणुओं के नियंत्रण का एहसास करने के लिए ऑप्टिकल ट्वीजर सरणियों के विकास के लिए।)

**2023 गणित पुरस्कार में नए क्षितिज**

- **एना कैरयानी**, इंपीरियल कॉलेज लंदन और बॉन विश्वविद्यालय (लैंगलैंड्स कार्यक्रम में विविध परिवर्तनकारी योगदान के लिए, और विशेष रूप से शिमुरा किस्मों और इसके अनुप्रयोगों के लिए हॉज-टेट अवधि मानचित्र पर पीटर स्कोल्ज़ के साथ काम करने के लिए।
- **रोनेन एल्डन**, वीज़मैन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस और माइक्रोसॉफ्ट रिसर्च
(स्टोकेस्टिक स्थानीयकरण पद्धति के निर्माण के लिए, जिसने उच्च-आयामी ज्यामिति और संभाव्यता में कई खुली समस्याओं में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिसमें जीन बोर्गेन की टुकड़ा करने की समस्या और केएलएस अनुमान शामिल हैं।)
- **जेम्स मेनार्ड**, ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय और उन्नत अध्ययन संस्थान (विश्लेषणात्मक संख्या सिद्धांत में कई योगदानों के लिए, और विशेष रूप से अभाज्य संख्याओं के वितरण के लिए।)

**2023 मरियम मिर्जाखानी न्यू फ्रंटियर्स पुरस्कार**

- **मैगी मिलर**, स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और क्ले मैथमैटिक्स इंस्टीट्यूट (पीएचडी प्रिंसटन यूनिवर्सिटी 2020) (4-आयामी मैनिफोल्ड में फाइबरयुक्त रिबन नॉट्स और सतहों पर काम के लिए।)
- **जिनयॉन्ग पार्क**, स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी (पीएचडी रटगर्स यूनिवर्सिटी 2020) (थ्रेसहोल्ड और चयनकर्ता प्रक्रियाओं पर कई प्रमुख अनुमानों के समाधान में योगदान के लिए।)
- **वेरा ट्रब**, बॉन विश्वविद्यालय (बॉन 2020 के पीएचडी विश्वविद्यालय)

## पीएम मोदी ने नौसेना को सौंपा आईएनएस विक्रांत

भारतीय नौसेना में पहला स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत (INS Vikrant) शामिल हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक कार्यक्रम में इसे देश को समर्पित कर दिया। कोचीन शिपयार्ड पर तैयार किए गए इस विमान वाहक पोत के निर्माण में 20,000 करोड़ रुपये की लागत आई है। इस पोत के आधिकारिक तौर पर शामिल होने से नौसेना की ताकत दोगुनी हो जाएगी।

INS विक्रांत के नौसेना में शामिल होने के मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा, इंडियन नेवी ने अपनी सभी शाखाओं को महिलाओं के लिए खोलने का फैसला किया है। जो पाबन्दियाँ थीं वो अब हट रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, विक्रांत विशाल है, विराट है, विहंगम है। विक्रांत विशिष्ट है, विक्रांत विशेष भी है। ये 21वीं सदी के भारत के परिश्रम, प्रतिभा, प्रभाव और प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

**आईएनएस विक्रांत**

- भारतीय नौसेना के इन-हाउस वॉरशिप डिज़ाइन ब्यूरो (WDB) द्वारा डिज़ाइन किया गया और कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा निर्मित, पोर्ट, शिपिंग और जलमार्ग मंत्रालय के तहत एक सार्वजनिक क्षेत्र का शिपयार्ड, विक्रांत को अत्याधुनिक ऑटोमेशन सुविधाओं के साथ बनाया गया है और भारत के समुद्री इतिहास में निर्मित यह अब तक का सबसे बड़ा जहाज है।
- इसमें बड़ी मात्रा में स्वदेशी उपकरण और मशीनरी हैं, जिसमें देश के प्रमुख औद्योगिक घरानों के साथ-साथ 100 से अधिक एमएसएमई शामिल हैं। विक्रांत के चालू होने के साथ, भारत के पास दो ऑपरेशनल एयरक्राफ्ट कैरियर होंगे, जो देश की समुद्री सुरक्षा को मजबूत करेंगे।
- भारतीय नौसेना के अनुसार, 262 मीटर लंबे वाहक का पूर्ण विस्थापन लगभग 45,000 टन है जो कि उसके पूर्ववर्ती की तुलना में बहुत बड़ा और अधिक उन्नत है। विक्रांत के साथ, भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल हो गया है, जिनके पास स्वदेशी रूप से विमानवाहक पोत के डिजाइन और निर्माण की विशिष्ट क्षमता है।
- आईएसी विक्रांत में 2,300 डिब्बों के साथ 14 डेक हैं जो लगभग 1,500 समुद्री योद्धाओं को ले जा सकते हैं और भोजन की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, जहाज की रसोई में लगभग 10,000 चपाती या रोटियां बनाई जाती हैं, जिसे जहाज की गली कहा जाता है।

## 64वें रेमन मैग्सेसे पुरस्कार 2022 की घोषणा

रेमन मैग्सेसे पुरस्कार 2022 का घोषणा कर दिया गया है। इस साल का रेमन मैग्सेसे पुरस्कार कंबोडियाई मनोचिकित्सक सोथियारा छिम और जापानी नेत्र रोग विशेषज्ञ तदाशी हतोरी, फिलीपीन के बाल रोग विशेषज्ञ बर्नाडेट मैड्रिड और फ्रांसीसी पर्यावरण कार्यकर्ता गैरी बेनचेघि को दिया जाएगा।

**इन्हें दिया जायेगा पुरस्कार**

**कंबोडियाई मनोचिकित्सक सोथियारा छिम:** सोथियारा छिम ने खमेर रूज के शासन में सताए गए पीड़ितों का इलाज करने में काफी नाम कमाया है। उनके इस काम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी सराहना भी मिली है।

**जापानी नेत्र रोग विशेषज्ञ तदाशी हतोरी:** जापानी नेत्र रोग विशेषज्ञ तदाशी हतोरी ने वियतनाम में हजारों ग्रामीणों का इलाज किया है। इनमें से अधिकतर लोग वियतनाम युद्ध के दौरान हुई बमबारी के कारण आंखों की समस्या से जूझ रहे थे।

**फिलीपीन के बाल रोग विशेषज्ञ बर्नाडेट मैड्रिड:** यह पुरस्कार पाने वाले अन्य लोगों में फिलीपीन के बाल रोग विशेषज्ञ बर्नाडेट मैड्रिड भी शामिल हैं, जिन्होंने हजारों प्रताड़ित बच्चों और उनके परिवारों को चिकित्सा, कानूनी और सामाजिक सहायता प्रदान की है।

**फ्रांसीसी पर्यावरण कार्यकर्ता गैरी बेनचेघि:** फ्रांसीसी पर्यावरण कार्यकर्ता गैरी बेनचेघिब हैं जिन्होंने इंडोनेशियाई नदियों में प्लास्टिक प्रदूषण को साफ करने के लिए प्रयास किये हैं।

**रेमन मैग्सेसे पुरस्कार 2021 में इन्हें मिला था**

साल 2021 में रेमन मैग्सेसे पुरस्कार पांच लोगों को दिया गया था। इसमें बांग्लादेश की वैक्सीन विज्ञानी डॉ फिरदौसी कादरी और पाकिस्तान के माइक्रो फाइनेंसर मुहम्मद अमजद साकिब शामिल थे। इनके अलावा पुरस्कार विजेताओं में फिलीपींस के पर्यावरणविद राबर्टो बैलन, मानवीय कार्यों के लिए अमेरिका के स्टीवन मुन्सी और खोजी पत्रकारिता के लिए इंडोनेशिया के वाचडॉक शामिल थे।

**मनीला में दिया जाएगा पुरस्कार**

वार्षिक पुरस्कारों का नाम फिलीपीन के एक राष्ट्रपति के नाम पर रखा गया है, जिनकी 1957 में विमान दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। यह पुरस्कार उन लोगों को दिया जाता है जिन्होंने एशिया के लोगों की निस्वार्थ सेवा की है। मनीला में 30 नवम्बर को ये पुरस्कार प्रदान किये जायेंगे।

**रेमन मैग्सेसे पुरस्कार**

रेमन मैग्सेसे को एशिया का नोबेल पुरस्कार भी कहा जाता है। विनोबा भावे प्रथम भारतीय थे, जिन्हें पहली बार रेमन मैग्सेसे पुरस्कार दिया गया था।

## राष्ट्रीय शिक्षक दिवस 2022: महत्व और इतिहास

भारत में 'शिक्षक दिवस' प्रत्येक वर्ष 5 सितम्बर को मनाया जाता है। शिक्षक का समाज में आदरणीय और सम्माननीय स्थान होता है। भारत हर साल डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को उनके योगदान और उपलब्धियों को श्रद्धांजलि के रूप में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्कुल से लेकर कॉलेजों तक छात्र-छात्राएं बड़े ही धुमधाम से उनकी जयंती मनाते हैं। इस दिन छात्र अपने शिक्षकों का सम्मान करते हैं।

**इस दिन का इतिहास:**

साल 1962 में डॉ. राधाकृष्णन स्वतंत्र भारत के दूसरे राष्ट्रपति बने। इस दिन को मनाने का मुख्य महत्व यह है कि डॉ राधाकृष्णन के छात्रों ने उनके जन्मदिन को एक विशेष दिन के रूप में मनाने की अनुमति देने के लिए उनसे संपर्क किया। वह उस सम्मान से हैरान और खुश थे जो छात्रों द्वारा उनके शिक्षक न होने के बाद भी उन्हें दिया जाता है।

**डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन**

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर, 1888 को ब्रिटिश भारत की तत्कालीन मद्रास प्रेसीडेंसी (अब तमिलनाडु में) में हुआ था। वे भारतीय दार्शनिक और राजनेता थे और 20वीं शताब्दी में भारत में तुलनात्मक धर्म और दर्शन के क्षेत्र में सबसे प्रसिद्ध विद्वानों में से एक थे।

डॉ राधाकृष्णन 1949 से 1952 तक सोवियत सोशलिस्ट रिपब्लिक (USSR) के राजदूत थे और 1952 से भारत के उपराष्ट्रपति बने और 1962 में उन्हें भारत के दूसरे राष्ट्रपति के रूप में चुना गया। वे राजनीतिज्ञ सी. राजगोपालाचारी, वैज्ञानिक सी.वी. रमन के साथ भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न के पहले प्राप्तकर्ता थे। उन्हें ब्रिटिश रॉयल ऑर्डर ऑफ मेरिट (1963) से भी सम्मानित किया गया था।

## संयुक्त राष्ट्र के मानव विकास सूचकांक में भारत का 132 वां स्थान

मानव विकास सूचकांक (एचडीआइ) के मामले में भारत 2021 में 191 देशों की सूची में 132 वें स्थान पर रहा। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) द्वारा जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत का एचडीआइ मान 0.633 है। साल 2020 में भारत 0.645 एचडीआइ मान के साथ 131वें स्थान पर रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक इसके लिए जीवन प्रत्याशा में गिरावट को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। भारत में जीवन प्रत्याशा 69.7 से घटकर 67.2 वर्ष हो गई है।

**मानव विकास सूचकांक 2021 : सूची में शीर्ष और महत्वपूर्ण देश**

| HDI rank | Country | HDI Value 2021 |
|---|---|---|
| **1** | **स्विट्ज़रलैंड** | **0.962** |
| **2** | **नॉर्वे** | **0.961** |
| **3** | **आइसलैंड** | **0.959** |
| 4 | हांगकांग, चीन (एसएआर) | 0.952 |
| 5 | ऑस्ट्रेलिया | 0.951 |
| 6 | डेनमार्क | 0.948 |
| 7 | स्वीडन | 0.947 |
| 8 | आयरलैंड | 0.945 |
| 9 | जर्मनी | 0.942 |
| 10 | नीदरलैंड | 0.941 |
| 18 | यूनाइटेड किंगडम | 0.929 |
| 19 | जापान | 0.925 |
| **21** | **संयुक्त राज्य अमेरिका** | **0.921** |
| 79 | चीन | 0.768 |
| **132** | **भारत** | **0.633** |

**एशियाई देश:**

भारत के पड़ोसियों में श्रीलंका (73वां), चीन (79वां), बांग्लादेश (129वां), और भूटान (127वां) भारत से ऊपर है, जबकि पाकिस्तान (161वां), नेपाल (143वां) और म्यांमार (149वां) की स्थिति बदतर है। रिपोर्ट में कहा गया है कि लगभग 90 प्रतिशत देशों ने 2020 या 2021 में अपने एचडीआई मूल्य में गिरावट दर्ज की है।

**मुख्य बिंदु**

- रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में मानव विकास लगातार दो सालों में घटा है,इससे पिछले पांच सालों में हुई प्रगति प्रभावित हुई है।
- हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि मानव विकास सूचकांक में भारत की गिरावट विश्व के अन्य देशों की भांति ही है। इससे पता चलता है कि दुनिया भर के तमाम देशों में मानव विकास में पिछले 32 सालों में पहली बार जोरदार गिरावट आई है।
- यूएनडीपी की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, मानव विकास सूचकांक की हालिया गिरावट में बड़ा योगदान जीवन प्रत्याशा में वैश्विक गिरावट का भी है। जीवन प्रत्याशा में गिरावट, साल 2019 में 72.8 साल से घटकर 2021 में 71.4 साल हो गई है।

- यूएनडीपी की रिपोर्ट के मुताबिक, रूस-यूक्रेन जंग, कोरोना महामारी आदि संकटों के असर ने विश्व के अन्य देशों की भांति ही भारत के विकास पथ को भी प्रभावित किया है।

## Fortune India Rich List 2022: गौतम अडानी भारत के सबसे अमीर आदमी

फॉर्च्यून इंडिया की 2022 के लिए 'भारत के सबसे अमीर' की सूची के अनुसार, भारत में स्थित 142 अरबपतियों की संपत्ति सामूहिक रूप से 832 बिलियन अमरीकी डालर (66.36 ट्रिलियन रुपये) है। संपत्ति प्रबंधन फर्म वाटरफील्ड एडवाइजर्स के सहयोग से बनाई गई पहली सूची मुख्य रूप से सूचीबद्ध फर्मों के उद्यमियों की संपत्ति पर आधारित है।

**फॉर्च्यून इंडिया रिच लिस्ट 2022: प्रमुख बिंदु**

फोर्ब्स की रीयलटाइम अरबपतियों की सूची के अनुसार, एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति गौतम अदानी ने दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति बनने के लिए अमेज़ॅन के संस्थापक जेफ बेजोस को पीछे छोड़ दिया है। वह 129.16 बिलियन अमरीकी डालर (10.29 ट्रिलियन रुपये) की कुल संपत्ति के साथ भारत के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए। इस बीच, रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की कुल संपत्ति 94 बिलियन अमेरिकी डॉलर है, जो दुनिया के 8वें सबसे अमीर और भारत के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं।

**फॉर्च्यून इंडिया रिच लिस्ट 2022: भारत के दस सबसे अमीर**

| Rank | Name | $Billion |
|---|---|---|
| 1 | गौतम अडानी | 129.16 |
| 2 | मुकेश अंबानी | 94.57 |
| 3 | शापूर मिस्त्री और साइरस मिस्त्री परिवार | 32.35 |
| 4 | राधाकिशन दमानी | 27.53 |
| 5 | अजीम प्रेमजी | 21.94 |
| 6 | साइरस एस पूनावाला | 20.42 |
| 7 | शिव नादर | 19.73 |
| 8 | कुमार मंगलम बिरला | 19.25 |
| 9 | आदि गोदरेज परिवार | 17.60 |
| 10 | शेखर बजाज, नीरज बजाज, राजीव बजाज और संजीव बजाज | 15.21 |

## यूएस ओपन 2022 का समापन: विजेताओं की पूरी सूची

पुरुषों की श्रेणी में, स्पेनिश खिलाड़ी सी. अलकाराज़ गार्सिया ने सी. रुड को हराकर अपनी पहली ग्रैंड स्लैम ट्रॉफी जीत ली है, जो केवल 19 साल की उम्र में दुनिया के नंबर 1 पर पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। यह कार्यक्रम न्यूयॉर्क के आर्थर ऐश स्टेडियम में आयोजित किया गया था। महिला वर्ग में, पोलैंड की टेनिस खिलाड़ी आई. स्वीटेक ने ओ. जाबेउर को हराकर 2022 यूएस ओपन महिला एकल का फाइनल खिताब जीता।

**यहां विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं की पूरी सूची दी गई है:**

| S. No. | Category | Winner | Runner Up |
|---|---|---|---|
| 1. | पुरुष एकल | सी. अलकराज गार्फिया | सी. रूडो |
| 2. | महिला एकल | आई. स्वीटेक | ओं. जबेउर |
| 3. | पुरुष युगल | आर. राम और जे. सैलिसबरी | डब्ल्यू. कूलहोफ़ और एन. स्कूप्स्की |
| 4. | महिला युगल | के. सिनियाकोवा और बी. क्रेजिकोवस | सी मैकनली & टी टाउनसेंड |
| 5. | मिश्रित युगल | एस. सैंडर्स और जे. पीयर्स | के. फ्लिपकेन्स & रॉजर-वेसेलिन |

**यूएस ओपन के बारे में:**

यह वर्ष की आखिरी ग्रैंड स्लैम टैनिस प्रतियोगिता है जो अमेरिका में न्यूयॉर्क शहर आयोजित की जाती है। पहली बार यह प्रतियोगिता संयुक्त राज्य अमेरिका में 1881 में अगस्त के महीने में न्यूपोर्ट में खेली गई। इसका आयोजन 1918 तक न्यूपोर्ट में ही हुआ। चेलेंज़ राउन्ड 1911 में हटा दिया गया। अमरीकी फेडरेशन से जुड़े क्लब के सदस्य ही इस स्पर्धा में भाग ले सकते थे।

महिलाओं का एकल पहली बार 1887 में फिलाडेल्फिया में खेला गया। 1919 में इस प्रतियोगिता का स्थान बदलकर फोरेस्ट हिल वेस्ट साइड टेनिस क्लब,न्यूयॉर्क कर दिया गया। 1974 तक यह प्रतियोगिता घास पर होती थी, 1975 से 1977 के बीच में यह प्रतियोगिता क्ले कोर्ट पर हुई। 1970 में यह प्रतियोगिता ओपन हो गई। यह प्रतियोगिता टाई ब्रेक को अपनाने वाली पहली मुख्य प्रतियोगिता थी।

## SIIMA Awards 2022: विजेताओं की पूरी सूची देखें

सबसे बड़ा पुरस्कार, साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवार्ड्स 2022 (SIIMA) बेंगलुरु में आयोजित किया गया था। अल्लू अर्जुन, सिलंबरासन टीआर, पूजा हेगड़े, विजय देवरकोंडा, कमल हासन, और कई अन्य सहित दक्षिण के कई दिग्गजों ने पुरस्कार समारोह में उपस्थित हुए। तेलुगु और कन्नड़ फिल्मों के पुरस्कार विजेताओं की घोषणा 10 सितंबर को की गई, जबकि तमिल और मलयालम फिल्मों के विजेताओं की घोषणा 11 को की गई।

साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवार्ड्स 2022: ये है पूरी लिस्ट

- सर्वश्रेष्ठ फिल्म- पुष्पा
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (दर्शक) – अल्लू अर्जुन
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (आलोचक) – बालकृष्ण
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (नवोदित अभिनेता) – पंजा वैष्णव तेजो
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (दर्शकों की पसंद) – साई पल्लवीक
- बेस्ट एक्ट्रेस (डेब्युटेंट)- कृति शेट्टी
- सर्वश्रेष्ठ निर्देशक – बुचिबाबू सना
- बेस्ट सिनेमैटोग्राफर- सी. रामप्रसाद अखण्ड के लिए

- सर्वश्रेष्ठ नवोदित निर्माता पुरस्कार – सतीश वेगेस्ना (SV2 एंटरटेनमेंट)
- सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशक – पुष्पा: द राइज़ के लिए देवी श्री प्रसाद
- बेस्ट नवोदित एक्ट्रेस – उप्पेन के लिए कृति शेट्टी
- बेस्ट प्लेबैक सिंगर (फीमेल)- गीता माधुरी अखंड के गाने जय बलैया के लिए
- बेस्ट पार्श्व गायक (पुरुष) – जाति रत्नालु के चिट्टी गीत के लिए राम मिरियाला
- बेस्ट गीतकार- चंद्रबोस श्रीवल्ली के लिए पुष्पा: द राइज

**कन्नड़ सिनेमा के विजेताओं की सूची:**

- एक प्रमुख भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता – स्वर्गीय पुनीत राजकुमार (युवरत्ना) के लिए
- मुख्य भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री – माधगजा के लिए आशिका रंगनाथ
- एक प्रमुख भूमिका में बेस्ट एक्ट्रेस – क्रिटिक्स – बादामा रास्कल के लिए अमृता अयंगर
- सहायक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता – रत्नन प्रपंच के लिए प्रमोद
- सहायक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री – दृश्य 2 के लिए आरोही नारायण
- नकारात्मक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता – हीरो के लिए प्रमोद शेट्टी
- हास्य भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता – पोगरू के लिए चिक्कन्ना
- सर्वश्रेष्ठ नवोदित अभिनेता – इक्कातो के लिए नागभूषण
- सर्वश्रेष्ठ नवोदित अभिनेत्री – शरणा शेट्टी 1980 के लिए
- बेस्ट डायरेक्टर- थरुन सुधीर (रॉबर्ट) के लिए
- सर्वश्रेष्ठ नवोदित निर्देशक – शंकर गुरु बदावा रास्कली के लिए
- बेस्ट सिनेमैटोग्राफर – रॉबर्ट के लिए सुधाकर राज
- सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशक – रॉबर्ट के लिए अर्जुन जन्या
- सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका (महिला) – गरुड़ गमना वृषभ वाहना के सोजुगड़ा सूजुमल्लीगे गीत के लिए चैत्र आचार
- बेस्ट प्लेबैक सिंगर (मेल)- अरमान मलिक और थमन एस. नीनादे के लिए
- सर्वश्रेष्ठ गीतकार – वासुकी वैभव, निन्ना सनिहके के गीत नी परिचय के लिए
- स्पेशल एप्रिसिएशन अवार्ड – प्रोड्यूसर #OmkaarMovies पीरियड ड्रामा फिल्म कन्नड़ के लिए
- दक्षिण भारत में सबसे लोकप्रिय हिंदी अभिनेता – रणवीर सिंह
- यूथ आइकॉन साउथ (फीमेल) – पूजा हेगड़े
- युवा चिह्न दक्षिण (पुरुष) – विजय देवरकोंडा
- कन्नड़ सिनेमा की सनसनी 2021 – धनंजय
- मोस्ट प्रॉमिसिंग न्यूकमर (फीमेल) – श्रीलीला
- मोस्ट प्रॉमिसिंग न्यूकमर (पुरुष) – तेजा सज्जन
- प्रोडक्शन डिज़ाइन के लिए स्पेशल जूरी अवार्ड – पुष्पा के लिए रामकृष्ण और मोनिका: द राइज़, थलाइवी, और उप्पेना

## Hindi Diwas 2022: जानें 14 सितंबर को ही क्यों मनाया जाता है हिंदी दिवस?

देश में हर साल 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। हिन्दी भाषा को बढ़ावा देने के मकसद से यह दिन मनाया जाता है। हिंदी दिवस एक बार नहीं बल्कि साल में दो बार मनाया जाता है। 14 सितंबर के अलावा 10 जनवरी को विश्व हिंदी दिवस मनाया जाता है। दुनिया भर में लगभग 120 मिलियन लोग दूसरी भाषा के रूप में हिंदी बोलते हैं, और 420 मिलियन से अधिक लोग इसे अपनी मातृभाषा के रूप में बोलते हैं।

**हिंदी दिवस 2022: महत्व**

हिंदी साहित्य का सम्मान करने और हिंदी भाषा के प्रति सम्मान दिखाने के लिए इस दिन देश भर में कई सांस्कृतिक उत्सव आयोजित किए जाते हैं। हिंदी दिवस पर, मंत्रालयों, विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों, राष्ट्रीयकृत बैंकों और नागरिकों को हिंदी भाषा में उनके योगदान के लिए राजभाषा कीर्ति और राजभाषा गौरव जैसे पुरस्कार भी दिए जाते हैं।

**हिंदी दिवस 2022: इतिहास**

देवनागरी लिपि में लिखी गई इंडो-आर्यन भाषा हिंदी को 1949 में संविधान सभा द्वारा भारत की आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता दी गई थी। यह भारतीय गणराज्य की 22 आधिकारिक भाषाओं में से एक है। भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 1949 में इसकी शुरुआत की थी और हर साल 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाने का फैसला किया था।

## 74th Emmy Awards 2022: विजेताओं की पूरी सूची देखें

इंटरनेशनल अवॉर्ड्स की लिस्ट में फेमस एमी अवॉर्ड्स की घोषणा हो चुकी है। इस खास 74वें प्राइमटाइम एमी अवॉर्ड्स 2022 समारोह का अमेरिका के लॉस एंजेलिस के कैलिफोर्निया में माइक्रोसॉफ्ट थिएटर में किया गया था। इस समारोह में इंटरनेशनल सिलेब्रिटीज़ की रेड कार्पेट पर खूब धूम रही। एमी अवॉर्ड्स 2022 को केनान थॉम्पसन ने अपने शानदार अंदाज में होस्ट किया। 74वें एमी अवॉर्ड्स में सबसे अधिक नॉमिनेशन कॉमेडी ड्रामा सीरीज के हिस्से था। नेटफ्लिक्स के फेमस वेब सीरीज 'स्क्विड गेम' को बेस्ट ड्रामा सीरीज के लिए 13 नॉमिनेशन मिले थे।

**विजेताओं की पूरी सूची**

- बेस्ट एक्टर, लिमिटेड सीरीज और टीवी मूवी- Michael Keaton-Dopesick
- सपोर्टिंग एक्ट्रेस, कॉमेडी-Sheryl Lee Ralph-Abbott Elementary
- सपोर्टिंग एक्टर, कॉमेडी-Brett Goldstein-Ted Lasso
- सपोर्टिंग एक्ट्रेस, ड्रामा-Julia Garner-Ozark
- सपोर्टिंग एक्टर, ड्रामा-Matthew Macfadyen-Succession

- सपोर्टिंग एक्ट्रेस, लिमिटेड सीरीज/मूवी -Jennifer Coolidge-The White Lotus
- सपोर्टिंग एक्टर, लिमिटेड सीरीज/मूवी -Murray Bartlett-The White Lotus
- वैरायटी टॉक सीरीज -Last Week Tonight With John Oliver
- वैरायटी स्केच सीरीज-"Saturday Night Live"
- डॉक्यूमेंट्री/नॉन फिक्शन सीरीज-"The Beatles: Get Back" (Disney+)
- डॉक्यूमेंट्री/नॉन फिक्शन स्पेशल-"George Carlin American Dream" (HBO)
- आउटस्टैंडिंग राइटिंग फॉर अ वैरायटी सीरीज-"Last Week Tonight With John Oliver" (HBO)
- आउटस्टैंडिंग राइटिंग स्पेशल, प्री रिकॉर्डेड-"Adele One Night Only" (CBS)
- आउटस्टैंडिंग वैरायटी स्पेशल -"The Super Bowl LVI Halftime Show" (NBC)

**बेस्ट ड्रामा सीरीज**

- बेटर कॉल साउल
- यूफोरिया
- ओजार्क
- सेवरेंस
- स्क्विड गेम
- स्ट्रेंजर थिंग्स
- सक्सेशन- विजेता
- येलोजैकेट्स

**ड्रामा सीरीज के बेस्ट एक्टर**

- ब्रिएन कॉक्स (सक्सेशन)
- ली जुंग जे (स्किवड गेम)- विजेता
- बॉब ओडेवक्रिक (बेटर कॉल सॉल)
- एड्म स्कॉट (सेवरेंस)
- जेर्मी स्ट्रॉन्ग (सक्सेशन)

**ड्रामा सीरीज की बेस्ट एक्ट्रेस**

- जोडी कॉमर (किलिंग ईव)
- लौरा लाइनर (ओजार्क)
- जेंडया (यूफोरिया)- विजेता
- मेलानी लिंस्की (यलो जैकेट्स)
- सैंड्रा ऑइल (किलिंग इव)
- रीज विदरस्पून (द मॉर्निंग शोइंग)

**एमी पुरस्कार के बारे में:**

एमी पुरस्कार, या एमी, एक अमेरिकी पुरस्कार है जो टेलीविजन उद्योग में उत्कृष्टता को मान्यता देता है। यह पूरे कैलेंडर वर्ष में आयोजित कई वार्षिक कार्यक्रमों में प्रस्तुत किया जाता है, जिनमें से प्रत्येक टेलीविजन उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों में से एक को सम्मानित करता है।

## ऑस्ट्रेलिया की मैक्ग्रा और जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा बने अगस्त में ICC के श्रेष्ठ खिलाड़ी

भारत की जेमिमा रोड्रिग्स अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के (आईसीसी) की ऑस्ट्रेलिया में दौड़ की खिलाड़ी महिला सर्वश्रेष्ठ की महीने अगस्त तहलिया मैक्ग्रा से पिछड़ गई जबकि पुरुष वर्ग में जिम्बाब्वे के सिकंदर रजा ने खिताब अपने नाम किया।

**मुख्य बिंदु**

- महिलाओं के वर्ग में इस पुरस्कार के लिए रोड्रिग्स के साथ राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी और तहलिया मैक्ग्रा भी नामित थी।
- मैक्ग्रा ने बर्मिंघम में ऑस्ट्रेलिया को स्वर्ण पदक विजेता बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी जिससे उन्हें यह पुरस्कार मिला।
- उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में 57 की औसत से 114 रन बनाने के साथ 13.40 की औसत से पांच विकेट भी चटकाए। उन्होंने इस दौरान पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 78 रन बनाने के साथ तीन विकेट भी लिए।
- रजा इस पुरस्कार को जीतने वाले जिम्बाब्वे के पहले पुरुष खिलाड़ी हैं। इस 36 साल के खिलाड़ी को न्यूजीलैंड के मिशेल सेंटनर और इंग्लैंड के बेन स्टोक्स जैसे दिग्गज हरफनमौला के साथ नामांकन मिला था।

**पिछले महीने के आईसीसी पुरुष खिलाड़ी:**

- जनवरी 2022: कीगन पीटरसन (दक्षिण अफ्रीका)
- फरवरी 2022: श्रेयस अय्यर (भारत)
- मार्च 2022: बाबर आजम (पाकिस्तान)
- अप्रैल 2022: केशव महाराज (दक्षिण अफ्रीका)
- मई 2022: एंजेलो मैथ्यूज (श्रीलंका)
- जून 2022: जॉनी बेयरस्टो (इंग्लैंड)
- जुलाई 2022: प्रभात जयसूर्या (श्रीलंका)

**पिछले महीने की आईसीसी महिला खिलाड़ी:**

- जनवरी 2022: हीथर नाइट (इंग्लैंड)
- फरवरी 2022: अमेलिया केर (न्यूजीलैंड)
- मार्च 2022: राचेल हेन्स (ऑस्ट्रेलिया)
- अप्रैल 2022: एलिसा हीली (ऑस्ट्रेलिया)
- मई 2022: तुबा हसन (पाकिस्तान)
- जून 2022: मैरिज़ान कप (दक्षिण अफ्रीका)
- जुलाई 2022: एम्मा लैम्ब (इंग्लैंड)

**सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण तथ्य:**

- आईसीसी की स्थापना: 15 जून 1909;
- आईसीसी अध्यक्ष: ग्रेग बार्कले;
- आईसीसी सीईओ: ज्योफ एलार्डिस;
- आईसीसी मुख्यालय: दुबई, संयुक्त अरब अमीरात।

## बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन ने 4 लोगों को 'गोलकीपर्स ग्लोबल गोल्स अवार्ड्स' से सम्मानित किया

- बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन ने भारत की राधिका बत्रा, अफगानिस्तान की जारा जोया, युगांडा की वेनेसा नाकाटे और यूरोपीय संघ की प्रमुख उर्सुला वोन डेर लेयेन को संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने की दिशा में उनके असाधारण कार्य के लिए सम्मानित किया है। फाउंडेशन ने कहा कि इन लोगों को 'गोलकीपर्स ग्लोबल गोल्स अवार्ड्स' न्यूयॉर्क के लिंकन सेंटर में इन्हें अपने समुदाय और दुनिया भर में सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में किए गए कार्य के जरिये 'समाज में बदलाव लाने' पर सम्मानित किया गया।

**यह पुरस्कार क्यों दिया गया?**

- गैर-लाभकारी संगठन 'एवरी इन्फैंट मैटर्स' की सह-संस्थापक राधिका बत्रा को भारत में वंचित वर्ग के बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य समाधान प्रदान करने में उनके काम के लिए पुरस्कृत किया गया है। अफगानिस्तान मकी पत्रकार जारा जोया को वहां की कहानियां बताने में उनकी प्रतिबद्धता व समर्पण के लिए पुरस्कृत किया गया। वेनेसा नाकाटे युगांडा की जलवायु कार्यकर्ता हैं और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वोन डेर लेयेन को उनके देश में सामाजिक क्रांति लाने के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

**इन्होंने दिए अवार्ड**

- बिल गेट्स और मेलिंडा फ्रेंच गेट्स द्वारा प्रस्तुत 2022 का ग्लोबल गोलकीपर पुरस्कार उन्हें दिया जाता है जिन्होंने सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में वैश्विक स्तर पर प्रगति की हो। पुरस्कार देने वालों में नोबेल पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई और मनोरंजन के क्षेत्र की लिली सिंह भी शामिल थीं।

## हुरुन लिस्ट 2022 में टॉप पर गौतम अडाणी

- आईआईएफएल (IIFL) वेल्थ हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2022 जारी की गई। इस लिस्ट में अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी 10.94 लाख करोड़ की वेल्थ के साथ पहले नंबर पर हैं। दूसरे नंबर पर रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी हैं। उनकी वेल्थ 7.94 लाख करोड़ है। अडाणी ग्रुप की कंपनियों के शेयर में उछाल की वजह से एशिया के सबसे रईस शख्स की संपत्ति बढ़ी है। पिछले एक साल में अडाणी की संपत्ति में 5.88 लाख करोड़ रुपये यानी 116 फीसदी की वृद्धि हुई की वृद्धि हुई।
- रिलायंस इंडस्ट्रीज के मालिक मुकेश अंबानी की तुलना में अडानी 3 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा अमीर हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2012 में अडानी की संपत्ति अंबानी की संपत्ति का मुश्किल से छठा हिस्सा थी। 10 साल के लिए सबसे अमीर भारतीय के टैग पर कब्जा करने के बाद, अंबानी इस साल की लिस्ट में 7.94 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। पिछले साल अंबानी की संपत्ति में 11 फीसदी की वृद्धि हुई। रिलायंस के प्रमुख ने पिछले एक साल में हर दिन अपनी संपत्ति में 210 करोड़ रुपये जोड़े।
- हुरुन लिस्ट के लॉन्च के बाद पहली बार, लिस्टर्स की कुल वेल्थ बढ़कर 100 लाख करोड़ रुपए हो गई है। ये सिंगापुर, UAE और सऊदी अरब की कंबाइन्ड GDP से ज्यादा है। हुरुन ने IIFL वेल्थ के साथ एसोसिएशन में हुरुन इंडिया रिच लिस्ट का 11वां एनिवर्सरी एडिशन लॉन्च किया है। लिस्ट में पहली बार 100 स्टार्टअप फाउंडर को फीचर किया गया है। इनकी कुल वेल्थ 5,06,000 करोड़ रुपए है और औसत आयु 40 साल है। लिस्ट में 1,000 करोड़ रुपए या उससे ज्यादा की वेल्थ वाले लोगों को शामिल किया जाता है।

## भारतीय लेखिका और कवयित्री मीना कंदासामी ने जीता जर्मन पेन पुरस्कार

- भारतीय कार्यकर्ता-लेखक-कवि मीना कंडासामी को हरमन केस्टन पुरस्कार 2022 के प्राप्तकर्ता के रूप में घोषित किया गया है, जो जर्मनी के डार्मस्टेड में पेन सेंटर द्वारा दिया जाता है। पीड़ित लेखकों के अधिकारों के लिए उनके समर्थन के सम्मान और मान्यता में कंदासामी को यह पुरस्कार दिया जाता है। यह जाति, जातीय उत्पीड़न और लिंग के मुद्दों पर उनके कार्यों को भी पहचानता है।
- हरमन केस्टन पुरस्कार उनकी वेबसाइट के अनुसार "पेन इंटरनेशनल के चार्टर के सिद्धांतों के अनुसार सताए गए लेखकों के समर्थन में उत्कृष्ट प्रयासों के लिए" दिया जाता है। साल 1985 में शुरू हुआ यह पुरस्कार शुरू में 1993 तक दो साल में एक बार दिया जाता था। बता दें यह पुरस्कार साल 1994 से सालाना दिया जा रहा है।
- कंदासामी का जन्म साल 1984 में चेन्नई, भारत में हुआ था। उन्होंने पहले 'द दलित' पत्रिका के लिए काम किया, और बाद में एक पूर्णकालिक लेखक और कार्यकर्ता बन गईं। उनकी कुछ उल्लेखनीय पुस्तकें 'टच' (2006), 'व्हेन आई हिट यू: ऑर, ए पोर्ट्रेट ऑफ द राइटर ऐज ए यंग वाइफ' (2017) हैं। इससे पहले, उनके कार्यों को फिक्शन के लिए महिला पुरस्कार और अंतर्राष्ट्रीय डायलन थॉमस पुरस्कार के लिए चुना गया है। कंदासामी वरवर राव और जीएन साईबाबा सहित दमित भारतीय लेखकों के समर्थन के लिए भी मुखर रही हैं।



## Banking and Financial Current Affairs

- ग्राहक सुरक्षा को मजबूत करने के अपने प्रयासों के हिस्से के रूप में, रिज़र्व बैंक धोखाधड़ी वाली वेबसाइटों, फोन और डिजिटल धोखाधड़ी के लिए उपयोग किए जाने वाले विभिन्न तरीकों का डेटाबेस बनाने के लिए एक धोखाधड़ी रजिस्ट्री स्थापित करने पर विचार कर रहा है। ऐसा डेटाबेस इन धोखेबाजों को धोखाधड़ी को दोहराने से रोकने में मदद करेगा क्योंकि वेबसाइटों या फोन नंबरों को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा। (Click here to read complete article)
- आईसीआईसीआई बैंक (ICICI Bank) ने सोमवार को नेशनल पेमेंट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (NPCI) के साथ साझेदारी का ऐलान किया। बैंक ने NPCI के साथ मिलकर RuPay क्रेडिट कार्ड को लॉन्च किया है। इस क्रेडिट कार्ड में कस्टमर को प्रत्येक 100 रुपये खर्च करने के बाद एक रीवार्ड प्वाइंट मिलेगा। जबकि 1 साल में 2 लाख रुपये खर्च करने पर 2,000 बोनस रिवार्ड प्वाइंट मिलेंगे। (Click here to read complete article)
- भारतीय स्टेट बैंक (State Bank of India) अपने ग्राहक के लिए एक शानदार क्रेडिट कार्ड (SBI Credit Card) लॉन्च किया है. इसका नाम कैशबैक एसबीआई कार्ड है। इस कार्ड के जरिए आपको किसी में ऑनलाइन शॉपिंग साइट पर 5 प्रतिशत का कैशबैक जरूर मिलेगा। कैशबैक एसबीआई कार्ड को खरीदने पर आपको साल में 999 रुपये रिन्यूअल चार्ज देना होगा। इस कार्ड के जरिए ग्राहक हर साल 2 लाख रुपये तक की शॉपिंग कर सकते हैं। (Click here to read complete article)
- इंडसइंड बैंक ने आपूर्ति श्रृंखला के वित्तपोषण के लिए 560 करोड़ रुपये के शुरुआती खर्च के साथ आंशिक गारंटी कार्यक्रम के लिए एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के साथ समझौता किया है। इंडसइंड बैंक ने एक बयान में यह जानकारी दी। यह समझौता विशेषतौर पर भारत में आपूर्ति श्रृंखला के वित्तपोषण समाधानों को बढ़ावा देने के लिए किया गया है। (Click here to read complete article)
- HDFC बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए एक नई सुविधा की शुरुआत की है। इस सुविधा की मदद से ग्राहक घर बैठे बिना इंटरनेट के कई बैंकिंग कार्य कर सकते हैं और अपना समय बचा सकते हैं। नई SMS सुविधा का इस्तेमाल 24/7 x 365 दिन कर सकते हैं। बैंक के अनुसार, इस सुविधा के तहत बैंक बैलेंस की जानकारी, लोन के लिए अप्लाई, क्रेडिट कार्ड को मैनेज करना, चेकबुक प्राप्त करना जैसी कई चीजों का लाभ उठाया जा सकता है। (Click here to read complete article)
- भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) ने पेमेंट गेटवे बिलडेस्क की PayU को अधिग्रहण की मंजूरी दे दी है। PayU द्वारा बिलडेस्क का अधिग्रहण करने के सौदे के एक साल बाद भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने 4.7 अरब डॉलर के इस मर्जर को अपनी मंजूरी दे दी है। सीसीआई ने कहा है कि आयोग ने पेयू पेमेंट्स द्वारा बिलडेस्क की इक्विटी शेयर पूंजी के 100 प्रतिशत के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है। **(Click here to read complete article)**
- दिसंबर 2022 तक विभिन्न राज्यों के नॉन-बैंकिंग एरिया में सरकारी बैंक (PSU Bank) लगभग 300 फिजिकल ब्रांच खोलने जा रही हैं। ये नई शाखाएं 3,000 से अधिक आबादी वाले सभी शेष गांवों को कवर करेंगी जिनके पास वित्तीय संस्थान नहीं हैं। इन 300 नई शाखाओं में से सबसे अधिक पीएसयू बैंक राजस्थान में 95, मध्य प्रदेश में 54, गुजरात में 38, महाराष्ट्र में 33, झारखंड में 32 और उत्तर प्रदेश में 31 शाखाएं खोली जाएंगी। (Click here to read complete article)
- भारतीय स्टेट बैंक (SBI) ने लोन ग्राहकों को झटका दिया है। एसबीआई ने बेंचमार्क प्राइम लेंडिंग रेट (BPLR) को 70 आधार अंक यानी 0.7 प्रतिशत बढ़ाकर 13.45 प्रतिशत कर दिया है। इसके साथ ही बैंक ने बेस रेट में भी 70 आधार अंकों का वृद्धि किया है। SBI के अनुसार, 'बेंचमार्क प्राइम लेंडिंग रेट को 13.45 प्रतिशत प्रति वर्ष किया गया है। (Click here to read complete article)
- भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को बड़ी राहत मिली है। दरअसल आरबीआई ने उसे त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए) की निगरानी सूची से हटा दिया है। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया अब ये बंदिशें हटने के बाद बिना किसी प्रतिबंध के ऋण बांट सकेगा। (Click here to read the article)
- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (Union Bank of India) और फेडरल बैंक (Federal Bank) ने किसानों को डिजिटल तरीके से केसीसी देना शुरू किया है। इन बैंकों ने पायलट प्रोजेक्ट्स शुरू किये हैं। इन पायलट प्रोजेक्ट्स के अंतर्गत किसानों को केसीसी के लिए बैंक आने की जरूरत नहीं होगी। (Click here to read the article)
- भारतीय रिज़र्व बैंक ने दास शक्तिकांत गर्वनर (आरबीआई) भुगतान डिजिटल नए तीन हेतु देने बढ़ावा को देन-लेन डिजिटल फेस्ट फिनटेक ग्लोबल आयोजित में मुंबई है। की शुरुआत की पहल 2022 में आरबीआई गर्वनर ने यूपीआई पर रुपे क्रेडिट कार्ड, यूपीआई लाइट और भारत बिलपे क्रॉस पेमेंट बिल बॉर्डर-है। किया लॉन्च को सेवा सोल्यूशंस **(Click here to read the article)**
- भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने लेह जिले के बैंकरों को बैंकिंग कार्यों के 100 प्रतिशत डिजिटलीकरण को प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया है। डिजिटल बैंकिंग एक बैंक द्वारा अपने वित्तीय, बैंकिंग और अन्य लेनदेन के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से ऑनलाइन प्रदान की जाने वाली इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग सेवा को संदर्भित करता है। लेह जिले ने एक साल की छोटी सी अवधि में सभी ऑपरेटिंग बैंकों का डिजिटलीकरण पूरा कर लिया है। (Click here to read complete article)
- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने हैदराबाद में साइबर सिक्योरिटी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (CCoE) में एथिकल हैकिंग लैब का उद्घाटन किया। साइबर रक्षा तंत्र वाली प्रयोगशाला संभावित साइबर खतरों से बैंक की सूचना प्रणाली, डिजिटल संपत्ति और चैनलों की रक्षा करेगी। लैब का उद्घाटन बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ ए. मणिमेखलाई ने किया। यूनियन बैंक डिजिटल उत्पादों को बड़े पैमाने पर अपना रहा है। (Click here to read complete article)

- यूको बैंक और यस बैंक ने दो रूसी बैंकों के साथ करार किया है। इस करार के जरिए ये दोनों बैंक भारत के रूस के साथ कारोबार करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। बता दें कि यूक्रेन पर हमला करने के बाद से रूस पर अमेरिका सहित कई देशों ने आर्थिक प्रतिबंध लगाए हैं। (Click here to read the article)
- एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने अपने ग्राहकों को नकदी निकासी की सुविधा के लिए दूसरे श्रेणी के शहरों और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में 1.5 लाख माइक्रो एटीएम लगाना शुरू कर दिया है। यह जानकारी कंपनी ने दी। माइक्रो एटीएम को चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जाएगा। बैंक चरणबद्ध तरीके से अधिक बैंकिंग क्षेत्रों को कवर करने के लिए धीरे-धीरे अपनी सेवा का विस्तार करेगा। (Click here to read the article)
- ग्राहक सुरक्षा को मजबूत करने के अपने प्रयासों के हिस्से के रूप में, रिज़र्व बैंक धोखाधड़ी वाली वेबसाइटों, फोन और डिजिटल धोखाधड़ी के लिए उपयोग किए जाने वाले विभिन्न तरीकों का डेटाबेस बनाने के लिए एक धोखाधड़ी रजिस्ट्री स्थापित करने पर विचार कर रहा है। ऐसा डेटाबेस इन धोखेबाजों को धोखाधड़ी को दोहराने से रोकने में मदद करेगा क्योंकि वेबसाइटों या फोन नंबरों को ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा। (Click here to read complete article)

## Economy Current Affairs

- मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने 2022 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि का अनुमान घटाकर 7.7 फीसदी कर दिया और कहा कि बढ़ती ब्याज दरें, असमान मानसून और धीमी वैश्विक वृद्धि आर्थिक गति को क्रमिक आधार पर कम करेंगे। इससे पहले मई में मूडीज ने 2022 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर 8.8 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया था। अर्थव्यवस्था 2021 में 8.3 फीसदी की दर से बढ़ी थी, इससे पहले 2020 में कोरोना वायरस के कारण यह 6.7 फीसदी रही थी। (Click here to read complete article)
- अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई) चालू वित्त वर्ष (2022-23) की पहली अप्रैल-जून तिमाही में सालाना आधार पर 3.5 प्रतिशत बढ़ा है। यह जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों से मिली है। सालाना आधार पर अखिल भारतीय एचपीआई पहली तिमाही में 1.8 प्रतिशत बढ़ा। एक साल पहले इसी तिमाही में दो प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी। शहरों के अनुसार देखा जाए, तो कोलकाता में एचपीआई में सालाना आधार पर 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई। (Click here to read complete article)
- अगस्त में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 28 प्रतिशत बढ़कर 1.43 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी दी। अगस्त लगातार छठा महीना है जब जीएसटी संग्रह 1.4 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। आगामी त्योहारों को देखते हुए यह तेजी जारी रहने का अनुमान है। (Click here to read complete article)
- भारतीय प्रतिभूति एंव विनियम बोर्ड (SEBI) ने आधार वेंचर्स इंडिया लिमिटेड (AVIL) और इसके निदेशकों पर इनसाइडर ट्रेडिंग नियमों का उल्लंघन करने व लिस्टिंग कंडिशन्स का पालन नहीं करने पर 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। कंपनी और उसके निदेशकों ने कंपनी के शेयर मूल्य को प्रभावित करने के लिए झूठी कॉर्पोरेट अनाउसमेंट की थी। (Click here to read complete article)
- भारत की अर्थव्यवस्था पूरी दुनिया में तेजी के साथ बढ़ रही है। भारत की अर्थव्यवस्था, यूनाइटेड किंगडम को पछाड़कर अब दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। इन्हीं बदलावों के साथ मौजूदा विकास दर के हिसाब से भारत 2027 में जर्मनी और 2029 तक जापान से बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। बता दें ये सभी बातें एसबीआई द्वारा जारी एक रिसर्च रिपोर्ट में कही गई हैं। (Click here to read complete article)
- भारतीय रेल (Indian Railways) की आय में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। रेलवे का कुल रेवेन्यू अगस्त 2022 के अंत में 38 फीसदी बढ़कर 95,486.58 करोड़ रुपये हो गया। यह आंकड़ा एक साल पहले की समान अवधि में 26,271.29 करोड़ रुपये था. बयान में कहा गया कि रिपोर्टिंग पीरियड में यात्री यातायात से रेवेन्यू 25,276.54 करोड़ रुपये था, जो सालाना आधार पर 116 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। एक साल पहले यह आंकड़ा 13,574.44 करोड़ रुपये था। (Click here to read the article)
- भारत में सबसे बड़े फिनटेक प्लेटफॉर्म, फोनपे (PhonePe) ने कहा कि 14 मिलियन डेबिट और क्रेडिट कार्ड प्लेटफॉर्म पर टोकन किए गए हैं, जो कि भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) के अनिवार्य कार्ड टोकनाइजेशन के अनुरूप है, जो कि जोखिम को कम करने के लिए एक कदम है। (Click here to read the article)
- फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के आर्थिक विकास के पूर्वानुमान को 7.8 प्रतिशत के पिछले अनुमान से घटाकर 7 प्रतिशत कर दिया। फिच ने कहा कि जून में लगाए गए 7.8 प्रतिशत की वृद्धि के अनुमान की तुलना में अब उसे 2022-23 में भारतीय अर्थव्यवस्था के सात प्रतिशत की दर से बढ़ने की उम्मीद है। (Click here to read the article)
- कमजोर रुपये और ईंधन की ऊंची कीमतें भारत के चालू खाते के घाटे )CAD) को दबाव में रखेंगी, क्योंकि विश्लेषकों ने इसे वित्त वर्ष 2022 में 1.2% की तुलना में वित्त वर्ष 2023 में सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 3% बताया है, क्योंकि ये सरकारी वित्त पर दबाव डालेंगे। सब्सिडी व्यय अनुमानित स्तर से काफी अधिक स्तर तक बढ़ रहा है। (Click here to read the article)
- वित्तीय वर्ष 2022-23 का सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 17 सितंबर तक 8.36 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक है। चालू वित्त वर्ष में 17 सितंबर तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 7.01 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक है। (Click here to read the article)

- वित्तीय वर्ष 2022-23 का सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 17 सितंबर तक 8.36 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 30 प्रतिशत अधिक है। चालू वित्त वर्ष में 17 सितंबर तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 7.01 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 23 प्रतिशत अधिक है। (Click here to read the article)
- एशियन डेवलपमेंट बैंक के ग्रोथ जीडीपी की भारत ने (एडीबी) वर्ष वित्तीय को अनुमान 2022-23 के लिए 7.2 प्रतिशत से घटाकर सात प्रतिशत कर दिया है। एडीबी ने इसके लिए उम्मीद से अधिक महंगाई को जिम्मेदार बताया है। एडीबी ने जारी अपनी फ्लैगशिप एडीओ रिपोर्ट के सप्लीमेंट में कहा है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में भारत की अर्थव्यवस्था पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 13.5% की दर से बढ़ी है। (Click here to read the article)
- वैश्विक संगठन आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन ने (ओईसीडी) को पूर्वानुमान वृद्धि के भारत लिए के वर्ष वित्त चालू 6.9 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। उसने कहा कि कमजोर वैश्विक परिदृश्य के बावजूद भारत की वृद्धि दर मजबूत रहेगी। ओईसीडी ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में भारत की वृद्धि दर 6.9 प्रतिशत रहने की संभावना है। (Click here to read the article)
- बेल्जियम की एजिस इंश्योरेंस इंटरनेशनल ने अपने भारतीय संयुक्त उद्यम एजिस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस में बहुलांश हिस्सेदारी का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। एजिस इंश्योरेंस इंटरनेशनल ने भारतीय संयुक्त उद्यम में आईडीबीआई बैंक की 25 प्रतिशत हिस्सेदारी 580 करोड़ रुपये में खरीदी है। (Click here to read the article)
- विश्व बैंक ने कहा कि चीन की मंदी के कारण 2022 में पूर्वी एशिया और प्रशांत क्षेत्र में आर्थिक विकास तेजी से कमजोर होगा, लेकिन विस्तार की गति अगले साल तेज होगी। वाशिंगटन स्थित ऋणदाता ने एक रिपोर्ट में कहा कि उसे पूर्वी एशिया और प्रशांत क्षेत्र में 2022 की वृद्धि की उम्मीद है, जिसमें चीन भी शामिल है, जो अप्रैल में अपने 5.0% पूर्वानुमान से नीचे 3.2% और पिछले वर्ष की 7.2% की वृद्धि है। (Click here to read the article)
- केंद्रीय रिजर्व बैंक की मॉनेटरी पॉलिसी कमिटी ने 30 सितंबर, 2022 को अपनी अगली मॉनेटरी पॉलिसी का ऐलान कर दिया है। कमिटी के 6 सदस्यों में से 5 सदस्यों ने दरें बढ़ाने के पक्ष में वोट किया, जिसके बाद गवर्नर शक्तिकांत दास ने बेंचमार्क पॉलिसी रेट में 0.50% या 50 बेसिस पॉइंट की बढ़ोतरी करने का घोषणा किया है। (Click here to read the article)
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के को बड़ी राहत देते हुए महंगाई भत्ते (डीए) में 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। केंद्र सरकार के 50 लाख कर्मचारियों और लगभग 62 लाख पेंशनभोगियों के महंगाई भत्ते में 4 फीसदी की बढ़ोतरी के बाद डीए बढ़कर 38 प्रतिशत हो गया है। (Click here to read the article)
- एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने अपने ग्राहकों को नकदी निकासी की सुविधा के लिए दूसरे श्रेणी के शहरों और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में 1.5 लाख माइक्रो एटीएम लगाना शुरू कर दिया है। यह जानकारी कंपनी ने दी। माइक्रो एटीएम को चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जाएगा। बैंक चरणबद्ध तरीके से अधिक बैंकिंग क्षेत्रों को कवर करने के लिए धीरे-धीरे अपनी सेवा का विस्तार करेगा। (Click here to read the article)

## Business Current Affairs

- भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) ने पेमेंट गेटवे बिलडेस्क की PayU को अधिग्रहण की मंजूरी दे दी है। PayU द्वारा बिलडेस्क का अधिग्रहण करने के सौदे के एक साल बाद भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने 4.7 अरब डॉलर के इस मर्जर को अपनी मंजूरी दे दी है। सीसीआई ने कहा है कि आयोग ने पेयू पेमेंट्स द्वारा बिलडेस्क की इक्विटी शेयर पूंजी के 100 प्रतिशत के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है। **(Click here to read complete article)**
- बंदरगाह से बिजली क्षेत्र में कार्यरत अडानी समूह स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में 2030 तक 70 अरब डॉलर के निवेश के तहत सौर मॉड्यूल, पवन टर्बाइन और हाइड्रोजन इलेक्ट्रोलाइजर बनाने के लिए तीन गीगा कारखाने लगाएगा। एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति गौतम अडानी ने यह जानकारी दी। बता दें, अडानी समूह हरित ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में निवेश बढ़ा रहा है। (Click here to read complete article)
- रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने गुजरात के हजीरा में भारत का पहला और दुनिया का सबसे बड़ा कार्बन फाइबर प्लांट बनाने की घोषणा की है। एक्रिलोनिट्राइल फीडस्टॉक पर आधारित संयंत्रों की क्षमता 20,000 एमटीपीए होगी। कुल मिलाकर, ऑयल टू केमिकल सेगमेंट )O2C) में, अंबानी अंबानी ने मौजूदा और नई मूल्य श्रृंखलाओं में क्षमताओं का विस्तार करने के लिए अगले पांच वर्षों में 75,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की। (Click here to read complete article)
- रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने कंपनी की 45वीं वार्षिक आम बैठक में 3.5 लाख करोड़ रुपये की निवेश योजनाओं की घोषणा की। अपने भाषण में, अंबानी ने कहा कि जैसा कि पिछले साल घोषित किया गया था, विकसित मॉडलों की मापनीयता के आधार पर प्रतिबद्धता को दोगुना करने की क्षमता के साथ निवेश योजनाओं में 5जी के तेजी से रोलआउट पर 2,00,000 करोड़ रुपये, मूल्य श्रृंखलाओं में ओ2सी क्षमताओं के विस्तार में 75,000 करोड़ रुपये और नए ऊर्जा व्यवसाय में 75,000 करोड़ रुपये शामिल हैं। (Click here to read complete article)
- भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (CCI) ने पेमेंट गेटवे बिलडेस्क की PayU को अधिग्रहण की मंजूरी दे दी है। PayU द्वारा बिलडेस्क का अधिग्रहण करने के सौदे के एक साल बाद भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग ने 4.7 अरब डॉलर के इस मर्जर को अपनी मंजूरी दे दी है। सीसीआई ने कहा है कि आयोग ने पेयू पेमेंट्स द्वारा बिलडेस्क की इक्विटी शेयर पूंजी के 100 प्रतिशत के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है। **(Click here to read complete article)**

- भारत ने बीते सप्ताह चावल के एक्सपोर्ट पर बैन लगाने का घोषणा किया था, जिसका असर अब पूरी दुनिया और खासतौर पर एशियाई बाजार में देखने को मिल रहा है। बाजार में चावल की कीमतों में तेजी से वृद्धि हो रहा है। भारत के फैसले के 4 दिनों के अंदर ही एशिया के बाजारों में चावल के दाम 4 से 5 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। (Click here to read the article)
- फ्लिपकार्ट के पूर्व फाउंडर सचिन बंसल की अगुवाई वाली नवी टेक्नोलॉजीज (Navi Technologies) की शेयर बाजार में लिस्टिंग की राह आसान हो गई है। बता दें नवी टेक्नोलॉजीज जल्द 3,350 करोड़ रुपये का आईपीओ लेकर आएगी। शेयर बाजार के रेग्युलेटर सेबी (SEBI) ने नवी टेक्नोलॉजीज को आईपीओ लाने की मंजूरी दे दी है। कंपनी ने इसी साल मार्च में सेबी के पास आईपीओ लाने हेतु सेबी के पास ड्रॉफ्ट पेपर (DHRP) दाखिल किया था। (Click here to read the article)
- एडोब ने फिग्मा का अधिग्रहण किया: एडोब ने घोषणा की कि वह लगभग 20 बिलियन डॉलर नकद और इक्विटी में डिज़ाइन सॉफ्टवेयर कंपनी फिग्मा का अधिग्रहण करेगा। एडोब के शेयर में 17% की गिरावट आई, जो 2010 के बाद से सबसे खराब गिरावट है। (Click here to read the article)
- प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज बीएसई ने कहा कि उसे अपने प्लेटफॉर्म पर इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसिप्ट (ईजीआर) पेश करने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी से अंतिम मंजूरी मिल गई है। यह फरवरी में बीएसई को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से सैद्धांतिक मंजूरी मिलने के बाद आता है, जिसके बाद एक्सचेंज ने ईजीआर में व्यापार की सुविधा के लिए अपने सदस्यों के लिए परीक्षण वातावरण में कई नकली व्यापारिक सत्र आयोजित किए। (Click here to read the article)
- बेल्जियम की एजिस इंश्योरेंस इंटरनेशनल ने अपने भारतीय संयुक्त उद्यम एजिस फेडरल लाइफ इंश्योरेंस में बहुलांश हिस्सेदारी का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। एजिस इंश्योरेंस इंटरनेशनल ने भारतीय संयुक्त उद्यम में आईडीबीआई बैंक की 25 प्रतिशत हिस्सेदारी 580 करोड़ रुपये में खरीदी है। (Click here to read the article)




## International Current Affairs

- सोलोमन द्वीप (Solomon Island) अपने बंदरगाहों पर अमेरिकी जहाजों के प्रवेश पर रोक लगाने की तैयारी में है। द्वीप के प्रशासन ने अमेरिका को इस बारे में सूचित कर दिया है कि यह अपने बंदरगाहों पर अमेरिकी नौसेना के जहाजों पर मोरेटोरियम (moratorium) लागू करेगा। यह जानकारी कैनबरा में अमेरिकी दूतावास ने मंगलवार को दी। सोलोमन सरकार की इस प्रक्रिया को चीन के साथ हुए समझौते का नतीजा माना जा रहा है। (Click here to read complete article)
- इराक में एक शिया धर्मगुरु के दर्जनों समर्थकों ने बगदाद के उच्च सुरक्षा वाले ग्रीन जोन में रैली करके संसद को भंग करके शीघ्र चुनाव कराने की मांग की। इराक की राजधानी में सर्वोच्च न्यायिक परिषद और संसद भवन के बाहर प्रदर्शन इस बात को रेखांकित करता है कि इराक का नवीनतम राजनीतिक संकट कितना विकट हो गया है। (Click here to read complete article)
- श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने कहा कि इस सप्ताह संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के सत्र में श्रीलंका अपनी मानवाधिकार जवाबदेही पर एक नए प्रस्ताव विशेष रूप से एक बाहरी जांच तंत्र का विरोध करेगा। साबरी ने संवाददाताओं से कहा कि श्रीलंका मानवाधिकारों के हनन की जांच के लिए एक बाहरी तंत्र के लिए सहमत नहीं है क्योंकि यह देश के संविधान का उल्लंघन होगा। (Click here to read complete article)
- भारतीय मूल की बैरिस्टर सुएला ब्रेवरमैन को ब्रिटेन की नई गृह सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है। यह भारतीय मूल की प्रीति पटेल की जगह ली। ब्रेवरमैन बोरिस जॉनसन के नेतृत्व वाली सरकार में अटॉर्नी जनरल के रूप में कार्य कर चुकी हैं। हालांकि, ये भी एक तथ्य है कि कंजर्वेटिव पार्टी के नेता के चुनाव के दौरान ब्रेवरमैन ट्रस के खिलाफ थीं। उन्होंने ऋषि सुनक के समर्थन में प्रचार तक किया था। (Click here to read complete article)
- अमेरिका ने F-16 लड़ाकू जेट बेड़े के रखरखाव के लिए पाकिस्तान को 450 मिलियन अमरीकी डॉलर (3600 करोड़ रुपये) सहायता की मंजूरी दे दी है। इस बात की जानकारी अमेरिकी विदेश विभाग ने दी है। अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार इस वित्तीय सहायता से रक्षा क्षेत्र में पाकिस्तान की वर्तमान जरूरत को पूरा करने की क्षमता को बनाए रखेगा। (Click here to read complete article)
- अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कीव की अघोषित यात्रा की तथा यूक्रेन और रूस से चुनौती का सामना कर रहे अन्य यूरोपीय देशों के लिए दो अरब डॉलर की नई सैन्य सहायता की घोषणा की। ब्लिंकन ने कहा कि बाइडन प्रशासन यूक्रेन और उसके 18 पड़ोसियों को दीर्घकालिक विदेशी सैन्य मदद के तहत दो बिलियन डॉलर देगा, जिसमें नाटो के सदस्य और क्षेत्रीय सुरक्षा भागीदार शामिल हैं जो भविष्य में रूसी आक्रमण के लिए सबसे संभावित जोखिम क्षेत्र में हैं। (Click here to read complete article)

- सेमीकंडकर आपूर्ति में सुधार और त्योहारी मांग के चलते अगस्त, 2022 में यात्री वाहनों पर आधार सालाना बिक्री थोक की (पीवी) 21 प्रतिशत बढ़ गई। यह जानकारी वाहन बनाने वाली कंपनियों के संगठन सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स आ जारी द्वारा (सियाम)ंकड़ों से मिली है। (Click here to read complete article)
- अमेरिका में 11 सितंबर 2001 को हुए आतंकवादी हमले की 21वीं बरसी मनाई गई। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पेंटागन में पुष्पांजलि अर्पित कर हमले में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी। 9/11 हमले की 21वीं बरसी ऐसे समय में मनाई गई है, जब अफगानिस्तान से अमेरिकी बलों की पूर्ण वापसी को एक साल पूरा हो चुका है। 11 सितंबर 2001 को हुए आतंकवादी हमले के जवाब में अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के बलों ने अफगानिस्तान में लंबा अभियान चलाया था। (Click here to read the article)
- बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने हाल ही में भारत के राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि बीते कुछ सालों के दौरान भारत और बांग्लादेश के बीच द्विपक्षीय संबंध काफी मजबूत हुए हैं और ये संबंध हमेशा द्विपक्षीय सहयोग और आपसी विश्वास की भावना से प्रेरित रहे हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि दोनों देशों का साझा इतिहास, भाषा और संस्कृति दोनों को एक-दूसरे से जोड़ते हैं। (Click here to read the article)
- उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग-उन (Kim Jong-Un) ने पिछले दिनों अपने देश को परमाणु हथियारों से लैस देश घोषित कर दिया। किम ने इसके लिए संसद से कानून भी पास करा लिया। इसके साथ ही किम ने ये घोषणा भी कर दिया कि अगर नॉर्थ कोरिया पर 100 साल के लिए भी प्रतिबंधित कर दिया जाए, तो भी वह अपने परमाणु हथियारों पर काम नहीं छोड़ेगा। (Click here to read the article)
- ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की निधन (Queen Elizabeth II) के बाद ब्रिटेन के शाही परिवार के महत्वपूर्ण पदों पर नए सिरे से ताजपोशी की गई है। महारानी एलिबाजेथ के बड़े बेटे प्रिंस चार्ल्स अब नए किंग बन गए हैं। वहीं, किंग के स्थान पर उनके पुत्र विलियम को प्रिंस ऑफ वेल्स और विलियम की पत्नी कैथरीन को प्रिंसेस ऑफ वेल्स बनाया गया है। (Click here to read the article)
- संयुक्त अरब अमीरात प्रथम अपना पर चंद्रमा में नवंबर (यूएई) के अभियान इस भेजेगा। रोवर प्रबंधक ने हाल ही में यह जानकारी दी। चीन और संयुक्त अरब अमीरात की बाद (यूएई) लिए के करने मदद में बढ़ाने आगे को महत्वाकांक्षाओं अंतरिक्ष राशिद बिन मोहम्मद के यूएई हैं। हुए सहमत पर मिलाने हाथ एजेंसी स्पेस नेशनल चाइना और (एमबीआरएससी) सेंटर स्पेस ने (सीएनएसए) यूएई के चंद्रमा मिशन पर एक साथ काम करने के लिए एक समझौता ज्ञापन हैं। किए हस्ताक्षर पर (एमओयू) (Click here to read the article)
- विंडसर कैसल में एक निजी समारोह में शाही परिवार ने ब्रिटेन के सबसे लंबे समय तक राज करने वाली महारानी एलिजाबेथ द्वितीय को विदाई दी। ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ- II को अंतिम श्रद्धांजलि देने के लिए दुनियाभर से 2000 दिग्गज नेता आए थे। महारानी एलिजाबेथ द्वितीय को अंतिम विदाई देते हुए उनके ताबूत को विंडसर कैसल स्थित सेंट जॉर्ज चैपल के शाही 'वॉल्ट' (शव कक्षगया। दिया रख नीचे में ( (Click here to read the article)
- भारत ने आर्थिक संकटों का सामना कर रहे श्रीलंका को इस साल सबसे ज्यादा मदद दी है। इसमें भारत द्वारा द्वीप राष्ट्र को दिया गया 377 मिलियन अमेरिकी डॉलर का ऋण भी शामिल है। वेराइट रिसर्च थिंक-टैंक ने कहा है कि भारत इस साल श्रीलंका के लिए सबसे बड़े ऋणदाता के रूप में सामने आया है। **(Click here to read the article)**
- चीन के बीजिंग स्थित जीन फर्म की ओर से दुनिया में पहली बार एक जंगली आर्कटिक भेड़िया का सफलतापूर्वक क्लोन बनाया गया है। इसे आर्कटिक वुल्फ को व्हाइट वुल्फ या पोलर वुल्फ के रूप में भी जाना जाता है। ये कनाडा के क्वीन एलिजाबेथ द्वीप समूह के हाई आर्कटिक टुंड्रा का मूल निवासी है। (Click here to read the article)
- इटली में हुए आम चुनाव में ब्रदर्स आफ इटली पार्टी को सबसे ज्यादा वोट मिले हैं। इस पार्टी की नेता जॉर्जिया मेलोनी हैं, जो इटली की पहली महिला प्रधानमंत्री बनने जा रही हैं। मेलोनी को इटली के फासीवादी तानाशाह बेनिटो मुसोलिनी का समर्थक और इस्लामोफोबिक नेता माना जाता है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यह पहला मौका होगा, जब इटली में किसी दक्षिणपंथी पार्टी की सरकार बनेगी। (Click here to read the article)
- सऊदी अरब के राजकुमार मोहम्मद बिन सलमान को शाही आदेश द्वारा देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया। राजकुमार, राजा सलमान के उत्तराधिकारी हैं और उनके पास पहले से ही बहुत सी शक्तियां हैं। राजकाज के रोजमर्रा के काम भी राजकुमार मोहम्मद बिन सलमान ही देखते हैं। (Click here to read the article)
- रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पूर्व अमेरिकी तकनीकी ठेकेदार एडवर्ड स्नोडेन को रूसी नागरिकता प्रदान कर दी। अमेरिकी अधिकारी कई साल से चाहते थे कि स्नोडेन अमेरिका वापस लौटें और जासूसी के आरोपों में आपराधिक मुकदमे का सामना करें। एडवर्ड स्नोडेन इस समय रूस की राजधानी मास्को में रह रहे हैं। अमेरिका से फरार होने के बाद स्नोडेन 2013 में रूस पहुंचे थे। (Click here to read the article)
- हिताची एस्टेमो ने अपने जलगांव विनिर्माण संयंत्र में 3 मेगावाट (मेगावाट) का भारत का पहला ग्राउंड-माउंटेड सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया। 3 मेगावाट (मेगावाट) सौर ऊर्जा संयंत्र 43301 वर्गमीटर के क्षेत्र में बनाया जाएगा। ग्राउंड-माउंटेड सोलर पावर प्लांट में 7128 ग्राउंड-माउंटेड सोलर पैनल और 10 इनवर्टर शामिल होंगे। (Click here to read the article)

## National Current Affairs

- ताइवान को लेकर काफी संभलकर बयान देने वाले भारत ने पहली बार ताइवान जलडमरूमध्य को लेकर दुर्लभ बयान दिया है। भारत ने पहली बार इसे "ताइवान जलडमरूमध्य का सैन्यीकरण" कहा है, जो नई दिल्ली द्वारा ताइवान के प्रति चीन की कार्रवाइयों पर टिप्पणी करने का एक दुर्लभ उदाहरण है। (Click here to read complete article)
- हवा से पानी उत्पन्न करने की तकनीक के द्वारा अब मध्य रेलवे के मुंबई डिवीजन के छह रेलवे स्टेशनों पर पीने का पानी उपलब्ध कराया जाएगा। इस तकनीक को संयुक्त राष्ट्र की ओर से मान्यता प्राप्त है। मेघदूत एक वायुमंडलीय जल जनरेटर (एडब्ल्यूजी) उपकरण है जो जल वाष्प को ताजे और स्वच्छ पेयजल में बदलने के लिए नवीन तकनीक का उपयोग करता है। **(**Click here to read complete article**)**
- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) ने स्टूडेंट्स की हर समस्या के जल्द समाधान के मकसद से सिंगल विंडो सिस्टम तैयार किया है। यह पोर्टल है, जिसे 'ई-समाधान' नाम दिया गया है। सभी तरह के पुराने पोर्टल और हेल्पलाइन (एंटी रैगिंग हेल्पलाइन छोड़कर) को मर्ज करके 'ई-समाधान' बनाया गया है। (Click here to read complete article)
- सर्वाइकल कैंसर के लिए वैक्सीन (Cervical Cancer Vaccine) अगले कुछ ही महीनों में उपलब्ध हो जाएगी। मिडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के सीईओ अदार पूनावाला ने यह जानकारी दी कि सर्वाइकल कैंसर की वैक्सीन अगले कुछ महीनों में उपलब्ध हो जाएगी। उन्होंने कहा कि पहले इस टीके को देश में दिया जाएगा और बाद में दुनिया को देंगे। (Click here to read complete article)
- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नई दिल्ली में 'सीएपीएफ ई-आवास' वेब-पोर्टल लॉन्च किया। "CAPF eAwas" वेब पोर्टल के शुभारंभ के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हमारे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (CAPF) के जवानों के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक दिन है। देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने हेतु केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल हमारे मजबूत और जरूरी स्तम्भ रहे हैं। (Click here to read complete article )
- कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया है कि जन्म के तुरंत बाद बच्चे की मृत्यु के मामले में केंद्र सरकार की सभी महिला कर्मचारी 60 दिनों के विशेष मातृत्व अवकाश की हकदार होंगी। इसमें कहा गया है कि जन्म के तुरंत बाद बच्चे की मृत्यु के कारण होने वाले संभावित भावनात्मक आघात को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है, जिसका मां के जीवन पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है। (Click here to read complete article)
- इंडिया गेट से लेकर राष्ट्रपति भवन तक राजपथ नाम से मशहूर सड़क का नाम अब कर्तव्य पथ होगा। केंद्र सरकार ने राजपथ और राष्ट्रपति भवन से लेकर इंडिया गेट तक फैले सेंट्रल विस्टा लॉन का नाम बदलकर कर्तव्य पथ करने का फैसला किया है। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद विस्टा सेंट्रल और राजपथ ने (एनडीएमसी) लिए के बदलने नाम का लॉन 7 सितंबर को एक विशेष बैठक बुलाई है, जिसमें नए नाम पर औपचारिक मुहर लगेगी। (Click here to read complete article)
- ब्लू एनर्जी मोटर्स द्वारा पुणे के चाकन में भारत का पहला तरल प्राकृतिक गैस )LNG) ईंधन वाला ग्रीन ट्रक मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लॉन्च किया गया। इसका उद्घाटन केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने किया। इसकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि ब्लू एनर्जी मोटर्स के भारत में ट्रकिंग उद्योग को बाधित करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा, लगभगट्रकों उत्सर्जन शून्य-है। करती केंद्रित ध्यान करके निर्माण का (Click here to read complete article )
- देश की पहली नेजल वैक्सीन को आपातकालीन इस्तेमाल के लिए मंजूरी मिल गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने बताया कि भारत बायोटेक द्वारा कोरोना के लिए बनाई गई देश की पहली नेजल वैक्सीन को ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (DCGI) ने आपातकालीन उपयोग के लिए मंजूरी दे दी है। यह भारत का कोविड-19 वायरस के लिए पहला नाक से दिया जाने वाला टीका होगा। (Click here to read complete article)
- केंद्रीय मंत्री डॉकहा ने सिंह जितेन्द्र ., भारत में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र 2025 तक 50 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। द सीजिंग" से शीर्षक "ऑपर्चुनिटी ग्लोबल 14वें सीआईआई ग्लोबल मेडटेक शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉकहा ने सिंह जितेन्द्र ., प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवा पिछले दो वर्षों में नवाचार और प्रौद्योगिकी पर अधिक केन्द्रित हो गई है और 80 प्रतिशत स्वास्थ्य देखभाल पद्धतियों का आने वाले पांच वर्षों में डिजिटल स्वास्थ्य साधनों में अपना निवेश बढ़ाने का लक्ष्य है। **(**Click here to read complete article**)**
- केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राजकुमार रंजन सिंह ने शिक्षक पर्व का उद्घाटन किया। यह पर्व शिक्षकों को सम्मानित करने और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को आगे ले जाने के लिए मनाया जा रहा है। शिक्षक पर्व की शुरुआत शिक्षा मंत्रालय, सीबीएसई, एआईसीटीई और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा आयोजित एक उद्घाटन सम्मेलन के साथ हुई। (Click here to read complete article)
- देश के चीफ जस्टिस (CJI) जस्टिस उदय उमेश ललित ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) के नवनिर्मित राष्ट्रीय कार्यालय सेंटर फार सिटीजन सर्विस का उद्घाटन किया। NALSA को दी गई जैसलमेर हाउस की जगह का उपयोग अब किया जाएगा। सीजेआई उदय उमेश ललित एनएएलएसए के प्रमुख संरक्षक हैं। इस अवसर पर न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति एस के कौल तथा उच्चतम न्यायालय के अन्य न्यायाधीश भी मौजूद थे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ एनएएलएसए के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। (Click here to read complete article)
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रेलवे की भूमि को लंबे समय के लिये पट्टे पर देने की नीति के साथ-साथ अगले पांच वर्षों में 300 गति शक्ति कार्गो टर्मिनल विकसित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। भारतीय रेल को 300 गति शक्ति कार्गो टर्मिनल के चालू होने के बाद माल ढुलाई सेवाओं से कम से कम सालाना 30,000 करोड़ रुपये के बढ़े हुए राजस्व की उम्मीद है। (Click here to read complete article)

- विश्व संसाधन संस्थान ( WRI), भारत के सहयोग से NITI आयोग ने देश का पहला राष्ट्रीय इलेक्ट्रिक फ्रेट प्लेटफॉर्म- ई-फास्ट इंडिया ( सतत् परिवहन के लिए इलेक्ट्रिक फ्रेट एक्सेलेरेटर ) लॉन्च किया है। इसका उद्देश्य ऑन-ग्राउंड प्रदर्शन पायलटों और साक्ष्य-आधारित अनुसंधान द्वारा माल ढुलाई विद्युतीकरण के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। (Click here to read complete article)
- आयुष मंत्रालय के तहत अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) ने आयुर्वेद दिवस 2022 कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस वर्ष आयुर्वेद दिवस के लिए आयुष मंत्रालय के शासनादेश को आगे बढ़ाने के लिए एआईआईए को नोडल एजेंसी के रूप में चुना गया है। कार्यक्रम की विषय वस्तु है 'हर दिन हर घर आयुर्वेद ' है। **(Click here to read the article)**
- राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुमान 2018-19 जारी किया गया है। इसमें कुल स्वास्थ्य व्यय में सरकार की हिस्सेदारी 28.6 प्रतिशत (2013-14) से बढ़कर 40.6 प्रतिशत (2018-19) हो गई है। वहीं स्वास्थ्य सेवा पर प्रति व्यक्ति सरकारी खर्च 2013-14 से 74 प्रतिशत बढ़ा है। बता दें 2013-14 से सरकार द्वारा वित्तपोषित स्वास्थ्य बीमा व्यय में 167 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. वहीं कुल स्वास्थ्य व्यय के प्रतिशत के रूप में प्रति व्यक्ति आउट-ऑफ-पॉकेट व्यय (OOPE) में 16 प्रतिशत अंकों की गिरावट आयी है। (Click here to read the article)
- भारत की समृद्ध और विविध समुद्री विरासत को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से गुजरात के ऐतिहासिक सिंधु घाटी सभ्यता के क्षेत्र लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर बनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परियोजना की आधारशिला रखी गई थी। बंदरगाह और जलमार्ग मंत्रालय के मुताबिक परियोजना को विभिन्न चरणों में पूरा किया जाएगा। भारतीय नौसेना द्वारा चरण एक में उपयोग की जाने वाली पांच दीर्घाओं और एक नौसेना गैलरी के साथ संग्रहालय भवन परिसर शामिल हैं। (Click here to read the article)
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुलाम अली को जम्मू-कश्मीर से राज्यसभा हेतु नियुक्त किया है। इसकी जानकारी गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में दी है। अधिसूचना के अनुसार, जम्मू-कश्मीर के गुर्जर मुस्लिम समुदाय के गुलाम अली को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया है। (Click here to read the article)
- भारत में अपना पहला वन विश्वविद्यालय बनने जा रहा है। वानिकी विश्वविद्यालय )UoF) अधिनियम 2022 को तेलंगाना विधानसभा द्वारा अनुमोदित किया गया था। वानिकी विश्वविद्यालय (यूओएफ), भारत में अपनी तरह का पहला विश्वविद्यालय होगा। विश्व स्तर पर, यह रूस और चीन के बाद तीसरा वानिकी विश्वविद्यालय होगा। (Click here to read the article)
- भारत में 70 साल बाद फिर से चीतों की वापसी होगी। देश से लुप्त हो चुके चीतों को नामीबिया से लाकर मध्य प्रदेश के कूनो वाइल्ड लाइफ सेंचुरी में छोड़ा जाएगा। नामीबिया की राजधानी विंडहोक से आठ चीते भारत आ रहे हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मौजूद रहेंगे। चीते विशेष मालवाहक विमान से लाए जा रहे हैं, जो विशेष रूप से बोइंग 747 को तैयार करके बनाया गया है। (Click here to read the article)
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर 15 दिवसीय रक्तदान अभियान की शुरुआत की। रक्तदान अभियान को के 'महोत्सव अमृत रक्तदान' जो है जाता जाना में रूप 1 अक्टूबर 2022 तक जारी रहेगा जो राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस है। (Click here to read the article)
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले में कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों को छोड़ा। भारत में चीता विलुप्त हो गया था। आठ चीतों को विश्व की सबसे बडी अंतर महाद्वीपीय-पांच इनमें है। गया लाया भारत तहत के परियोजना स्थानान्तरण हैं। चीता नर तीन और मादा (Click here to read the article)
- एशिया डेवलपमेंट ब्रॉडकास्टिंग ऑफ इंस्टीट्यूट पैसिफिक-)AIBD) की भारत की अध्यक्षता को एक और वर्ष के लिए बढ़ा दिया गया है। प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और दूरदर्शन के महानिदेशक मयंक कुमार अग्रवाल AIBD के अध्यक्ष हैं। **(Click here to read the article)**
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वरिष्ठ उद्योगपति रतन टाटा को एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। सरकार ने रतन टाटा को 'PM केयर्स ' कई के देश साथ के टाटा रतन है। किया नियुक्त ट्रस्टी नया का फंड ' भी को व्यक्तियों सम्मानित अन्यPM केयर्स सलाहकार की फंड ' समिति में नियुक्त किया गया है। (Click here to read the article)
- भारत 2023 में ग्रेटर नोएडा में बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में अपनी पहली मोटोजीपी विश्व चैंपियनशिप दौड़ की मेजबानी करने के लिए तैयार है। भारत अगले साल ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट पर पहली मोटो ग्रां प्री विश्व चैम्पियनशिप रेस की मेजबानी करेगा। इसे है। गया दिया नाम 'भारत ऑफ प्री ग्रां' (Click here to read the article)
- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जयंत बरुआ से असमिया शब्दकोश हेमकोश की। प्राप्त प्रति एक की संस्करण ब्रेल के 'हेमकोश' 19वीं शताब्दी के शुरुआती असमिया शब्दकोशों में से एक है। पीएम मोदी ने ब्रेल संस्करण के प्रकाशन के लिए जयंत बरुआ और उनकी टीम को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी। (Click here to read the article)
- केंद्र ने "साइन लर्न" स्मार्टफोन ऐप जारी किया, जो भारतीय सांकेतिक भाषा (आईएसएल) के लिए 10,000 शब्दों का शब्दकोष है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री प्रतिमा भौमिक ने ऐप पेश किया। 10,000 शब्दों का इंडियन साइन लैंग्वेज रिसर्च एंड ट्रेनिंग सेंटर (ISLRTC) लेक्सिकॉन साइन लर्न की नींव के रूप में कार्य करता है। (Click here to read the article)
- केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो तहत के 'चक्र मेघ ऑपरेशन' ने (सीबीआई) (सीएसएएम) सामग्री संबंधित से उत्पीड़न यौन बाल के ऑनलाइन प्रसार से जुड़े दो मामलों में 19 राज्यों और एक केंद्र-में प्रदेश शासित 56 ठिकानों की तलाशी ली। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। (Click here to read the article)

- केंद्र सरकार ने आने वाले समय में पानी की समस्या को दूर करने के लिए एक मोबाइल ऐप विकसित किया है, जिसके जरिए एक बड़ी समस्या का हल निकाला जाएगा। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय )Union Ministry of Rural Development) ने मोबाइल ऐप जलद'ूत' (Jaldoot App) को लॉन्च कर दिया है, जिससे ग्राम रोजगार सहायक मानसून से पहले और बाद में साल में दो बार चयनित कुओं के जल स्तर को माप सकेंगे। (Click here to read the article)
- टेरर फंडिंग मामले की जांच का सामना कर रहे पीएफआई यानी पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया पर बैन (Ban on PFI) लगा दिया गया है। दिल्ली-यूपी से लेकर देश के अलग-अलग ठिकानों पर ताबड़तोड़ एक्शन के बाद केंद्र सरकार ने UAPA के तहत इस संगठन को गैरकानूनी घोषित कर दिया है। सरकार द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, पीएफआई पर पांच साल का बैन लगाया गया है। (Click here to read the article)
- सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं के हक में एक बहुत बड़ा फैसला दिया। गर्भपात के मामले में विवाहित और अविवाहित का भेद मिटाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारत सभी महिलाएं, चाहे विवाहित हों या अविवाहित, सुरक्षित और कानूनी गर्भपात की हकदार हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट में संशोधन करते हुए कहा कि विवाहित महिला की तरह अविवाहित को भी गर्भपात कराने का अधिकार है। (Click here to read the article)

## States Current Affairs

- राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक महीने तक चलने वाले राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों का उद्घाटन किया और कुछ समय के लिए कबड्डी के खेल में हाथ आजमाया। इन खेलों के लिए लगभग 30 लाख ग्रामीणों ने पंजीकरण कराया है। ग्रामीण ओलंपिक में कुल 6 गेम कबड्डी, खो-खो, शूटिंग बॉल, टेनिस बॉल क्रिकेट, वॉलीबॉल और हॉकी खेले जाएंगे। **(**Click here to read complete article**)**
- विनिर्माण और स्थिरता से संबंधित क्षेत्रों में विकास चरण के स्टार्टअप का समर्थन करने के उद्देश्य से, कर्नाटक सरकार ने - ग्लोबल स्टार्टअप चैलेंज - वेंटुराइज लॉन्च किया। VentuRISE ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट - इन्वेस्ट कर्नाटक 2022 का हिस्सा होगा, जो 2 से 4 नवंबर तक बेंगलुरु में आयोजित किया जाएगा। (Click here to read complete article)
- ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राज्य सरकार की आजीविका एवं आय संवर्धन (केएएलआईए) योजना के तहत 41.85 लाख किसानों को 869 करोड़ रुपये वितरित किये। ओडिशा में रबी की फसल के लिए इस योजना के तहत 41 लाख छोटे एवं सीमांत किसानों और अन्य 85,000 भूमिहीन किसानों के बैंक खातों में दो-दो हजार रुपये भेजे गये। **(**Click here to read complete article**)**
- मेघालय के मुख्यमंत्री, कॉनराड के संगमा ने "ग्रामीण पिछवाड़े सुअर पालन योजना" शुरू की है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि किसान विभिन्न पशुधन खेती गतिविधियों के माध्यम से एक स्थायी आजीविका अर्जित करें। (Click here to read complete article)
- उत्तराखंड की उच्च शिक्षा में व्यापक सुधार के लिए समर्थ ई-गवर्नेंस पोर्टल का शुभारंभ हो गया। राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने इसकी शुरुआत करते हुए कहा कि इससे राज्य की उच्च शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि साथ ही, छात्र-छात्राओं को क्वालिटी एजुकेशन उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से उच्च शिक्षा में टीचर शेयरिंग फार्मेट लागू किया जाएगा, जिसके तहत, देशभर के निजी एवं राजकीय विश्वविद्यालयों के मध्य अनुबंध किया जाएगा। (Click here to read complete article)
- छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के 29वें जिले मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनांदगांव इतना बड़ा जिला था कि अंतिम कोने में रह रहे व्यक्ति को जिला मुख्यालय पहुंचने में शाम हो जाती थी, लेकिन अब यह सारी दिक्कत दूर हो गई। जिला की शुरुआत करने से पहले सीएम भूपेश बघेल के रोड-शो में भारी भीड़ उमड़ी। (Click here to read complete article)
- भारतीय सेना ने उत्तर पूर्व में आतंकवाद विरोधी (सीआई) काम को छोड़ने और चीन के साथ लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर ध्यान केंद्रित करने के लिए खुद को फिर से तैयार किया है। जिसके तहत अब पूर्वी अरुणाचल प्रदेश में बुनियादी ढांचे के निर्माण और सुदृढ़ीकरण पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। (Click here to read complete article)
- तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उपस्थिति में चेन्नई में एक समारोह में 'पुधुमई पेन' शीर्षक से मूलुर रामामिरथम अम्मैयार उच्च शिक्षा आश्वासन योजना शुरू की है। अरविंद केजरीवाल ने उत्कृष्टता के 26 स्कूलों और 15 मॉडल स्कूलों का उद्घाटन किया। अरविंद केजरीवाल ने "पुधुमाई पेन" योजना शुरू करने के लिए राज्य सरकार की सराहना की और कहा कि इस योजना पर पूरे देश में कड़ी नजर रखी जाएगी। (Click here to read complete article)
- राजस्थान सरकार ने शहरी इलाकों में जरूरतमंद परिवारों को साल में कम से कम 100 दिन का रोजगार मुहैया कराने की महत्वाकांक्षी योजना शुरू की है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर में इंदिरा गांधी शहरी रोजगार गारंटी योजना की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि इस योजना से शहरी क्षेत्र में रहने वाले परिवारों को जीवन यापन करने में मदद मिलेगी। (Click here to read complete article)
- छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में दो नए जिलों सक्ती और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर का उद्घाटन किया। इसके बाद प्रदेश में जिलों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है। पिछले 4 साल के दौरान कांग्रेस सरकार में प्रदेश को 6 नए जिले मिले हैं। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हम पुरखों का सपना पूरा कर रहे हैं। **(**Click here to read complete article**)**

- मोक्ष की भूमि गया में देश का सबसे बड़ा रबर डैम बनकर तैयार हो गया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने फल्गु नदी पर बने इस रबर डैम का उद्घाटन किया। इस डैम के बनने के साथ ही सालों से सूखी पड़ी फल्गु नदी में अब 10 फीट तक पानी है। रबर डैम के बनने के बाद विश्व प्रसिद्ध गया में पिंडदान करने आने वाले लोगों को आचमन करने के लिए अब 2 फीट गड्ढा नहीं करना होगा। यह डैम 400 मीटर चौड़ा और तीन मीटर ऊंचा है। (Click here to read complete article)
- ओडिशा सरकार ने हाल ही में CHHATA Scheme अर्थात छत से जलभृत तक कृत्रिम रूप से वर्षा जल का सामुदायिक दोहन और संचयन योजना शुरू की है। नई योजना को पिछले महीने कैबिनेट ने मंजूरी दी थी। इसे पांच साल की अवधि के लिए लागू किया जाएगा।
- मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा द्वारा राज्य की निवासी सुरक्षा और सुरक्षा अधिनियम का ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया गया। उन्होंने कहा कि यह डिजीटल प्रणाली न केवल निवासियों की सुरक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, बल्कि यह ऑनलाइन डेटाबेस से एकत्रित खुफिया जानकारी के आधार पर अधिकारियों की निगरानी और कार्य करने के लिए एक मजबूत खुफिया जानकारी प्रणाली के रूप में भी कार्य करेगी। (Click here to read the article)
- गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने फिल्म निर्माण उद्योगों के लिए एक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने और विकसित करने और पर्यटन अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने हेतु राज्य की पहली सिनेमा पर्यटन नीति-2022 की शुरुआत की। इन नीति का मुख्य उद्देश्य राज्य में निवेश लाने, फिल्म इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास को सुगम करने और फिल्म प्रोडक्शन इंडस्ट्री में युवाओं हेतु रोजगार और उद्यमिता की चुनौती को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के साथ फिल्म अभिनेता अजय देवगन भी मौजूद थे। (Click here to read the article)
- जल संरक्षण और संचयन (Water Conservation and Harvesting) के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा शुरू की गयी अमृत सरोवर योजना (Amrit Sarovar) में उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट अमृत सरोवर के तहत उत्तर प्रदेश में कुल 8462 झील के निर्माण हुए हैं। (Click here to read the article)
- इंदौर दुनिया का पहला ऐसा शहर होगा, जहां हर व्यक्ति का अपना एक डिजिटल एड्रेस होगा। यानी अब इंदौर में किसी एड्रेस को खोजना बहुत ही आसान हो जाएगा। आप को सिर्फ व्यक्ति का कोड डालना होगा और आपको उसके घर की लोकेशन मिल जाएगी। इंदौर पूरी तरह से डिजिटल एड्रेसिंग सिस्टम लागू करके इतिहास रचेगा, ऐसा करने वाला यह भारत का पहला शहर बन जाएगा। (Click here to read the article)
- देश में तेजी से औद्योगिक निवेश बढ़ रहा है। देश के दो राज्य कुल औद्योगिक निवेश में से 45 फीसदी हिस्सा हासिल कर रहे हैं। ये दो राज्य ओडिशा और आंध्र प्रदेश हैं। इसकी जानकारी डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंड्स्ट्रियल एंड इंटरनल ट्रेड )DPIIT) ने दी है। इंडस्ट्रियल इंवेस्टमेंट यानी औद्योगिक निवेश के मामले में दक्षिणी राज्य आंध्र प्रदेश ने बाजी मार ली है। (Click here to read the article)
- झारखंड सरकार की कैबिनेट ने राज्य में पदों व सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण अधिनियम 2001 में संशोधन का फैसला लिया। राज्य की सेवाओं में कुल आरक्षण सीमा अब 50 प्रतिशत से बढ़कर 77 प्रतिशत होगी। इस बैठक में कैबिनेट ने ओबीसी, एससी और एसटी के आरक्षण को बढ़ाने संबंधी विधेयक के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। (Click here to read the article)
- सिक्किम सरकार ने अकुशल श्रमिकों के लिए न्यूनतम वेतन में 67 प्रतिशत की बढ़ोतरी करते हुए वेतन को 500 रुपये कर दिया। अकुशल श्रमिकों का दैनिक वेतन 11 जुलाई, 2022 से पूर्वव्यापी प्रभाव से 300 रुपये से बढ़ाकर 500 रुपये कर दिया गया है। अर्धकुशल श्रमिकों का दैनिक वेतन 320 रुपये से बढ़ाकर 520 रुपये कर दिया गया है, जबकि कुशल श्रमिकों को 335 रुपये के बजाय अब 535 रुपये मिलेंगे। (Click here to read the article)
- इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री, राजीव चंद्रशेखर ने आंध्र प्रदेश के तिरुपति में भारत की पहली लिथियम-है। किया लॉन्च रन प्रोडक्शन-प्री का सुविधा निर्माण सेल आयन लिमिटेड इंडस्ट्रीज मुनोथ स्थित चेन्नई सुविधा अत्याधुनिक यह द्वारा 165 करोड़ रुपये के परिव्यय से स्थापित की गई है। (Click here to read the article)
- मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने आम लोगों की शिकायतों के निवारण के लिए इम्फाल में एक वेब-पोर्टल का शुभारंभ किया। इस वेब-पोर्टल का नाम 'सीएम दा हैसी' है। आम जनता डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट सीएम दा हैसी डॉट जीओवी डॉट इन पर लॉग इन करके वेब-पोर्टल में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायतकर्ता अपनी शिकायतों की स्थिति भी देख सकते हैं। (Click here to read the article)
- महाराष्ट्र के पर्यटन मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने कहा है कि दौलताबा'द किले रखा 'किला देवगिरी' बदलकर नाम का ' ने सरकार शिंदे एकनाथ की राज्य में ही हाल पहले इससे जाएगा। का उस्मानाबाद और संभाजीनगर बदलकर नाम का औरंगाबाद था। किया धाराशिव (Click here to read the article)
- बिहार सरकार छात्रों पर बोझ कम करने के लिए स्कूलों में नो ' एक कम से कम में हफ्ते सरकार है। रही जा लाने नियम ' डे बैग मुख्य अतिरिक्त के विभाग शिक्षा बनाएगी। डे बैग नो को दिन कहा ने सिंह कुमार दीपक सचिव कि इस आशय की अधिसूचना जल्द ही जारी की जाएगी, साप्ताहिक आधारित कार्य में 'डे बैग-नो' होंगी। कक्षाएं व्यावहारिक (Click here to read the article)
- तमिलनाडु में देश के पहले 'डुगोंग संरक्षण अभयारण्य' को अधिसूचित कर दिया गया है। राज्य सरकार ने यह जानकारी दी।इस कदम का उद्देश्य लुप्तप्राय प्रजाति का संरक्षण करना है। इस कदम से समुद्री जीव के संरक्षण में मदद मिलेगी। अभयारण्य को पाक की खाड़ी में अधिसूचित किया गया है। (Click here to read the article)

- उत्तर प्रदेश विधानमंडल के दोनों सदनों में एक इतिहास रचा गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर दोनों सदनों में पूरा एक दिन महिला सदस्यों को समर्पित किया गया था, जहां सत्ता पक्ष और विपक्ष की महिला सदस्यों ने भागीदारी की और महिला हितों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। (Click here to read the article)
- छत्तीसगढ़ सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा पर 'हमर बेटी हमर मान' (हमारी बेटी, हमारा सम्मान) नामक एक अभियान शुरू करने का फैसला किया है। अभियान का फोकस स्कूल और कॉलेज जाने वाली लड़कियों के बीच सुरक्षा उपायों पर जागरूकता पैदा करना और महिलाओं से संबंधित अपराधों के पंजीकरण और जांच को प्राथमिकता देना है। अभियान के शुभारंभ की घोषणा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने की। **(Click here to read the article)**
- असम सरकार नवजात शिशुओं को होने वाली सांस संबंधी समस्या से निजात दिलाने के लिए अपने अस्पतालों में एक विशेष उपकरण का इस्तेमाल करेगी। सरकार ने इस योजना पर काम करने के लिए बेंगलुरु के एक स्टार्टअप से हाथ मिलाया है। सरकार ने एक निर्णय का इस्तेमाल के उपकरण इस के नाम 'सांस' है। लिया बाद के होने सफल के परियोजना प्रायोगिक (Click here to read the article)
- तेलंगाना का पुष्प उत्सव बथुकम्मा हाल ही में शुरू हुआ, जिसमें राज्य भर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्सव में भाग लिया। बथुकम्मा पर्व पितृपक्ष यानि भादो की अमावस्या महालया जिसे) की नवरात्र होकर आरंभ से (है जाता कहा भी अमावस्या की दिन के अष्टमी पूर्ण होता है। शालिवाहन संवत के अनुसार यह पर्व अमावस्या तिथि से शुरू होकर दुर्गाष्टमी तक चलता है। (Click here to read the article)
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर उत्तराखंड को बेस्ट एडवेंचर टूरिज्म डेस्टिनेशन एवार्ड तथा पर्यटन के सर्वांगीण विकास के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किये जाने पर प्रदेशवासियों को शुभकामना दी है। मुख्यमंत्री ने इसे प्रदेश के पर्यटन को बढ़ावा देने वाला बताते हुए कहा कि इससे उत्तराखंड के नैसर्गिक प्राकृतिक सौंदर्य एवं पर्यटन क्षेत्रों को देश व दुनिया में पहचान मिलेगी। **(Click here to read the article)**
- उत्तर प्रदेश में बाघ संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए मंत्रिमंडल ने बुंदेलखंड में बाघ अभयारण्य बनाने को मंजूरी दे दी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई बैठक में, मंत्रिमंडल ने वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत रानीपुर बाघ अभयारण्य को अधिसूचित करने की मंजूरी दी। यह अभयारण्य 52,989.863 हेक्टेयर में होगा, जिसमें 29,958.863 हेक्टेयर बफर क्षेत्र और 23,031.00 हेक्टेयर मुख्य क्षेत्र शामिल है। (Click here to read the article)
- पीएम मोदी ने हाल ही में गुजरात में 36वें नेशनल गेम्स का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने विश्व के सबसे बड़े स्टेडियम नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इन खेल समारोह का उद्घाटन किया। इसके साथ ही पीएम मोदी ने भावनगर में दुनिया के पहले सीएनजी टर्मिनल और ब्राउनफील्ड बंदरगाह की आधारशिला रखी। बंदरगाह को 4,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विकसित किया जाएगा और इसमें सीएनजी टर्मिनल के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा होगा। (Click here to read the article)

## Schemes/Committees

- केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने पुडुचेरी में 'स्वच्छ सागर सुरक्षित सागर' अभियान के शुभारंभ के अवसर पर स्वयंसेवकों और विभिन्न संगठनों के सदस्यों के साथ कचरा उठाने के लिए हाथ मिलाया। मंत्रालय और विज्ञान, प्रौद्योगिकी और पर्यावरण विभाग पुडुचेरी ने संयुक्त रूप से अभियान का आयोजन किया। (Click here to read complete article)
- बता दें वर्तमान केंद्र सरकार के प्रमुख वित्तीय समावेशन कार्यक्रम प्रधानमंत्री जन धन योजना के आठ साल पूरे हो गए हैं। इस अवधि के दौरान सरकार इस योजना के जरिए कई लक्ष्य प्राप्त करने में सफल रही है। बता दें, इस योजना के बारे में पीएम मोदी ने मोदी ने 2014 में अपने पहले स्वतंत्रता दिवस संबोधन में घोषणा की थी। (Click here to read complete article)
- अटल इनोवेशन मिशन (AIM) और NITI Aayog हाई स्कूल के छात्रों के बीच एक नवीन मानसिकता का पोषण करने के लिए जम्मू और कश्मीर में 500 से अधिक अटल टिंकरिंग लैब (ATL) स्थापित करेंगे। एटीएल पूरे भारत में हाई स्कूल के छात्रों के बीच एक अभिनव मानसिकता को पोषित करने के लिए केंद्र द्वारा शुरू की गई एआईएम की प्रमुख पहल है। (Click here to read complete article)
- महिला और बाल विकास मंत्रालय 5वां राष्ट्रीय पोषण माह 2022 का आयोजन कर रहा है। यह अभियान 01 सितम्बर से शुरू होकर 30 सितम्बर तक चलेगा। इस बार इसका मुख्य फोकस "महिला और स्वास्थ्य" और "बच्चा और शिक्षा" पर केन्द्रित है. इसके आयोजन का मुख्य उद्देश्य देश के सभी ग्राम पंचायतों तक पोषण और स्वास्थ्य के बारे में लोगों को जागरूक करना है। **(Click here to read complete article)**
- शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया (PM-SHRI) योजना के तहत पूरे भारत में 14,500 स्कूलों का विकास और उन्नयन किया जाएगा। ये मॉडल स्कूल बनेंगे जो नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) की पूरी भावना को समाहित करेंगे। (Click here to read complete article)

- वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत के स्टार्टअप को अमेरिकी निवेशकों से जोड़ने के लिये यहां 'सेतु' (बदलाव और हुनरमंद बनाने के लिये उद्यमियों को समर्थन) नाम से पहल शुरू की। सेतु को अमेरिका में स्थित उन निवेशकों एवं संरक्षकों के बीच भौगोलिक बाधाओं को दूर के लिये तैयार किया गया है जो भारत में उद्यमिता और उभरते स्टार्टअप में निवेश करने को इच्छुक हैं। (Click here to read the article)
- केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने पहली से पांचवीं कक्षा के छात्रों के लिए रामकृष्ण मिशन 'जागृति' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर, रामकृष्ण मिशन के सचिव स्वामी शांतात्मनादा, CBSE अध्यक्ष, श्रीमती निधि छिब्बर और KVS, NVS और मंत्रालय के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। (Click here to read the article)
- केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने स्केल (स्किल सर्टिफिकेशन असेसमेंट फॉर लेदर एम्प्लॉइज) ऐप लॉन्च किया है। यह चमड़ा उद्योग के कौशल, सीखने, मूल्यांकन और रोजगार की जरूरतों के लिए वन-स्टॉप समाधान प्रदान करता है। चमड़ा कौशल क्षेत्र परिषद ने चमड़ा उद्योग में प्रशिक्षुओं को कौशल विकास कार्यक्रमों के डिजाइन और प्रशिक्षण के तरीके को बदलने के लिए एंड्रॉइड ऐप स्केल विकसित किया है। (Click here to read the article)
- दिल्ली के उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना ने लोगों को दिल्ली पुलिस की विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक करने के वास्ते एक सामुदायिक पुलिस पहल की शुरुआत की। उपराज्यपाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 72वें जन्मदिन के अवसर पर इंडिया गेट पर आयोजित 'सेवा दिवस' कार्यक्रम में 'वी केयर' पहल का उद्घाटन किया। (Click here to read the article)
- केंद्र सरकार के प्रमुख कार्यक्रम 'मेक इन इंडिया' के आठ वर्ष पूरे हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 में 25 सितम्बर को इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया था। इसका मुख्य उद्देश्य निवेश, नवाचार और कौशल विकास को बढ़ावा देना, तथा सर्वोत्तम विनिर्माण बुनियादी सुविधाएं सृजित करना है। मेक इन इंडिया कार्यक्रम देश के 27 विभिन्न सेक्टरों में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कर रहा है। (Click here to read the article)




## Agreement/Memorandum of Understanding (MoU)

- आंध्र प्रदेश की सरकार ने प्लास्टिक के खिलाफ अभियान के तहत शुक्रवार को राज्यभर में विनाइल के बैनर के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया। मुख्यमंत्री वाई.एस.जगनमोहन रेड्डी ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए इसके बजाय कपड़े के बैनर का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने यहां यूएस बेस्ड पार्लेज फॉर ओशन्स के साथ साझेदारी में बड़े पैमाने पर समुद्र तट की सफाई का कार्यक्रम शुरू किया। (Click here to read complete article)
- अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने कहा कि उसने देश भर में डिजिटल रचनात्मकता कौशल में तेजी लाने के लिए एडोब के साथ एक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। एक बयान के अनुसार, समझौते के तहत, एडोब आज की डिजिटल-फर्स्ट दुनिया में फलने-फूलने के लिए आवश्यक आवश्यक रचनात्मक और डिजिटल साक्षरता कौशल वाले छात्रों को तैयार करने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए पाठ्यक्रम और विशेषज्ञता प्रदान करेगा, और पाठ्यक्रम में डिजिटल रचनात्मकता को एकीकृत करेगा। (Click here to read complete article)
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी बांग्लादेशी समकक्ष शेख हसीना ने कई मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। उन्होंने द्विपक्षीय संबंधों में गति बनाए रखने के लिए एक व्यापक आर्थिक साझेदारी (CEPA) समझौते पर बातचीत शुरू करने का फैसला किया। भारत और बांग्लादेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत दौरे पर आई प्रधानमंत्री शेख हसीना की मौजूदगी में सात समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। (Click here to read complete article)
- गुजरात सरकार ने वेदांता और फॉक्सकॉन ग्रुप के साथ एक समझौता पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता, जिससे गुजरात में 1.54 लाख करोड़ रूपये का निवेश होगा। यह समझौता आत्मनिर्भर भारत और सेमीकंडक्टर निर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विज़न के अनुरूप है। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव की उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। (Click here to read the article)
- इलेक्ट्रानिक्स एवं आईटी मंत्रालय के स्टार्टअप हब ने मेटा के सहयोग से पूरे भारत में एक्सआर प्रौद्योगिकी स्टार्टअप को विकसित करने एवं उसे गति प्रदान करने हेतु एक संयुक्त कार्यक्रम लॉन्च करने जा रहा है। यह कार्यक्रम भविष्य की प्रौद्योगिकियों में कुशलता बढ़ाने एवं ऐसी प्रौद्योगिकियों के विकास के सरकार के प्रयासों का हिस्सा है। (Click here to read the article)

- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास (आईआईटी-मद्रास) और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मशीन (आईबीएम) ने भारत में क्वांटम कंप्यूटिंग अनुसंधान और प्रतिभा विकास में सुधार के लिए सहयोग किया है। IIT मद्रास इस समझौते के माध्यम से 180 से अधिक संगठनों की IBM क्वांटम नेटवर्क की वैश्विक सदस्यता में शामिल हुआ। आईआईटी मद्रास क्वांटम कंप्यूटिंग को बढ़ाने और "पहले भारतीय विश्वविद्यालय" के रूप में व्यावसायिक अनुप्रयोग मामलों की जांच करने के लिए आईबीएम क्वांटम तकनीक का उपयोग करके फॉर्च्यून 500 निगमों, स्टार्ट-अप, शैक्षणिक संस्थानों और अनुसंधान प्रयोगशालाओं के वैश्विक नेटवर्क में शामिल हो गया। (Click here to read the article)
- एमिटी यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश ने अकादमिक सहयोग के लिए दीर्घकालिक संबंध बनाने के लिए भारतीय नौसेना के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। एमिटी यूनिवर्सिटी और भारतीय नौसेना के बीच समझौता ज्ञापन शैक्षिक योग्यता में वृद्धि करेगा, जिससे 'इनसर्विस-' उपयुक्त समुद्री असाइनमेंट और भारतीय नौसेना से सेवानिवृत्ति में बेहतर प्लेसमेंट की संभावना में सुधार होगा। (Click here to read the article)
- भारत और मिस्र ने रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं और संयुक्त सैन्य अभ्यास, प्रशिक्षण, सह-उत्पादन और उपकरणों के रखरखाव को बढ़ाने का निर्णय लिया है। समझौता ज्ञापन पर भारत के रक्षा मंत्रालय राजनाथ सिंह और मिस्र के जनरल मोहम्मद जकी ने काहिरा में एक बैठक में हस्ताक्षर किए। (Click here to read the article)
- हीरो मोटोकॉर्प और हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (HPCL) ने समझौता किया है। इस समझौते के तहत दोनों कंपनियां मिलकर देश में इलेक्ट्रिक वाहनों (EV) के लिये चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने का काम करेंगी। इससे आने वाले समय में इलेक्ट्रिक वाहन के चलन में तेजी आएगी। इसके तहत दोनों कंपनियां देशभर में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का काम करेंगी। (Click here to read the article)
- राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) और संयुक्त राष्ट्र के एक निकाय ने प्लास्टिक प्रदूषण के मुद्दे से निपटने और निरंतर अभियानों के माध्यम से स्वच्छ जलाशयों के सार्वभौमिक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए। एनसीसी और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) ने यहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए। (Click here to read the article)
- रक्षा मंत्रालय का लक्ष्य सितंबर के अंत तक 32 लाख में से 17 लाख पेंशनर्स को वेब आधारित प्रणाली स्पर्श से जोड़ने का है। इस संबंध में रक्षा लेखा विभाग ने बैंक ऑफ बड़ौदा और एचडीएफसी बैंक के साथ एमओयू साइन किया है। रक्षा सचिव अजय कुमार, अन्य वरिष्ठ रक्षा अधिकारियों और दोनों बैंकों के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में एमओयू पर साइन किए गए। इसके तहत पूरे भारत में 14,000 से अधिक शाखाओं में पेंशनर्स को स्पर्श पहल के तहत सेवा केंद्रों से जोड़ा जाएगा। (Click here to read the article)
- सैमसंग ने भारत में अपने सीएसआर प्रोग्राम 'सैमसंग इनोवेशन कैंपस' को लॉन्च किया है। यह प्रोग्राम युवाओं को भविष्य की तकनीक के क्षेत्र जैसे एआई, आईओटी, बिग डेटा और कोडिंग एवं प्रोग्रामिंग के क्षेत्र के लिए खुद को तैयार करने में उनकी मदद करेगा। (Click here to read the article)
- रॉयल सोसाइटी ऑफ केमिस्ट्री (आरएससी) और उद्योग तथा वैज्ञानिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) स्कूलों तथा विश्वविद्यालयों में केमिकल साइंस को बढ़ावा में एक-दूसरे का सहयोग करेंगे। इसके लिए एक खास जिज्ञासा कार्यक्रम शुरू किया गया है। जिज्ञासा के तहत सीएसआईआर की प्रयोगशालाओं में कम से कम 2000 स्कूली बच्चों, 150 शिक्षकों और 350 स्वयंसेवक आरएससी ग्लोबल क्वाइन एक्सपेरिमेंट में शामिल हुए हैं।. (Click here to read the article)
- एयर इंडिया ने अपने एयरबस ए320 परिवार के बेड़े में स्थापित 34 सीएफएम56-5बी इंजनों के लिए विलिस लीज फाइनेंस कॉर्पोरेशन के साथ एक निश्चित बिक्री और लीजबैक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इंजनों को विलिस लीज के कॉन्स्टेंटश्रस्ट प्रोग्राम के तहत कवर किया जाएगा, जो पारंपरिक एमआरओ शॉप विजिट प्रोग्राम की तुलना में महत्वपूर्ण विश्वसनीयता और लागत बचत प्रदान करेगा। (Click here to read the article)

## Appointments/Resignations (National & International)

- नागेश सिंह थाईलैंड में भारत के राजदूत नियुक्त किये गए। विदेश मंत्रालय के ज्वाइंट सेक्रेटरी नागेश सिंह को भारत ने थाईलैंड में अपना नया राजदूत नियुक्त किया है। यह जानकारी विदेश मंत्रालय ने दी है। विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव नागेश सिंह को थाईलैंड में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया है। नागेश सिंह इससे पहले विदेश मंत्रालय में चीफ ऑफ प्रोटोकॉल रह चुके हैं। वह उपराष्ट्रपति के ओएसडी भी रहे हैं। (Click here to read complete article)
- वरिष्ठ भारतीय सूचना सेवा अ (आईआईएस)धिकारी वसुधा गुप्ता ने आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग की महानिदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया। 1989 बैच की आईआईएस अधिकारी गुप्ता ने 32 साल से अधिक के अपने करियर के दौरान सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में विभिन्न पदों पर कार्य किया है। 1988 बैच के आईआईएस अधिकारी एन वेणुधर रेड्डी 34 साल लंबे करियर के बाद आकाशवाणी के प्रधान महानिदेशक के रूप में सेवानिवृत्त हुए। (Click here to read complete article)
- यमुना कुमार चौबे ने 1 सितंबर से तीन महीने के लिए एनएचपीसी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने अभय कुमार सिंह का स्थान लिया। चौबे वर्तमान में एनएचपीसी में निदेशक उन्हें और हैं (तकनीकी) 3 महीने की अवधि के लिए सीएमडी के पद का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, जब तक कि एक नियमित पदधारी पद ग्रहण नहीं करता। (Click here to read complete article)

- भारतीय मूल के लक्ष्मण नरसिम्हन को कॉफी कंपनी स्टारबक्स का अगला मुख्य कार्यपालक अधिकारी (CEO) नियुक्त किया गया है। अभी वे ब्रिटेन की स्वास्थ्य एवं पोषण कंपनी रेकिट बेनकिसर के सीईओ हैं। स्टारबक्स ने घोषणा की कि 55 वर्षीय नरसिम्हन कंपनी के अगले सीईओ होंगे और वह स्टारबक्स के निदेशक मंडल के सदस्य भी होंगे।
- भारत के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी बाईचुंग भूटिया को हराकर कल्याण चौबे एआईएफए के नए अध्यक्ष बने हैं। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के 85 साल के इतिहास में पहली बार किसी पूर्व खिलाड़ी को अध्यक्ष चुना गया है। कल्याण चौबे मोहन बागान और ईस्ट बंगाल के पूर्व गोलकीपर रहे हैं। चौबे ने बाईचुंग भूटिया को 33-1 के अंतर से हराया। इसकी उम्मीद पहले की जा रही थी, क्योंकि राज्य संघ से बनी 34 सदस्यीय मतदाता सूची में कई लोग पूर्व कप्तान भूटिया के समर्थन में नहीं थे।
- राज्यसभा के सभापति और लोकसभा अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से निर्णय लिया कि उत्पल कुमार सिंह, जो वर्तमान में लोकसभा महासचिव का पद संभाल रहे हैं, सीईओ संसद टीवी के कार्यों का भी निर्वहन करेंगे। रवि कपूर को संसद टीवी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के रूप में उनके कर्तव्यों से मुक्त कर दिया गया है। (Click here to read complete article)
- कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने कैप्टन बिनेश कुमार त्यागी को शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एससीआई) के नए अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त करने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा जारी एक कार्यालय आदेश के अनुसार, नियुक्ति पद के कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से या उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख तक, या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, तक के लिए है। (Click here to read complete article)
- सुप्रीम कोर्ट के सीनियर मोस्ट जज जस्टिस डी वाई चन्द्रचूड राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नालसा के 31 वें कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। केन्द्र सरकार द्वारा भेजे गये प्रस्ताव को राष्ट्रपति द्वारा मंजूरी मिलने के बाद जस्टिस डी वाई चन्द्रचूड की नियुक्ति का नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। (Click here to read complete article)
- तूतीकोरिन स्थित तमिलनाडु मर्केंटाइल बैंक (टीएमबी) लिमिटेड ने तीन साल के लिए कृष्णन शंकरसुब्रमण्यम (उर्फ एस कृष्णन) को प्रबंध निदेशक और सीईओ के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की है। उनकी नियुक्ति को भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) द्वारा 18 अगस्त, 2022 के अनुमोदन पत्र के अनुसार अनुमोदित किया गया था। (Click here to read complete article)
- कर्नाटक सरकार ने कन्नड़ फिल्म अभिनेता किच्चा सुदीप को अपनी 'पुण्यकोटि दत्तू योजना' (मवेशी गोद लेने संबंधी कार्यक्रम) के लिए 'ब्रांड एंबेसडर' नियुक्त किया है। पशुपालन मंत्री प्रभु बी. चव्हाण ने सुदीप के जन्मदिन के अवसर पर एक ट्वीट में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि अभिनेता ने इस योजना के लिए 'ब्रांड एंबेसडर' बनने के लिए कोई शुल्क नहीं लेने का फैसला किया है। (Click here to read complete article)
- राज्य द्वारा संचालित सिटी गैस यूटिलिटी, महानगर गैस लिमिटेड (MGL) ने महेश विश्वनाथन अय्यर को कंपनी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। अय्यर पिछले महीने तक गेल (इंडिया) लिमिटेड में निदेशक (व्यवसाय विकास) थे। गेल एमजीएल के प्रमोटर हैं। अय्यर एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर हैं, जिनके पास गैस पाइपलाइनों, एलएनजी टर्मिनलों, शहरी गैस वितरण परियोजनाओं, नवीकरणीय ऊर्जा आदि के क्षेत्रों में परियोजनाओं के निष्पादन में 36 से अधिक वर्षों का अनुभव है। (Click here to read complete article)
- अनुभवी राजनयिक संजय कुमार वर्मा को कनाडा में भारत का अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया गया जबकि मौजूदा समय में अमेरिका के शिकागो में भारत के महावाणिज्य दूत के तौर पर कार्यरत अमित कुमार को दक्षिण कोरिया के अगले भारतीय राजदूत के तौर पर नामित किया गया है। 57 वर्षीय संजय कुमार वर्मा ने कार्यवाहक उच्चायुक्त अंशुमान गौड़ की जगह ली है। (Click here to read complete article)
- इंडिगो ने पीटर एल्बर्स को एयरलाइन का नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। पीटर एल्बर्स ने एयरलाइन कंपनी इंडिगो के सीईओ का पद संभाल लिया है। एल्बर्स ने रोनोजॉय दत्ता की जगह ली है। एयरलाइन ने दत्ता के 30 सितंबर को सेवानिवृत्त होने के फैसले के बाद एल्बर्स को नये सीईओ के लिए नामित किया था। (Click here to read complete article)
- मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, केंद्र ने न्यायमूर्ति मुनीश्वर नाथ भंडारी को धन शोधन निवारण अधिनियम रूप के अध्यक्ष के न्यायाधिकरण अपीलीय तहत के (पीएमएलए) भंडारी न्यायमूर्ति किया। नियुक्त में 12 सितंबर को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग की ओर से यह आदेश जारी किया गया है। SAFEMA के तहत संपत्ति की जब्ती के लिए ट्रिब्यूनल और PMLA अपीलीय न्यायाधिकरण को 2016 में वित्त अधिनियम, 2016 के माध्यम से विलय कर दिया गया था। (Click here to read the article)
- नायरा एनर्जी ने प्रसाद के पनिकर को कंपनी का नया अध्यक्ष घोषित किया। प्रसाद के पनिकर रिफाइनरी के निदेशक और प्रमुख हैं, और वह चार्ल्स एंथोनी फाउंटेन की जगह लेंगे, जिन्होंने पांच साल तक सेवा की। नायरा एनर्जी के नए अध्यक्ष का कार्यकाल 3 अक्टूबर 2022 से शुरू होगा। (Click here to read the article)
- अमेरिकन एक्सप्रेस बैंकिंग कॉरपोरेशन (एईबीसी) ने संजय खन्ना को अपनी भारतीय इकाई एईबीसी इंडिया का मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और क्षेत्रीय प्रबंधक नियुक्त किया है। कंपनी ने कहा कि खन्ना देश की कार्यकारी टीम के प्रमुख होंगे और संगठन की उपभोक्ता तथा वाणिज्यिक इकाइयों की वृद्धि को गति देने के लिये जिम्मेदार होंगे। अपनी नई भूमिका में, खन्ना अमेरिकन एक्सप्रेस के लिए कई व्यावसायिक विकास पहलों का नेतृत्व करेंगे, जबकि भारत में अपने विविध व्यवसायों में सहयोग करते हुए, अपनी स्थिति को जोड़ना देश में कंपनी के रणनीतिक फोकस को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण होगा। (Click here to read the article)

- वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी का फिर से भारत का अटॉर्नी जनरल बनना तय है। वह 1 अक्टूबर से देश के सबसे बड़े कानून अधिकारी रूप में अपना दूसरा कार्यकाल शुरू करने वाले हैं। मौजूदा अटॉर्नी जनरल के.के. वेणुगोपाल का कार्यकाल 30 सितंबर 2022 को समाप्त हो रहा है। 91 वर्षीय वेणुगोपाल को 30 जून, 2017 को देश के टॉप लॉ अफसर के रूप में नियुक्त किया गया था। वेणुगोपाल ने मुकुल रोहतगी के साल 2017 में अटॉर्नी जनरल पद से इस्तीफा देने के बाद ही ये पद संभाला था। (Click here to read the article)
- संयुक्त अरब अमीरात और एशिया पश्चिम) एमईएनए और (यूएई) स में क्षेत्र (अफ्रीका उत्तरी्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने वाली अग्रणी निजी कंपनी बुर्जील होल्डिंग्स ने अभिनेता शाहरुख खान को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है।संयुक्त अरब अमीरात में स्थित भारतीय उद्यमी डॉ शमशीर वयालिल के स्वामित्व वाली कंपनी बुर्जील होल्डिंग्स और बॉलीवुड सुपरस्टार के बीच इस साझेदारी को इस सप्ताह के शुरू में अबू धाबी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान अंतिम मंजूरी प्रदान की गयी। (Click here to read the article)
- वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) कंपनी भारतपे ने रिजर्व बैंक के पूर्व डिप्टी गवर्नर बी पी कानूनगो और टीएआरआई के संस्थापक कौशिक दत्त को अपने बोर्ड में स्वतंत्र निदेशक के तौर पर शामिल किया है। कंपनी ने बताया कि सख्त कॉरपोरेट मानदंडों तथा पारदर्शिता को मजबूत करने के तहत ये नियुक्तियां की गई हैं। (Click here to read the article)
- बीवीआर सुब्रह्मण्यम संवर्धन व्यापार भारत को (एलएएस) में रूप के निदेशक प्रबंध और अध्यक्ष नए के (आईटीपीओ) संगठन गया किया नियुक्त है। वह एलसी गोयल की जगह लेंगे। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 15 सितंबर को सुब्रह्मण्यम की नियुक्ति को मंजूरी दी। छत्तीसगढ़ कैडर के 1987 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी, वे वर्तमान में वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग के सचिव के रूप में कार्यरत हैं। (Click here to read the article)
- भारतीय रिजर्व बैंक ने तीन साल के लिए CSB बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में प्रलय मंडल की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। वह 17 फरवरी, 2022 से बैंक के उप प्रबंध निदेशक थे, और बाद में उन्हें 1 अप्रैल, 2022 से अंतरिम MD और CEO के रूप में नियुक्त किया गया था। (Click here to read the article)
- ऑटो उद्योग निकाय, सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (SIAM) ने विनोद अग्रवाल को 2022-23 के लिए अपना नया अध्यक्ष चुना है। वोल्वो आयशर कमर्शियल व्हीकल्स के MD और CEO अग्रवाल, मारुति सुजुकी इंडिया के कार्यकारी उपाध्यक्ष केनिची आयुकावा का स्थान लेंगे। SIAM ने टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा को उपाध्यक्ष,और सत्यकाम आर्य डेमलर इंडिया कमर्शियल व्हीकल्स के MD और CEO को कोषाध्यक्ष के रूप में चुना। (Click here to read the article)
- गुजरात कैडर के सेवानिवृत्त अधिकारी भरत लाल को राष्ट्रीय सुशासन केंद्र (NCGG) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। गुजरात कैडर के 1988 बैच के भारतीय वन अधिकारी भरत लाल ने दिल्ली में गुजरात सरकार के रेजिडेंट कमिश्नर के रूप में काम किया था और उन्हें राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी, जो अब प्रधानमंत्री हैं, के करीबी के रूप में जाना जाता है। (Click here to read the article)
- मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (Max Life Insurance Company ) ने क्रिकेटर रोहित शर्मा और उनकी पत्नी रितिका सजदेह को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। कंपनी ने नए एंबेसडर के साथ दो साल की पार्टनरशिप की है। मैक्स लाइफ के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर राहुल तलवार ने कहा कि हमारा मानना है कि इस पार्टनरशिप से लोगों में, खासकर युवा पीढ़ी में लाइफ इंश्योरेंस को लेकर जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलेगी। (Click here to read the article)
- डॉ. राजीव बहल को तीन साल की अवधि के लिए भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिष (ICMR) का महानिदेशक नियुक्त किया गया है। इसके साथ उन्हें स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग का सचिव भी बनाया गया है। बहल वर्तमान में जिनेवा में विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) में मातृ, नवजात शिशु पर शोध प्रमुख एवं किशोर स्वास्थ्य सह-नवजात इकाई के प्रमुख हैं। (Click here to read the article)
- रेलवे के उपक्रम रेलटेल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक का पदभार संजय कुमार ने संभाल लिया है। रेलटेल कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने यह जानकारी दी। इससे पहले वे रेलटेल में ही निदेशक (नेटवर्क प्लानिंग एवं विपणन) थे। उनके पास निदेशक (परियोजना, परिचालन एवं देखरेख) के निदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी था। (Click here to read the article)
- भारत के पूर्व कप्तान दिलीप टिर्की को निर्विरोध हॉकी इंडिया का नया अध्यक्ष चुन लिया गया। हॉकी इंडिया के चुनाव एक अक्टूबर को होने थे लेकिन नतीजे पहले ही घोषित कर दिये गए क्योंकि किसी पद के लिये कोई उम्मीदवार नहीं था। (Click here to read the article)
- दिल्ली स्थित आखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (Delhi AIIMS) के बाल सर्जरी विभाग के प्रोफेसर डॉ. एम श्रीनिवास को दिल्ली एम्स का नया निदेशक बनाया गया है। वे अभी प्रतिनियुक्ति पर ईएसआईसी अस्पताल हैदराबाद में तैनात थे। केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने पांच साल के लिए डॉ. श्रीनिवास को दिल्ली एम्स का नया निदेशक नियुक्त किया है। (Click here to read the article)
- केंद्र सरकार में शीर्ष स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल हुए। इसके तहत वरिष्ठ नौकरशाह राजेंद्र कुमार को कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) का महानिदेशक बनाया गया है। तमिलनाडु कैडर के 1992 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी कुमार इस समय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव के पद पर तैनात हैं। (Click here to read the article)

- NASSCOM द्वारा स्थापित एक प्रमुख उद्योग संगठन, डेटा सिक्योरिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (DSCI) ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनायक गोडसे को पदोन्नत किया और उन्हें संगठन का नया सीईओ नामित किया। विनायक गोडसे राम वेदश्री का स्थान लेंगे, जिन्होंने लगभग छह वर्षों तक भारतीय डेटा सुरक्षा परिषद (DSCI) की देखरेख की। (Click here to read the article)
- एफएमसीजी दिग्गज ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज (Britannia Industries) के मैनेजमेंट में बड़ा बदलाव हुआ है। कंपनी ने अपना नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) नियुक्त किया है और ये जिम्मेदारी रजनीत कोहली (Rajneet Kohli) को मिली है। कोहली 26 सितंबर 2022 अपना पदभार संभालेंगे। (Click here to read the article)
- अग्रणी फिनटेक प्लेटफॉर्म स्टैशफिन ने बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा) विशेषज्ञ और एसबीआई कार्ड्स के पूर्व एमडी और सीईओ विजय जसुजा को गैर-कार्यकारी स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया है। उन्होंने पीएनबी कार्ड्स में निदेशक के रूप में भी काम किया। (Click here to read the article)
- भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) अधिकारी बंडारू विल्सनबाबू को मेडागास्कर गणराज्य में भारत के अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया। बंडारू विल्सनबाबू वर्तमान में विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद पर हैं। यह जानकारी विदेश मंत्रालय की ओर से दी गई है। (Click here to read the article)

## Ranks and Reports

- वर्ष 2021 के दौरान देश में सड़क हादसों में दोपहिया वाहनों ने सबसे ज्यादा 70,000 लोगों की जान ली है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, 2021 में सड़क हादसों में 1,55,622 लोगों की जान चली गई। (Click here to read complete article)
- भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के लिए शेयर मार्केट ठीक साबित नहीं हुआ है। लंबे इंतजार के बाद जब कंपनी शेयर बाजार में उतरी तो आईपीओ (LIC IPO) के बाद डिस्काउंट पर लिस्टिंग हुई। उसके बाद लगातार इसके शेयरों के दाम कम होते गए हैं। इसका असर कंपनी के मार्केट कैप पर भी हुआ है। अब हालात यह है कि एलआईसी मार्केट कैप के लिहाज से देश की 10 सबसे बड़ी लिस्टेड कंपनियों की सूची से बाहर हो गई है। (Click here to read complete article)
- देश में कोरोना महामारी के दौरान किए गए कामकाज की विश्व बैंक ने अपनी रिपोर्ट में तारीफ की है। विश्व बैंक की तरफ से भारत को कोरोना महामारी के दौरान आपातकालीन प्रबंधन और क्षमता बढ़ाने के लिए 11,983 करोड़ रुपये का कर्ज मिला था। रिपोर्ट के मुताबिक शुरुआती दौर में भारत के सामने इस महामारी से निपटने के लिए न तो पूरी तैयारी थी और न ही क्षमता थी लेकिन बेहद कम समय में जिस तरह से भारत इन चुनौतियों का सामना किया वो सराहनीय रहा। (Click here to read complete article)
- भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) अगस्त 2022 के लिए प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग (डीएआरपीजी) द्वारा प्रकाशित रैंकिंग रिपोर्ट में लोक शिकायतों का निवारण करने के मामले में सभी मंत्रालयों/विभागों में शीर्ष पर रहा है। यूआईडीएआई दरअसल केंद्रीकृत लोक शिकायत निवारण और निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस) के माध्यम से प्राप्त मामलों का समाधान करने में शीर्ष पर रहा है। (Click here to read complete article)
- केंद्र की प्रमुख योजना पोषण अभियान को लागू करने करने में बड़े राज्यों में महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और गुजरात अव्वल रहे हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, छोटे राज्यों में बेहतर प्रदर्शन करने वालों में सिक्किम सबसे आगे है। बता दें 'भारत में पोषण के स्तर पर प्रगति का संरक्षण: महामारी के समय में पोषण अभियान' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि 19 बड़े राज्यों में से 12 का क्रियान्वयन अंक 70 प्रतिशत से अधिक है। (Click here to read complete article)
- उत्तर प्रदेश, 9.12 मिलियन मामलों के साथ, डिजिटल इंडिया मिशन के तहत केंद्र सरकार द्वारा प्रबंधित ई-अभियोजन पोर्टल के माध्यम से मामलों के निपटान और प्रविष्टि की संख्या में शीर्ष पर है। अगस्त के अंत तक के आंकड़ों के अनुसार, मध्य प्रदेश 2.31 मिलियन के साथ दूसरे स्थान पर, बिहार 859,000 के साथ, गुजरात 487,000 के साथ और छत्तीसगढ़ 383,000 मामलों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। लगभग 470,000 प्रविष्टियों के साथ इस पोर्टल पर ऑनलाइन मामलों के निपटान में यूपी भी शीर्ष पर है, इसके बाद मध्य प्रदेश के लिए 170,000 और गुजरात के लिए 125,000 है। (Click here to read complete article)
- दिग्गज कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (TCS) भारत का सबसे मूल्यवान (Most Valuable) भारतीय ब्रांड बन गया है। टीसीएस ने पहले इस पायदान पर मौजूद एचडीएफसी बैंक को पीछे छोड़ते हुए यह स्थान प्राप्त किया। मार्केटिंग डेटा और एनालिटिक्स कंपनी, कांतार ने Kantar BrandZ Top 75 Most Valuable Indian Brands 2022 रिपोर्ट जारी की है। इसमें टाटा की कंपनी टॉप पर है। (Click here to read the article)
- पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल पार्क (पीएनएचजेडपी) को देश का सबसे अच्छा चिड़ियाघर घोषित किया गया है, जबकि कोलकाता के अलीपुर जूलॉजिकल गार्डन ने चौथा स्थान हासिल किया है। देशभर में करीब 150 चिड़ियाघर हैं। सूची के अनुसार, चेन्नई में अरिग्नार अन्ना जूलॉजिकल पार्क ने दूसरा स्थान हासिल किया है, इसके बाद कर्नाटक के मैसूर में श्री चामराजेंद्र जूलॉजिकल गार्डन है। (Click here to read the article)

- रेटिंग एजेंसी क्रेडिट सुईस ने ग्लोबल वेल्थ रिपोर्ट जारी की। इसके अनुसार भारत में आय से जुड़े आंकड़ों का अध्ययन करने पर पता चला कि कोरोना काल में देश आर्थिक असमानता काफी बढ़ गई थी। 2020 में यह दर अपने चरम 82.3 फीसदी पर पहुंच गई थी और 2021 तक बरकरार थी। (**Click here to read the article**)
- नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) सांख्यिकीय रिपोर्ट 2020 के अनुसार, भारत की 5 वर्ष से कम आयु में मृत्यु दर 2019 में 35 प्रति 1,000 जीवित जन्मों से घटकर 2020 में 32 प्रति 1,000 जीवित जन्म हो गई है। उत्तर प्रदेश और कर्नाटक में सबसे अधिक गिरावट दर्ज की गई है। (Click here to read the article)
- देश के चुनिंदा शहरों का स्वच्छ वायु सर्वेक्षण होगा। इसमें 131 ऐसे शहरों को शामिल किया गया है, जो राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम गुणवत्ता वायु अपनी ही से पहले लिए के (एनसीएपी) पर काम कर रहे हैं। यह सर्वे पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मार्गदर्शन में स्वच्छ वायु गुणवत्ता आयोग द्वारा तय मानकों के अनुसार होगा। (Click here to read the article)
- दिग्गज ब्रोकरेज फर्म जीरोधा (Zerodha) के को-फाउंडर निखिल कामत ने अमीरों की एक सूची में बाजी मारी है। इस सूची में 40 साल की उम्र से कम के ऐसे लोगों को रखा गया है जो पहली पीढ़ी के अमीर हैं। उनकी संपत्ति 17500 करोड़ रुपये आंकी गई है। (Click here to read the article)
- रिलायंस जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी को टाइम पत्रिका ने टाइम'100 नेक्स्ट में सूची इस वह है। किया शामिल में सूची की ' हालांकि हैं। भारतीय एकमात्र शामिल, सूची में सोशल मीडिया मंच ओनलीफैन्स की भारतीय मूल की मुख्य कार्यपालक अधिकारी है। गया दिया स्थान भी को गन आम्रपाली (सीईओ) (Click here to read the article)
- लिंक्डइन ने हाल ही में भारत के शीर्ष 25 स्टार्टअप की सूची जारी की है। इन कंपनियों ने अनिश्चित बाजार के माहौल में जुझारू क्षमता दिखाई है और इस साल लगातार नवोन्मेषण को आगे बढ़ाया है। इस साल की सूची में सबसे ऊपर यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) 'क्रेड' है। (Click here to read the article)




## Sports Current Affairs

- भारतीय स्प्रिंटर अमलान बोरगोहेन ने उत्तर प्रदेश के रायबरेली में आयोजित इंटर-रेलवे एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की 100 मीटर रेस में 10.25 सेकेंड के समय के साथ एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किया है। अमलान बोरगोहेन ने 2016 में अमिय कुमार मलिक द्वारा बनाए गए 10.26 सेकेंड के पिछले रिकॉर्ड को 0.01 सेकेंड से बेहतर किया है। (Click here to read complete article)
- न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर कॉलिन डी ग्रैंडहोम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। डी ग्रैंडहोम ने इस सप्ताह अपने फैसले को लेकर न्यूजीलैंड क्रिकेट से बातचीत की थी जो उन्हें केंद्रीय अनुबंध से मुक्त करने पर तैयार हो गया था। जिंबाब्वे में जन्मे डी ग्रैंडहोम ने कहा कि इस फैसले के पीछे उनकी चोट और तीनों प्रारूपों में बढ़ती प्रतिस्पर्धा के अलावा कई अन्य कारण हैं। (Click here to read complete article)
- भारत में होने वाले आगामी अंडर-17 महिला विश्व फुटबॉल कप में वीडियो सहायक रैफरी (वीएआर) तकनीक आयु वर्ग की इस शीर्ष प्रतियोगिता में पदार्पण करेगी। विश्व फुटबॉल की संचालन संस्था फीफा ने यह जानकारी दी। फीफा ने बयान में कहा कि यह प्रतियोगिता नियुक्त किए गए वीएआर के कौशल को परखने और हमारी महिला वीएआर के विकास को जारी रखने का एक और शानदार मौका होगा। यह रोड टू आस्ट्रेलिया/न्यूजीलैंड 2023 परियोजना का हिस्सा है। (Click here to read complete article)
- अपेक्षा फर्नांडीस विश्व जूनियर तैराकी चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बन गई हैं। वह पेरू के लीमा में चल रही प्रतियोगिता में महिलाओं की 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा के फाइनल में आठवें स्थान पर रहीं। इस 17 वर्षीय भारतीय तैराक ने बुधवार को फाइनल में दो मिनट 19.14 सेकंड का समय निकाला और वह आठ तैराकों में अंतिम स्थान पर रही। (**Click here to read complete article**)
- फॉर्मूला वन चैम्पियनशिप में शीर्ष पर चल रहे मैक्स वर्स्टापेन ने डच ग्रां प्री जीती। यह उनकी लगातार चौथी जीत है जो उनके फॉर्मूला वन करियर में पहली बार हुआ है। वर्स्टापेन की यह 10वीं जीत थी जिससे रेड बुल के ड्राइवर ने चैम्पियनशिप में बढ़त 109 अंक की कर ली है। (Click here to read complete article)
- ग्रैंडमास्टर अरविंद चिताम्बरम 22वें दुबई ओपन शतरंज टूर्नामेंट में 7.5 अंक हासिल कर चैम्पियन बने जबकि सात भारतीय शीर्ष 10 में शामिल रहे और आर प्रागनानंद पांच अन्य के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। चिताम्बरम और प्रागनानंद ने नौंवे और अंतिम दौर में ड्रा खेला, इससे चिताम्बरम अन्य सभी से आधे अंक आगे रहे। (Click here to read complete article)

- बांग्लादेश क्रिकेट टीम के विकेटकीपर-बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम ने क्रिकेट के लंबे प्रारूपों पर ध्यान देने के लिए टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। हालांकि फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलना जारी रखना चाहते हैं। एशिया कप 2022 में बांग्लादेश की टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था और वो जल्दी ही बाहर हो गई थी और इसके ठीक बाद रहीम ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी। (Click here to read complete article)
- पूर्व भारतीय बल्लेबाज सुरेश रैना ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की जिससे वह विदेशों में होने वाली टी20 लीग में खेलने के लिए योग्य हो गए हैं। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी ने 15 अगस्त 2020 को महेंद्र सिंह धोनी के संन्यास लेने की घोषणा करने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। (Click here to read complete article)
- छह साल की अनिष्का बियानी ने कुआलालंपुर में मलेशिया आयु वर्ग रेपिड शतरंज चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। धीरूबाई अंबानी स्कूल की पहली कक्षा की छात्रा अनिष्का ने लड़कियों के अंडर-छह ओपन वर्ग में संभावित छह में से चार अंक जुटाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता में आठ देशों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। (Click here to read complete article)
- मास्टरकार्ड भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के स्वदेश में होने वाले सभी अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों और घरेलू प्रतियोगिताओं का टाइटिल प्रायोजक होगा। बता दें, मास्टरकार्ड मोबाइल भुगतान ऐप कंपनी पेटीएम की जगह लेगा। मास्टरकार्ड ने बीसीसीआई के 2022-23 सत्र के लिए 1 साल का स्पॉन्सर करार किया है। अब आने वाले मैचों में पेटीएम की बजाय बतौर प्रायोजक मास्टर कार्ड टीम इंडिया की सीरीज में दिखाई देगी। (Click here to read complete article)
- जापान के केंटा निशिमोटो और अकाने यामागूची ने जापान ओपन 2022 के पुरुष और महिला एकल खिताब अपने नाम किये। विश्व रैंकिंग के नंबर 21 निशिमोटो ने पुरुष एकल फाइनल में ताइवान के चौथी सीड चोऊ तिएन-चेन को 21-19, 21-23, 21-17 से हराकर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट जीता। (Click here to read complete article)
- नीरज चोपड़ा ने ज्यूरिख में डायमंड लीग फाइनल में पहला स्थान हासिल करते हुए इतिहास रच दिया। नीरज चोपड़ा डायमंड लीग ट्रॉफी जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। उन्होंने 88.44 मीटर भाला फेंक चेक गणराज्य के जैकब वादलेच्चो को पछाड़ा। उन्होंने पांचवें प्रयास में 86.94 मीटर भाला फेंका। (Click here to read complete article)
- ऑस्ट्रेलिया के कप्तान एरोन फिंच ने वनडे क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ 11 सितम्बर को वह अपना आखिरी वनडे मैच खेलेंगे। ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए 145 वनडे मैच खेलने वाले एरोन फिंच इस फॉर्मेट में खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। पिछली सात पारियों में उनके बल्ले से केवल 26 रन निकले हैं। (Click here to read complete article)
- सिक्किम पहली बार दिसंबर में रणजी ट्रॉफी मैचों की मेजबानी करेगा। रंगपो के पास माइनिंग क्रिकेट मैदान में राज्य तीन पूर्वोत्तर टीमों मिजोरम, मणिपुर और अरुणाचल प्रदेश का स्वागत करेगा। सिक्किम ने पहले अन्य राज्यों में गोद लिए गए घरेलू स्थानों पर प्रथम श्रेणी मैचों की मेजबानी की है। जबकि राज्य की टीम ने तटस्थ स्थानों पर रणजी मैच भी खेले हैं। (Click here to read the article)
- एशिया कप में शानदार प्रदर्शन के बाद अब विराट कोहली के लिए एक शानदार खबर सामने आई और अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर पर उनके फॉलोअर्स की संख्या 50 मीलियन के पार हो गई। कोहली दुनिया के पहले ऐसे क्रिकेटर बन गए हैं जिनके ट्विटर पर फॉलोअर्स की संख्या 50 मीलियन हो गई। विराट कोहली ने एशिया कप 2022 में कमाल की वापसी करते हुए ना केवल भारत के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए बल्कि अपनी लय भी हासिल कर ली। (Click here to read the article)
- भारतीय क्रिकेट के बल्लेबाज रोबिन उथप्पा ने 'क्रिकेट भारतीय' के सभी रूपों से संन्यास की घोषणा की। भारत के लिए आखिरी बार उन्होंने साल 2015 में खेला था। उथप्पा ने अपने संन्यास की घोषणा सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से दी।रोबिन उथप्पा ने कहा कि मुझे पेशेवर क्रिकेट खेलना शुरू किए हुए 20 साल हो गए हैं, और अपने देश और राज्य करना प्रतिनिधित्व का (कर्नाटक) देशों अन्य वह ही साथ के घोषणा इस है। रहा सम्मान बड़ा सबसे हैं। योग्य के खेलने में क्रिकेट लीग की (Click here to read the article)
- टेनिस के महान खिलाड़ी रोजर फेडरर ने 15 सितंबर को पेशेवर टेनिस से संन्यास की घोषणा की। 20 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन इस साल लंदन में लेवर कप के बाद संन्यास ले लेंगे। दुनिया में अब तक के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक, फेडरर ने अपने पीछे ऐसी विरासत छोड़ गए हैं जिसको हासिल कर पाना बहुत मुश्किल होगा। (Click here to read the article)
- अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) एलीट पैनल के पूर्व अंपायर पाकिस्तान के असद रऊफ का 14 सितंबर 2022 को कार्डियक अरेस्ट के चलते निधन हो गया। उन्होंने 66 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। लाहौर में 12 मई 1956 को जन्में असद रऊफ ने अपने करियर में 64 टेस्ट मैच में अंपायरिंग की। इसमें 49 में मैदानी अंपायर, जबकि 15 में टीवी अंपायर के रूप में अपनी सेवाएं दीं। (Click here to read the article)
- भारत ने कोलंबो में खेले गए फाइनल में 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे नेपाल को 4-0 से करारी शिकस्त देकर सैफ अंडर-17 (SAFF U-17) फुटबॉल चैंपियनशिप का खिताब बरकरार रखा। भारत की तरफ से बॉबी सिंह, कोरौ सिंह, कप्तान वनलालपेका गुइटे और अमन ने एक-एक गोल किया। नेपाल ने भारत को लीग चरण में 3-1 से हराया था। फाइनल में भारतीय टीम शुरू से ही दबदबा बनाने के लिए बेताब दिखी। (Click here to read the article)

- बेंगलुरु के किशोर शतरंज खिलाड़ी प्रणव आनंद भारत के 76वें ग्रैंड मास्टर बन गए हैं। उन्होंने रोमानिया के मामाइया में चल रही विश्व युवा शतरंज चैंपियनशिप में 2500 ईएलओ रेटिंग की संख्या पार करके यह उपलब्धि हासिल की। इस 15 वर्षीय खिलाड़ी ने ग्रैंड मास्टर उपाधि हासिल करने के लिए बाकी मानदंडों को पहले ही पूरा कर दिया था। (Click here to read the article)
- सुनील छेत्री की अगुवाई वाली बेंगलुरु FC ने कोलकाता में विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में डूरंड कप के 131वें संस्करण के फाइनल में मुंबई सिटी FC को 2-1 से हराया। शिव शक्ति के 10वें मिनट में गोल और एलन कोस्टा की 61वें मिनट की स्ट्राइक बेंगलुरु को ट्रॉफी जीतने में मदद करने के लिए काफी थी। (Click here to read the article)
- भारतीय भालाफेंक खिलाड़ी देवेन्द्र झाझरिया मोरक्को में विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया। पैरा ओलिम्पिक्स के स्वर्ण पदक विजेता देवेन्द्र ने 60 दशमलव नौ-सात मीटर की दूरी पर भाला फेंककर रजत पदक जीता। वे तीन बार के पैरा ओलिम्पिक पदक विजेता हैं। भारत के ही अजित कुमार ने 64 मीटर जेवलिन फेंककर स्वर्ण पदक जीता। (Click here to read the article)
- आईसीसी ने मुख्य कार्यकारी समिति की बैठक के बाद क्रिकेट के कई नियमों में बदलाव किया है। इनमें से नौ बदलाव महत्वपूर्ण हैं, जिनसे खेल पर काफी असर पड़ेगा। ये बदलाव 01 अक्तूबर से लागू होंगे। इसका मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप में भी इन नियमों का पालन किया जाएगा। (Click here to read the article)
- ओलंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट और 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स गोल्ड मेडलिस्ट बजरंग पूनिया ने वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक अपने नाम किया है। यह विश्व कुश्ति चैंपियनशिप में भारत का दूसरा पदक रहा। इससे पहले महिला पहलवान विनेश फोगाट ने कांस्य पदक जीता था। (Click here to read the article)
- चेक गणराज्य की 17 वर्षीय लिंडा फ्रुहविर्टोवा ने चेन्नई ओपन 2022 डब्ल्यूटीए 250 टेनिस एकल जीतने के लिए शानदार वापसी की। लिंडा ने चेन्नई ओपन 2022 का खिताब जीतकर सबको चौंका दिया है। चेक गणराज्य की रहने वाली यंग लिंडा चेन्नई ओपन डब्ल्यूटीए 250 टेनिस टूर्नामेंट के एकल फाइनल में नंबर 3 की खिलाड़ी सीड मैग्डा लिनेट को 4-6 6-3 6-4 से हराकर अपना पहला टूर खिताब जीता है। (Click here to read the article)
- इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि अगले साल आयोजित होने वाला आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल किस मैदान पर खेला जाएगा। आईसीसी ने जानकारी देते हुए बताया है कि विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (WTC) 2023 का फाइनल लंदन के ओवल में खेला जाएगा, जबकि 2025 के संस्करण के फाइनल की मेजबानी लॉर्ड्स करेगा। (Click here to read the article)
- भारतीय महिला टीम की दिग्गज झूलन गोस्वामी ने आधिकारिक तौर पर इंटरनेशनल क्रिकेट से अपने संन्यास की घोषणा कर दी है। झूलन ने अपना आखिरी मैच इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेला, जिसमें भारतीय टीम को 16 रन से जीत मिली। इस मैच में झूलन ने 2 विकेट चटकाए थे। झूलन गोस्वामी ने रिटायरमेंट की घोषणा करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। (Click here to read the article)
- कीनिया के दो बार के ओलंपिक चैम्पियन इलियुड किपचोगे ने बर्लिन मैराथन में 2:01:09 का समय निकालकर अपने विश्व रिकॉर्ड में सुधार किया। किपचोगे ने दो घंटे एक मिनट और नौ सेकेंड में मैराथन पूरी की और 2018 में इसी कोर्स पर अपने पिछले 2:01:39 सेकेंड के समय में 30 सेकेंड का सुधार किया। (Click here to read the article)
- दलीप ट्रॉफी के फाइनल मैच के पहली पारी में पिछड़ने के बाद वेस्ट जोन ने शानदार वापसी करते हुए टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। वेस्ट जोन ने फाइनल मैच में साउथ जोन को 294 से करारी शिकस्त दी। मैच में साउथ जोन को 259 रनों का लक्ष्य मिला था, जिसका पीछा करते हुए साउथ जोन की टीम ने खेल के आखिरी दिन 234 रन पर सिमट गई। (Click here to read the article)
- भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी जूलियस बेयर जनरेशन कप ऑनलाइन रैपिड शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे मैच में मैगनस कार्लसन से हार गए। पहला मैच जीतने के बाद नॉर्वे के कार्लसन ने दूसरे मैच में पहले दो गेम जीतकर एरिगेसी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। चार बाजियों का पहला मैच जीतने के बाद कार्लसन को खिताब के लिये सिर्फ ड्रॉ की जरूरत थी। उन्होंने दूसरे मैच के दोनों गेम जीत लिये। (Click here to read the article)
- टीम वर्ल्ड ने टीम यूरोप को हराकर पहली बार लेवर कप 2022 जीता। टीम वर्ल्ड ने टीम यूरोप को 13-8 से हराकर लेवर कप इंडोर टेनिस टूर्नामेंट जीता। टीम वर्ल्ड के फ्रांसेस टियाफो और फेलिक्स ऑगर ने टीम यूरोप के स्टेफानोस सितसिपास और नोवाक जोकोविच को हराकर प्रतियोगिता जीती। (Click here to read the article)



## Summits And Conferences

- दुबई द्वारा आयोजित पहला होम्योपैथी अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन का उद्देश्य चिकित्सा, दवाओं और प्रथाओं की होम्योपैथिक प्रणाली को पढ़ाना और बढ़ावा देना था। बर्नेट होम्योपैथी प्राइवेट लिमिटेड, एक कंपनी जो होम्योपैथिक कमजोर पड़ने, मदर टिंचर, लोअर ट्रिट्यूरेशन टैबलेट, ड्रॉप्स, सिरप, स्किनकेयर, बालों की देखभाल और अन्य होम्योपैथिक उपचार सहित अनूठी दवाओं से संबंधित है, ने शिखर सम्मेलन का आयोजन किया। (Click here to read complete article)
- सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ढांचागत क्षेत्र से जुड़े मुद्दों एवं चुनौतियों पर केंद्रित तीन-दिन के सम्मेलन 'मंथन' का उद्घाटन करेंगे। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, बेंगलुरु में आयोजित होने वाले इस सम्मेलन में सड़कों, नई सामग्रियों एवं तकनीक, सड़क सुरक्षा, वाहन सुरक्षा, वैकल्पिक एवं भविष्योन्मुख आवागमन, बहु-माध्यम लॉजिस्टिक पार्क, पर्वतमाला और डिजिटल हस्तक्षेप से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। (Click here to read complete article)
- कैबिनेट ने हाल ही में शिक्षा मंत्रालय की को योजना "श्री पीएम" अवसर के दिवस शिक्षक ने मोदी नरेन्द्र प्रधानमंत्री है। दी मंज़ूरी नई एक की बनाने स्कूल मॉडल पर 'पीएम श्री' योजना का ऐलान किया था। ये मॉडल स्कूल नया परिवर्तन लाएंगे और आने वाले शिक्षा सुधार का नक्शा इसी से तैयार होगा। प्रधानमंत्री ने कहा था कि पीएमआधुनिक एक का करने प्रदान शिक्षा में स्कूलों श्री-, परिवर्तनकारी और समग्र तरीका होगा और इसमें नवीनतम तकनीक, स्मार्ट कक्षा, खेल और आधुनिक अवसंरचना पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। (Click here to read complete article)
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने टोक्यो में अपने जापानी समकक्ष यासुकाज़ू हमदा के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय मामलों सहित सहयोग के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। द्विपक्षीय वार्ता के दौरान दोनों देशों की वायु सेनाओं के बीच उद्घाटन 'लड़ाकू अभ्यास' आयोजित करने पर सहमत हुए। (Click here to read the article)
- प्रधान मंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में कहा, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो सेंटर और मार्ट में अंतर्राष्ट्रीय डेयरी महासंघ के विश्व डेयरी शिखर सम्मेलन (आईडीएफ डब्ल्यूडीएस) 2022 का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने स्थानीय प्रदर्शनी का भी दौरा किया। रैली में, प्रधान मंत्री ने कहा कि डेयरी क्षेत्र की क्षमता न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देगी, बल्कि दुनिया भर के लाखों लोगों के लिए आजीविका का एक महत्वपूर्ण स्रोत भी होगी। (Click here to read the article)
- प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद में 'केंद्र-राज्य विज्ञान सम्मेलन' का उद्घाटन किया। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम को संबोधित किया, और 'केंद्र-राज्य विज्ञान सम्मेलन' में 'सबका प्रयास' के महत्व पर प्रकाश डाला। भारत चौथी औद्योगिक क्रांति की ओर अग्रसर है, और भारत के विज्ञान और इस क्षेत्र से जुड़े लोगों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने विज्ञान के बुनियादी समाधान, विकास और नवाचार पर जोर दिया। (Click here to read the article)
- मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा साइबर अपराधों को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए पुलिस उप के अधिकारियों जांच वरिष्ठ और निरीक्षकों-जांच अपराध साइबर चौथा लिए के सुधार में क्षमताओं और ज्ञान -सम्मेलन शिखर खुफिया और2022 आयोजित किया जा रहा है। योगेश देशमुख, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय, ने शिखर सम्मेलन के पर्दा उठाने वाले समारोह के दौरान कहा कि 6000 से अधिक लोगों ने भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया था। (Click here to read the article)
- भारत अगले साल दुनिया की 20 (G20) सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। केंद्रीय विदेश मंत्रालय की तरफ से इस बाबत घोषणा की गई है। मंत्रालय के अनुसार भारत अपनी अध्यक्षता में 9 और 10 सितंबर 2023 को नई दिल्ली में जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। **(Click here to read the article)**
- केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह अमेरिका में वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा कार्रवाई मंच की बैठक में हिस्सा लेने वाले संयुक्त मंत्री स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। इस प्रतिनिधिमंडल में ऊर्जा और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह सहित अन्य सदस्य अमेरिका में पेनसिल्वेनिया के पिट्सबर्ग में 21 से 23 सितंबर तक आयोजित होने वाले स्वच्छ ऊर्जा मंत्रिस्तरीय और मिशन इनोवेशन के संयुक्त आयोजन में भी हिस्सा लेंगे। (Click here to read the article)
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के (जेएवाई-पीएम एबी) 4 साल पूरे होने और आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के (एबीडीएम) मंथन आरोग्य दिवसीय दो में उपलक्ष्य के होने पूरे साल एक 2022 कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मंडाविया ने कहा कि देश में 33 राज्योंमें कवरेज इसके में प्रदेशों केंद्रशासित/ 19 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं, और 24 करोड़ से अधिक एबीएचए नंबर भी हैं। (Click here to read the article)
- केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह अगले महीने की 7 तारीख को सिक्किम की राजधानी गंगटोक में पूर्वी और उत्तर पूर्वी-एक इस करेंगे। उद्घाटन का सम्मेलन सहकारी डेयरी के क्षेत्र सम्मे दिवसीयलन का आयोजन भारतीय राष्ट्रीय सहकारी डेयरी संघआई एफ डी सी एन जाएगा। किया द्वारा आई एफ डी सी एन-दी जानकारी यह में विज्ञप्ति प्रेस एक ने राय जीत मंगल अध्यक्ष के है। **(Click here to read the article)**

- केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री, जी किशन रेड्डी ने दो दिवसीय आभासी सम्मेलन का 'सिम्फोने' शुभारंभ किया। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर पूर्वोत्तर क्षेत्र के विकास मंत्रालय द्वारा 24 और 27 सितंबर 2022 को वर्चुअल सम्मेलन का 'सिम्फोने' व्यंजनों लाजवाब भारत पूर्वी उत्तर है। रहा जा किया आयोजन, संस्कृति, अद्भुत परिदृश्य, विरासत और वास्तुकला से परिपूर्ण है और धरती पर सबसे खूबसूरत स्थानों में से एक है। (Click here to read the article)
- केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 27 सितंबर 2022 को नई दिल्ली में 13वें फिक्की वैश्विक कौशल शिखर सम्मेलन 2022 का उद्घाटन किया। केंद्रीय शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री द्वारा 13वें फिक्की ग्लोबल स्किल्स समिट 2022 (13th FICCI Global Skills Summit 2022), को साथ के विषय "हैपन इट मेकिंग – एम्प्लॉयबिलिटी टू एजुकेशन", नई दिल्ली में शुभारम्भ किया गया। (Click here to read the article)

## Awards & Recognition

- आवास, शहरी मामलों और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री, हरदीप सिंह पुरी ने स्मार्ट समाधान चुनौती और समावेशी शहर पुरस्कार 2022 प्रस्तुत किए। ये पुरस्कार भारत में शहरी मामलों के राष्ट्रीय संस्थान (एनआईयूए) और संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की एक पहल है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स (एनआईयूए) और संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने भारत में दिव्यांगों (पीडब्ल्यूडी), महिलाओं, लड़कियों और बुजुर्गों के सामने आने वाली शहरी स्तर पर सुलभता तथा समावेशन से जुड़ी चुनौतियों के समाधान के लिए इन पुरस्कारों की शुरुआत की है। (Click here to read complete article)
- पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने नेटफ्लिक्स डॉक्यूमेंट्री 'अवर ग्रेट नेशनल पार्क्स' में आवाज देने हेतु सर्वश्रेष्ठ नैरेटर का एमी पुरस्कार जीता है। पांच हिस्सों में विभाजित इस डॉक्यूमेंट्री में दुनिया के प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यानों को दिखाया गया है। डॉक्यूमेंट्री का निर्माण बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा की कंपनी हायर ग्राउंड ने किया है। (Click here to read complete article)
- भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिक्षक दिवस के मौके पर पूरे भारत के 46 असाधारण शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार 2022 से सम्मानित किया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार तेलंगाना, महाराष्ट्र, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और पंजाब सहित विभिन्न राज्यों के शिक्षकों को दिया गया। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित एक समारोह में शिक्षकों को पुरस्कार दिए गए। इसके बाद पीएम मोदी ने भी इन शिक्षकों से बातचीत की। (Click here to read complete article)
- तेलुगु लेखक और अभिनेता, तनिकेला भरणी को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम के कलाभारती सभागार में आयोजित एक पुरस्कार समारोह में लोकनायक फाउंडेशन (18वें लोकनायक फाउंडेशन पुरस्कार) के वार्षिक साहित्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मिजोरम के राज्यपाल, कंभमपति हरिबाबू, जिन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया, ने अभिनेता मांचू मोहन बाबू और अन्य के साथ तनिकेला भरानिया को पुरस्कार से सम्मानित किया। सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश जस्टिस चेलमेश्वर भी मौजूद थे। (Click here to read complete article)
- पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि यात्रा लेखकों के एक वैश्विक संगठन ने राज्य को "संस्कृति के लिए सर्वश्रेष्ठ गंतव्य" घोषित किया है। बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल को इसके लिए नौ मार्च, 2023 को बर्लिन में 'वर्ल्ड टूरिज्म एंड एविएशन लीडर्स समिट' में सम्मानित किया जाएगा। (Click here to read complete article)
- सिंगापुर गणराज्य की राष्ट्रपति महामहिम मैडम हलीमा याकूब ने भारतीय नौसेना के पूर्व चीफ ऑफ नेवल स्टाफ एडमिरल सुनील लांबा (सेवानिवृत्त) को प्रतिष्ठित पिंगट जसा जेमिलंग (टेंटेरा) [मेधावी सेवा पदक] से सम्मानित किया। सिंगापुर के रक्षा मंत्री डॉ एनजी इंग हेन ने 08 सितंबर 2022 को सिंगापुर रक्षा मंत्रालय में आयोजित एक भव्य अलंकरण समारोह में राष्ट्रपति की ओर से एडमिरल सुनील लांबा (सेवानिवृत्त) को पुरस्कार प्रदान किया। (Click here to read complete article)
- केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के 53,021 छात्रों को वित्तीय सहायता के साथ 60 स्टार्टअप को INSPIRE पुरस्कार प्रदान किए हैं। यह पुरस्कार भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST) द्वारा स्थापित किया गया है, और इन नवप्रवर्तकों को उनकी उद्यमिता यात्रा के लिए पूर्ण इन्क्यूबेशन सहायता प्रदान की जाएगी। (Click here to read the article)
- गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड (GRSE), कोलकाता को गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। GRSE को वर्ष 2021-22 के लिए क्षेत्र 'C' में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के तहत आधिकारिक भाषा के सर्वोत्तम कार्यान्वयन के लिए भारत सरकार द्वारा सम्मानित किया गया था। (Click here to read the article)
- प्रमुख भारतीय वैज्ञानिक और उद्योगपति डॉ स्वाति पीरामल को व्यापार और उद्योग, विज्ञान, चिकित्सा के क्षेत्र में उनके योगदान और भारत-फ्रांस संबंधों को मजबूत करने हेतु फ्रांस के शीर्ष नागरिक सम्मान से सम्मानित किया गया है। 66 वर्षीय पीरामल फार्मास्यूटिकल्स, वित्तीय सेवाओं, रियल एस्टेट और ग्लास पैकेजिंग वाले व्यवसाय समूह पिरामल समूह के उपाध्यक्ष हैं। (Click here to read the article)
- सिनेमा के सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार ऑस्कर अवार्ड के 2023 के लिए नॉमिनेशन चल रहे हैं। इस साल के ऑस्कर के लिए भारत की एक फिल्म को नामांकित हुई है। ऑस्कर 2023 के लिए निर्देशक पैन नलिन की गुजराती फिल्म 'छेलो शो' (द लास्ट फिल्म शो) को भारत की ओर से आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में भेजने का फैसला किया गया है। (Click here to read the article)

- 29 वर्षीय अभिनेत्री आलिया भट्ट को प्रतिष्ठित प्रियदर्शनी अकादमी स्मिता पाटिल मेमोरियल अवार्ड में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार दिया गया है। यह पुरस्कार प्रमुख गैर-लाभकारी, सामाजिक-सांस्कृतिक और शैक्षिक संगठन, प्रियदर्शिनी अकादमी की 38 वीं वर्षगांठ समारोह में भारतीय सिनेमा में उनके सराहनीय योगदान के लिए दिया गया है। (Click here to read the article)
- भारत को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत उच्च रक्तचाप को नियंत्रित रखने और रोकने की पहल के लिए संयुक्त राष्ट्र का एक पुरस्कार मिला है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि देश की मौजूदा प्राथमिक स्वास्थ्य प्रणाली में रहकर असाधारण कार्य के लिए भारत उच्च रक्तचाप नियंत्रण पहल (आईएचसीआई) को यह स्वीकृत मिली है। (Click here to read the article)
- कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (CIAL) को एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (ACI) द्वारा एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी (ASQ) अवार्ड 2022 से सम्मानित किया गया है। इस पुरस्कार को वैश्विक विमानन क्षेत्र में सर्वोच्च सम्मान माना जाता है। सीआईएएल ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र में संचालित हवाई अड्डों की 5-15 मिलियन यात्री श्रेणी में पुरस्कार प्राप्त किया। (Click here to read the article)
- भारतीय मूल की ब्रिटेन की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन को लंदन में एक समारोह के दौरान पहली बार महारानी एलिजाबेथ द्वितीय (Queen Elizabeth II) वुमन ऑफ द ईयर (Woman of the Year) पुरस्कार के विजेता के रूप में नामित किया गया है। सुएला को इस माह ब्रिटिश प्रधान मंत्री लिज ट्रस ने अपने कैबिनेट में शामिल किया था। (Click here to read the article)
- यूपी को 'आरोग्य मंथन कार्यक्रम' में 'आयुष्मान उत्कृष्ट पुरस्कार-2022' से सम्मानित किया गया है। नेशनल हेल्थ फैसिलिटी रजिस्टर में विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं को जोड़ने के लिए यूपी को राष्ट्रीय स्तर पर यह सम्मान मिला है। इस रजिस्टर में 28,728 स्वास्थ्य सुविधाओं को जोड़ने के साथ उत्तर प्रदेश, देश में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला राज्य हो गया है। (Click here to read the article)

## Important Days

- हर साल 2 सितंबर को पूरी दुनिया में विश्व नारियल दिवस मनाया जाता है। प्रकृति के सबसे बहुमुखी उत्पादों में से एक, नारियल का इस्तेमाल खाने-पीने और कॉस्मेटिक से लेकर सजावट तक हर चीज में किया जाता है। नारियल का इस्तेमाल कई भारतीय और विदेशी व्यंजनों में किया जाता है। **(Click here to read complete article)**
- अंतर्राष्ट्रीय चैरिटी दिवस (The International Day of Charity) 05 सितंबर को प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इस दिन को स्वयंसेवी और लोक-हितैषी कार्यक्रमों के माध्यम से दूसरों की मदद करने के लिए दुनिया भर के लोगों, गैर सरकारी संगठनों और हितधारकों को संवेदनशील बनाने और जुटाने के लिए मनाया जाता है। साथ ही यह दिन मानवीय संकटों और राष्ट्रों के भीतर और मानवीय पीड़ा को कम करने में दान द्वारा निभाई जाने भूमिका को भी चिन्हित करने के लिए मनाया जाता है। (Click here to read complete article)
- हर साल 07 सितंबर को साफ हवा और नीले आसमान को समर्पित अंतर्राष्ट्रीय दिवस के तौर पर मनाया जाता है। बता दें 07 सितंबर को विश्व स्तर पर वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए कार्यों को बढ़ावा देने और कार्रवाई को तेज करने के लिए इंटरनेशनल डे ऑफ क्लीन एयर फॉर ब्लू स्काइज (नीले आसमान लिए अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस) मनाया जाता है। (Click here to read complete article)
- हर साल 08 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जाता है। साक्षरता किसी भी देश के विकास के लिए बहुत जरूरी है। देश के जितने ज्यादा नागरिक साक्षर होंगे, देश उतनी ही उन्नति कर सकता है। साक्षरता के इसी महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया जाता है। **(Click here to read complete article)**
- 9 सितंबर को विश्व स्तर पर शिक्षा को हमले से बचाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया (International Day to Protect Education from Attack) जाता है। साल 2020 में पहली बार शिक्षा को हमले से बचाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाने की घोषणा की गई थी। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों के लिए सुरक्षा और सुरक्षा के स्थानों के रूप में स्कूलों की सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और सार्वजनिक एजेंडे के शीर्ष पर शिक्षा को बनाए रखने की आवश्यकता है। (Click here to read complete article)
- विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस (World Suicide Prevention Day) प्रत्येक वर्ष 10 सितंबर मनाया जाता है। आत्महत्या को रोकने के कई तरीकों को उजागर करने के लिए प्रतिवर्ष यह दिवस मनाया जाता है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक हर वर्ष लगभग आठ लाख लोग आत्महत्या की वजह से अपनी जिंदगी ख़त्म कर देते हैं। इनमें से आत्महत्या के ज्यादातर मामले 15 से 29 वर्ष के लोगों के सामने आते हैं। जिनमें अधिकतर सुसाइड केस अविकसित और विकासशील देशों में देखने को मिलते हैं। (Click here to read complete article)
- हिमालयी पारिस्थितिकी तंत्र और क्षेत्र को संरक्षित करने के उद्देश्य से हर साल 9 सितंबर को हिमालय दिवस (Himalaya Day) मनाया जाता है। आम जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने और संरक्षण गतिविधियों में सामुदायिक भागीदारी लाने के लिए हिमालय दिवस भी एक उत्कृष्ट दिन है। **(Click here to read complete article)**
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने ऑस्ट्रिया के वरिष्ठ राजनयिक वोल्कर टर्क को वैश्विक निकाय का मानवाधिकार प्रमुख नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति ऐसे समय हुई है, जब संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग ने चीन में मुस्लिम अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। टर्क ने इस पद पर आसीन रहीं मिशेल बाचेलेट (Michelle Bachelet) का स्थान ग्रहण किया है। (Click here to read complete article)
- संयुक्त राष्ट्र द्वारा हर साल 12 सितंबर को दक्षिण-दक्षिण सहयोग के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस (International Day for South-South Cooperation) मनाया जाता है। यह दिन विकासशील देशों के बीच सहयोग के लिए संयुक्त राष्ट्र द्वारा किए गए प्रयासों पर प्रकाश डालता है। (Click here to read the article)

- राष्ट्रीय वन शहीद दिवस 11 सितंबर को मनाया जाता है। यह दिन उन लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है जिन्होंने पूरे भारत में जंगलों और वन्यजीवों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। इस दिन वन रक्षकों, कर्मचारियों और अधिकारियों के बलिदान को याद करने के लिए मनाया जाता है। (Click here to read the article)
- हर साल सितंबर के दूसरे शनिवार को दुनिया भर में चोटों को रोकने और जीवन को बचाने में प्राथमिक चिकित्सा के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने करने के लिए विश्व प्राथमिक उपचार दिवस मनाया जाता है। यह दिन एक वार्षिक अभियान है जिसका उद्देश्य प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण के महत्व को बढ़ावा देना और संकट में अधिक लोगों की जान बचाने के लिए इसकी पहुंच को बढ़ाना है। **(**Click here to read the article**)**
- भारत में हर साल 15 सितंबर को अभियंता दिवस (इंजीनियर्स डे) के रूप में मनाया जाता है। इस खास दिन को देश और दुनिया में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे Engineer's के काम को सरहाने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। दरअसल, यह दिवस विश्वभर के इंजीनियरों को प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है। (Click here to read the article)
- हर वर्ष 15 सितंबर को अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस मनाया जाता है। अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस में लोगों के बारे में और लोगों के लिए लोकतंत्र की महत्ता याद कराने का अवसर देता है। लोकतंत्र दिवस का मुख्य उद्देश्य पूरे विश्व में लोकतंत्र को बढ़ावा देना है। अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र दिवस मनुष्यों के मूल अधिकारों की सुरक्षा और प्रभावी समर्थन को याद कराने का एक महत्वपूर्ण दिन है। (Click here to read the article)
- विश्व लिंफोमा जागरूकता दिवस (World Lymphoma Awareness Day) प्रत्येक साल 15 सितंबर को विश्व स्तर पर मनाया जाता है। यह दिन लिंफोमा के बारे में जागरूकता बढ़ाने और लिंफोमा के विभिन्न रूपों से पीड़ित रोगियों और देखभाल करने वालों के सामने आने वाली विशेष भावनात्मक और मनोसामाजिक चुनौतियों हेतु समर्पित है। इस दौरान लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक किया जाएगा। (Click here to read the article)
- हर साल 16 सितंबर का दिन पूरी दुनिया में ओजोन दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन खासतौर पर सभी देशों को हमारी ओजोन लेयर को बचाने के लिए ध्यान खींचने के लिए मनाया जाता है। इस दिन लोगों को पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूक किया जाता है। ओजोन, ग्रह के लिए एक प्रकार की ढाल की तरह काम करती है, जो इकोलॉजी को बचाने का काम करती है। (Click here to read the article)
- हर साल 17 सितंबर को विश्व रोगी सुरक्षा दिवस (World Patient Safety Day) मनाया जाता है। यह दिवस रोगियों, परिवारों, देखभाल करने वालों, समुदायों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्य देखभाल नेताओं और नीति निर्माताओं को रोगी सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाने के लिए एक साथ लाता है। **(**Click here to read the article**)**
- अंतर्राष्ट्रीय समान वेतन दिवस 18 सितंबर को मनाया जाता है , जो समान मूल्य के काम के लिए समान वेतन की उपलब्धि की दिशा में लंबे समय से किए जा रहे प्रयासों का प्रतिनिधित्व करता है। प्रतीकात्मक दिवस का उद्देश्य लिंग वेतन अंतर से संबंधित मुद्दों को उजागर करना और दुनिया भर में जागरूकता बढ़ाना है। (Click here to read the article)
- हर साल, सितंबर के आखिरी रविवार को समाप्त होने वाले पूरे सप्ताह को बधिरों के अंतर्राष्ट्रीय सप्ताह (International Week of the Deaf – IWD) के रूप में मनाया जाता है। 2022 में, IWD 19 सितंबर से 25 सितंबर 2022 तक मनाया जा रहा है। सितंबर महीने के अंतिम रविवार को विश्व बधिर दिवस या बधिरों का अंतर्राष्ट्रीय दिवस (25 सितंबर, 2022) के रूप में मनाया जाता है। (Click here to read the article)
- अंतरराष्ट्रीय शांति दिवस (World Peace Day) हर वर्ष 21 सितंबर को पूरे विश्व में मनाया जाता है। इस दिन यूनाइटेड नेशनल जनरल असेंबली (UNGA) राष्ट्रों और लोगों के बीच अहिंसा, शांति और युद्धविराम के आदर्शों को बढ़ावा देने के प्रयास करती है। इस वर्ष वर्ल्ड पीस डे की थीम है 'End racism. Build peace.' जिसका अर्थ है 'नस्लवाद खत्म करें. शांति स्थापित करें'। **(**Click here to read the article**)**
- प्रत्येक वर्ष 21 सितंबर को विश्व स्तर पर विश्व अल्जाइमर दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाए जाने का उद्देश्य अल्जाइमर रोग और इससे संबंधित भ्रांतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। पिछले कुछ सालों में अल्जाइमर एक सामान्य बीमारी के रूप में उभर कर सामने आई है। **(**Click here to read the article**)**
- हर साल 22 सितंबर को विश्व स्तर पर विश्व राइनो दिवस मनाया जाता है। यह विशेष दिन राइनो सेसंगठनों संबंधित-, गैर-संगठनों सरकारी, चिड़ियाघरों और इसके सदस्यों को अपने स्वयं के अनूठे तरीकों से राइनो को मनाने का अवसर प्रदान करता है। राइनो की सभी पाँचो प्रजातियों के बारे में जागरूकता फैलाने और उन्हें बचाने के लिये किये जा रहे कार्यों की तरफ ध्यान आकृष्ट करने हेतु यह दिवस मनाया जाता है। **(**Click here to read the article**)**
- दुनियाभर में 22 सितंबर को विश्व गुलाब दिवस (World Rose Day) मनाया जाता है। कैंसर पीड़ितों से मानवीय व्यवहार करने और उनका दुख बांटने के लिए हर साल 22 सितंबर को वर्ल्ड रोज डे मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का खास उद्देश्य ही कैंसर से लड़ने वाले लोगों को जीने की प्रेरणा देना और उनके जीवन में खुशियां लाना है। (Click here to read the article)
- हर साल, 23 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस (International Day of Sign Languages) के रूप में मनाया जाता है। 23 सितंबर के दिन पुरे देश में विश्व स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस मनाया जाता है। दुनिया भर में ऐसे कई लोग है, जो बोल या सुन नहीं सकते है। **(**Click here to read the article**)**

- देशभर में राष्ट्रीय सिनेमा दिवस (National Cinema Day) 23 सितंबर को मनाया गया। आपको बता दें कि पहले राष्ट्रीय सिनेमा दिवस को मनाने की तारीख पहले 16 सितंबर, 2022 को तय की गई थी, लेकिन फिर MIA ने इस तारीख को आगे बढ़ाकर 23 सितंबर कर दिया। पीवीआर, आईनॉक्स, सिनेपोलिस, कार्निवल और डेलाइट सहित देश भर के मल्टीप्लेक्स में 4,000 से अधिक स्क्रीनों ने राष्ट्रीय सिनेमा दिवस को चिह्नित करने के लिए 75 रुपये की "उत्सव प्रवेश कीमत" की पेशकश की है। (Click here to read the article)
- भारत में, पंडित दीनदयाल उपाध्याय (Pandit Deendayal Upadhyaya) की जयंती को चिह्नित करने के लिए हर साल 25 सितंबर को अंत्योदय दिवस (Antyodaya Diwas) मनाया जाता है। अंत्योदय का अर्थ "गरीब से गरीब व्यक्ति का उत्थान" या "अंतिम व्यक्ति का उत्थान" है। **(Click here to read the article)**
- हर साल सितंबर महीने के आखिरी रविवार को 'अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस' (International Daughter's Day) मनाया जाता है। इस साल 26 सितंबर यानी आज Daughters Day मनाया जा रहा है। हर रिश्ते का एक खास दिन मनाया जाता है, ऐसे में आज बेटी दिवस मनाया जा रहा है। इस दिन को मनाने का एक खास उद्देश्य है। (Click here to read the article)
- हर साल 25 सितंबर को दुनियाभर में विश्व फार्मासिस्ट दिवस (World Pharmacists Day) मनाया जाता है। बता दें जब भी कोई व्यक्ति बीमार होता है तो वह डॉक्टर के पास जाता है और डॉक्टर उसे कुछ दवाईयां लिख कर देता हैं, जिन्हें लेने के लिए आपको फार्मासिस्ट के पास जाना पड़ता है। (Click here to read the article)
- संयुक्त राष्ट्र हर साल 26 सितंबर को परमाणु हथियारों के पूर्ण उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस (International Day for the Total Elimination of Nuclear Weapons) के रूप में मनाता है। इस दिन का उद्देश्य परमाणु हथियारों से मानवता के लिए उत्पन्न खतरे और उनके पूर्ण उन्मूलन की आवश्यकता के बारे में जन जागरूकता बढ़ाना है। (Click here to read the article)
- विश्व पर्यटन दिवस 2022 विश्व स्तर पर 27 सितंबर को मनाया जाता है। यह दिन दुनिया के विभिन्न हिस्सों में पर्यटन को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए हर साल मनाया जाता है। इसकी शुरुआत संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन )UNWTO) द्वारा की गई थी। यह पर्यटन को बढ़ावा देने और इसके महत्व को समझने के लिए मनाया जाता है। **(Click here to read the article)**
- विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस हर साल 26 सितंबर को मनाया जाता है। यह दिन दुनिया भर में पर्यावरणीय स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण कार्यों पर प्रकाश डालने के लिए मनाया जाता है। वर्तमान स्थिति में पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि दुनिया के अधिकांश जगहों पर पर्यावरण से जुड़े समस्याएं देखी जा रही है। **(Click here to read the article)**
- हर साल सितंबर महीने के चौथे रविवार को मनाया जाता है। जो इस साल 25 सितंबर को मनाया गया। भारत नदियों की धरती है। मान्यता है कि हिमालय की पहाड़ियों से बहने वाली सिंधु नदी से हमारी सभ्यता की शुरुआत हुई। भारत समेत विश्व के कई देशों में विश्व नदी दिवस मनाया जाता है। **(Click here to read the article)**
- सूचना तक सार्वभौमिक पहुंच के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस (International Day for the Universal Access to Information) (आमतौर पर सूचना तक पहुंच दिवस के रूप में जाना जाता है) हर साल 28 सितंबर को विश्व स्तर पर मनाया जाता है। सूचना तक सार्वभौमिक पहुंच का अर्थ है कि सभी को स्वस्थ और समावेशी ज्ञान समाजों के लिए जानकारी मांगने, प्राप्त करने और प्रदान करने का अधिकार है। (Click here to read the article)
- हर साल विश्व स्तर पर 28 सितंबर को विश्व रेबीज दिवस मनाया जाता है। वर्ल्ड रेबीज दिवस हर साल 28 सितंबर को इस वायरल बीमारी के प्रभाव और इसे रोकने के तरीकों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। यह दिन विश्व स्तर पर फ्रांसीसी जीवविज्ञानी, सूक्ष्म जीवविज्ञानी और रसायनज्ञ, लुई पाश्चर की पुण्यतिथि के मौके पर मनाया जाता है, जिन्होंने पहली रेबीज की वैक्सीन विकसित की थी। **(Click here to read the article)**
- हर साल 29 सितंबर को खाद अपव्यय के मुद्दे को हल करने के वैश्विक प्रभाव प्रयासों को बढ़ावा देने और इसे लागू करने के लिए साल 2020 से लेकर अब तक खाद्य हानि और अपशिष्ट के बारे में जागरूकता का अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने साल 2019 में 29 सितंबर को खाद्य हानि और अपशिष्ट के बारे में जागरूकता के अंतरराष्ट्रीय दिवस को नामित किया था। **(Click here to read the article)**
- हर साल 29 सितंबर का दिन विश्व हृदय दिवस (World Heart Day) के तौर पर मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मकसद है हृदय रोगों के खिलाफ लोगों को जागरूक करना, क्योंकि दुनिया भर में हर साल लाखों लोग हृदय रोग से मर जाते हैं। वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन द्वारा विश्व हृदय दिवस मनाने की शुरुआत हुई। ताकि लोगों को हृदय रोगों के खिलाफ जागरूक किया जा सके। (Click here to read the article)
- प्रत्येक वर्ष सितंबर महीने के अंतिम गुरुवार को विश्व समुद्री दिवस (World Maritime Day) मनाया जाता है। इस वर्ष 29 सितंबर को विश्व समुद्री दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन उस भूमिका को उजागर करता है जो प्रत्येक समुद्री अधिकारी, सेवा एजेंट और नाविक अपने व्यक्तिगत जीवन में निभाते हैं। (Click here to read the article)
- हर साल 30 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय अनुवाद दिवस (International Translation Day) मनाया जाता है। बता दें इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ ट्रांसलेटर्स (FIT) 1953 में स्थापित होने के बाद से इस दिन का आयोजन करता है। इस दिन का उद्देश्य भाषा अनुवाद पेशेवरों के काम का जश्न मनाना है जो संवाद, समझ और सहयोग की सुविधा प्रदान करते हैं, विश्व शांति और सुरक्षा के विकास और मजबूती में योगदान करते हैं। **(Click here to read the article)**

## Defence Current Affairs

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 और 2 सितंबर को कर्नाटक और केरल के दौरे पर रहेंगे। प्रधानमंत्री 1 सितंबर को कोचीन हवाई अड्डे के पास कलाडी गांव में श्री आदि शंकराचार्य के जन्मस्थान का दौरा करेंगे। वहीं 2 सितंबर को प्रधानमंत्री मोदी कोच्चि में कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड में INS विक्रांत के रूप में पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत शुरू कर देश को सौंपेंगे। (Click here to read complete article)
- नेपाल की राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे को नेपाली सेना के जनरल की मानद उपाधि से सम्मानित किया। राष्ट्रपति ने अपने आधिकारिक निवास 'शीतल निवास' में एक विशेष समारोह में जनरल पांडे को मानद उपाधि से सम्मानित किया। जनरल पांडे पांच दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर नेपाल पहुंचे थे। (Click here to read complete article)
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तीन दिनी मंगोलिया और जापान की यात्रा पर हैं। किसी भारतीय रक्षा मंत्री की यह पहली मंगोलिया यात्रा है। उन्होंने इस दौरान मंगोलिया के राष्ट्रपति उखनागिन खुरेलसुख से मुलाकात की। इस मुलाकात में उन्होंने राजनाथ सिंह को मंगोलिया का राजसी घोड़ा भेंट किया। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सात साल पहले मंगोलिया यात्रा के दौरान घोड़ा भेंट किया गया था। (Click here to read complete article)
- भारत ने ओडिशा तट पर चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज से सतह से हवा में मार करने वाली त्वरित प्रतिक्रिया मिसाइल (QRSAM) प्रणाली का परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने बताया कि इस मिसाइल प्रणाली के छह परीक्षण सफलतापूर्वक किए गए है। (Click here to read complete article)
